


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 76 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आषाढ कृ.1 2082 गुरुवार, 12 जून-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


## शुभांशु को अंतरिक्ष ले जाने वाला मिशन चौथी बार टला

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। भारतीय गगनयात्री शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस ले जाने वाला एक्सियम-4 मिशन चौथी बार टाल दिया गया है। इसे आज 11 जून को भारतीय समय अनुसार शाम 5.30 बजे लॉन्च किया जाना था। ऑक्सीजन लीक के कारण इसे टाला गया है। एक्सियम मिशन 4 (Ax-4) में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। शुभांशु आईएसएस पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन यानी, इसरो ने कहा कि फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट की लॉन्चिंग से पहले बूस्टर स्टेज की परफॉर्मेंस चेक की गई।

# तेलंगाना में नए मंत्रियों के विभागों के बंटवारे पर मंथन

## सीएम रेड्डी ने कांग्रेस नेतृत्व से की चर्चा

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने हाल ही में कैबिनेट में शामिल किए गए नए मंत्रियों को विभाग देने के मुद्दे पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से चर्चा की है। सूत्रों के अनुसार, यह बातचीत दिल्ली में उनके तीन दिन के दौरे के दौरान हुई। बता दें कि, रविवार को तेलंगाना मंत्रिमंडल में तीन नए मंत्रियों को शामिल किया गया था, लेकिन अभी तक उन्हें कोई विभाग नहीं सौंपा गया है।



**सीएम रेवंत रेड्डी संभाल रहे 10 से ज्यादा विभाग**

फिलहाल मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी खुद 10 से अधिक अहम विभाग संभाल रहे हैं, जिनमें गृह, कानून, शिक्षा, नगर प्रशासन और शहरी विकास जैसे विभाग शामिल हैं। वहीं नए मंत्रियों को विभाग सौंपे जाने के मामले पर चर्चा करते हुए सीएम रेवंत रेड्डी ने मीडिया से कहा, 'मैं कुछ विभाग दूसरों को सौंप सकता हूं। अगर कोई मंत्री कहता है कि उनके पास ज्यादा जिम्मेदारियां हैं, तो हम विभागों का फिर से बंटवारा कर सकते हैं।'

**रेवंत कैबिनेट में तीन मंत्री पद अभी भी खाली**

तेलंगाना की मौजूदा कैबिनेट में कुल 15 मंत्री हैं। राज्य में अधिकतम 18 मंत्री हो सकते हैं, यानी अब भी तीन पद खाली हैं। सूत्रों का कहना है कि ये तीन पद स्थानीय निकाय चुनावों के बाद भरे जा सकते हैं। बता दें कि, बीते रविवार को राजभवन में कांग्रेस विधायक जी विवेक, ए लक्ष्मण कुमार, वक्ति श्रीहरि ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली। दिसंबर 2023 में रेवंत रेड्डी सरकार के सत्ता में आने के बाद पहली बार कैबिनेट विस्तार किया गया है। तेलंगाना में कांग्रेस सरकार सामाजिक न्याय पर ध्यान केंद्रित किया है। विवेक और लक्ष्मण कुमार क्रमशः एससी (माला) और एससी (मडिगा) समुदायों से आते हैं। जबकि श्रीहरि पिछड़े वर्ग से आने वाले नेता हैं। इसके अलावा रामचंद्र नाइक एसटी समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## पीएम से मिलने वाले मंत्रियों को आरटी-पीसीआर टेस्ट करवाना होगा

**देश में कोरोना के एक्टिव केस 7000 पार, 74 मौतें रोज 350+नए मामले**

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। देश में कोरोनावायरस के केसों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले सभी मंत्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। देशभर में कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या 7121 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 300 से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2223 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1223, दिल्ली में 757 और पश्चिम बंगाल में 747 पॉजिटिव मरीज हैं।

# रेलवे के चार अधिकारी निलंबित

## अमरनाथ यात्रा ड्यूटी पर जा रहे बीएसएफ जवानों को जर्जर ट्रेन देने का मामला

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा ड्यूटी पर जा रहे बीएसएफ के 1200 जवानों को जर्जर ट्रेन देने के मामले में गाज गिर गई है। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को कैबिनेट की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान बताया कि खराब रैक देने के मामले में रेलवे के चार अधिकारी सस्पेंड कर दिए गए हैं। यह स्पेशल ट्रेन छह जून को बीएसएफ जवानों को लेकर त्रिपुरा के उदयपुर रेलवे स्टेशन से जम्मू तवी स्टेशन के लिए रवाना होनी थी। अमर उजाला डॉट कॉम ने मंगलवार को इस खबर को प्रमुखता से 'अमरनाथ यात्रा की ड्यूटी पर जा रहे बीएसएफ के 1200 जवानों को मिली जर्जर ट्रेन, जवानों ने गाड़ी में चढ़ने से किया इनकार' शीर्षक से प्रकाशित किया था।

**जर्जर हालत देखकर जवान दंग रह गए**

बता दें कि बीएसएफ के जवानों को भारतीय रेलवे ने एक ऐसी ट्रेन मुहैया करा दी कि उसकी जर्जर हालत देखकर जवान दंग रह गए। ट्रेन की हालत देखकर ऐसा लग रहा था कि जैसे उसे लंबे समय से इस्तेमाल ही न किया गया हो। खिड़की, दरवाजे, बिजली उपकरण व टॉयलेट, सब जर्जर हालत में थे। बीएसएफ जवानों ने अपने आला अधिकारियों को उक्त घटना से अवगत कराया। चार दिन बाद मंगलवार को एनएफआर जोन ने दूसरी ट्रेन उपलब्ध कराई। बीएसएफ जवानों को अमरनाथ यात्री की ड्यूटी के लिए कश्मीर पहुंचना था। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सीमा सुरक्षा बल 'बीएसएफ' के जवानों की वीरता को खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी माना है। बीएसएफ जवानों ने सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया था। अमित शाह ने जम्मू में बीएसएफ जवानों की पीठ थपथपाते हुए कहा था कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान जब पाकिस्तान ने हमारे नागरिक रियाहशी इलाकों पर हमला किया, तब अकेले बीएसएफ के जम्मू फ्रंटियर ने 118 से ज्यादा पाकिस्तान की पोस्ट तबाह कर दी। उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया गया। दुश्मन की संपूर्ण निगरानी प्रणाली को चुन-चुन कर ध्वस्त किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था, उसे खड़ा करने में दुश्मन को शायद चार-पांच साल का समय लगे।


बीएसएफ आईजी गुवाहाटी फ्रंटियर की ऑपरेशन ब्रांच द्वारा एनएफ रेलवे मालेगांव गुवाहाटी (असम) से एक स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था करने का आग्रह किया गया था। इस गाड़ी में बीएसएफ के लगभग 12 सौ जवान सवार होने थे। इनमें त्रिपुरा फ्रंटियर बीएसएफ की सात कंपनी, गुवाहाटी फ्रंटियर से तीन कंपनियां और एम एंड सी फ्रंटियर की भी तीन कंपनियां शामिल हैं।

# कालेश्वरम परियोजना में अनियमितताओं की जांच तेज

## > न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए पूर्व सीएम केसीआर

हैदराबाद, 11 जून (एजेंसियां)। तेलंगाना में पूर्ववर्ती भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की सरकार के दौरान कालेश्वरम सिंचाई परियोजना में कथित अनियमितताओं की न्यायिक जांच तेज हो गई है। बुधवार को बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव (केसीआर) की न्यायिक आयोग के सामने पेशी हुई। वे सुबह 11 बजे के बाद आयोग के कार्यालय पहुंचे। इस दौरान बीआरएस के कई नेता और कार्यकर्ता बीआरएस भवन में एकत्र हुए। यहां पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे।

आयोग पिछले लगभग एक साल में अनेक इंजीनियरों और अन्य अधिकारियों, विशेषकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों से पूछताछ कर चुकी है। इससे पहले नौ जून को केसीआर के भतीजे और बीआरएस विधायक टी हरीश राव और छह जून को भाजपा सांसद एटाला राजेंद्र से आयोग ने पूछताछ की थी।



**यह भाजपा-कांग्रेस की साजिश : केटीआर**

केसीआर के बेटे केटीआर ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस बीआरएस के खिलाफ साजिश कर रही हैं। राव ने कहा कि राहुल गांधी और भाजपा इसमें साथ हैं। कालेश्वरम ऐसी परियोजना है, जिसमें 100 से अधिक घटक हैं। बैराज में लगे 85 खंभों में से दो क्षतिग्रस्त हुए हैं। मुझे लगता है यह कांग्रेस ने किसी शरारत के तहत किया है। मुझे यह उम्मीद है कि जल्द आयोग और अन्य राजनीतिक दलों को यह लगने लगेगा कि कुछ गलत नहीं हुआ था। तेलंगाना के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने हाल ही में कहा था कि राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण (एनडीएसए) ने एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित कालेश्वरम परियोजना को देश की सबसे बड़ी मानव निर्मित आपदा करार दिया है।

बता दें कि कालेश्वरम परियोजना तत्कालीन अविभाजित आंध्र प्रदेश राज्य द्वारा तैयार की गई डॉ. बी आर अंबेडकर प्राणहिता-चेवेल्ला सुजला श्रवणथी लिफ्ट सिंचाई योजना (पीसीएसएस परियोजना) की एक शाखा है। पिछले साल तेलंगाना की कालेश्वरम परियोजना पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने निराशाजनक रिपोर्ट पेश की थी। इसमें कहा गया है कि यह शुरू से ही आर्थिक रूप से किसी भी काम की नहीं थी। खासकर पिछले साल मेदिगड्डा बैराज के कुछ घाटों के डूबने के बाद कालेश्वरम परियोजना विवादों में घिर गई है।

## राहुल गांधी का पीएम मोदी को लेटर, 2 मांगें उठाईं

### लिखा-दलित, ओबीसी स्टूडेंट्स के हॉस्टल में सुधार हो, स्कॉलरशिप समय पर मिले

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने छात्रों की समस्याओं को लेकर पीएम मोदी को लेटर लिखा। जिसमें राहुल ने हॉस्टल में होने वाली असुविधाओं का जिक्र किया। राहुल ने बताया कि वे पिछले महीने बिहार में अंबेडकर हॉस्टल गए थे, जहां स्टूडेंट ने इन समस्याओं को जिक्र किया था।

राहुल ने इसके अलावा छात्रों को मिलने वाली स्कॉलरशिप का मुद्दा भी उठाया। राहुल ने लिखा कि दलित, एसटी, इकोनॉमिक बैकवर्ड क्लास (ईबीसी), ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के स्टूडेंट को मिलने वाली स्कॉलरशिप में देरी न हो। उन्होंने कहा कि स्कॉलरशिप पाने वाले दलित छात्रों की संख्या लगभग आधी हो गई है। 2023 में ये 1.36 लाख थी, जो 2024 में घटकर 0.69 लाख रह गई है।

# 'जो सबसे सटीक कार्रवाई करता है, वही जीतता है'



## > ऑपरेशन सिंदूर पर बोले वायुसेना के उप प्रमुख

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने एक कार्यक्रम में मौजूदा युद्ध की स्थितियों में सर्विलांस और इलेक्ट्रो-ऑप्टिक सिस्टम के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक बात पूरी तरह से स्पष्ट हो गई कि सबसे पहले, सबसे दूर और सबसे सटीक कार्रवाई करने वाला हमेशा युद्ध में जीतता है।

दिल्ली में सर्विलांस और इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स इंडिया सेमिनार में बोलते हुए एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा कि जब हम आर्मेनिया-अजरबैजान, रूस-यूक्रेन और इस्राइल-हमास के वैश्विक संघर्षों और ऑपरेशन सिंदूर में अपने स्वयं के अनुभवों को देखते हैं तो एक बात बिल्कुल साफ तौर पर सामने आती है कि जो पक्ष पहले कार्रवाई करता है, वह जीतता है। यही सिद्धांत सदियों से सैन्य सोच को दिशा देता रहा है, लेकिन आज के समय में यह अधिक प्रासंगिक हो गया है।

एयर मार्शल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर इन बदलती वास्तविकताओं के अनुकूल ढलने के लिए भारत की तत्परता का प्रदर्शन था। ऑपरेशन सिंदूर से मिले सबक ने सैन्य रणनीतिकारों की उस बात को पुख्ता किया है जिसे वे लंबे समय से समझते आए हैं। आधुनिक युद्ध ने तकनीक की बदौलत दूरी और भेद्यता के बीच के रिश्ते को मौलिक रूप से बदल दिया है। उन्होंने कहा कि युद्ध के मौजूदा सिद्धांतों को चुनौती दी जा रही है और नए सिद्धांत उभर रहे हैं। पहले क्षितिज तत्काल खतरे की सीमा को चिह्नित करता था। आज स्कैल्प, ब्रह्मोस और हैमर जैसे सटीक हथियारों ने भौगोलिक बाधाओं को लगभग निरर्थक बना दिया है, क्योंकि बीवीआर एएएम और सुपरसोनिक एजीएम के साथ हमले आम हो गए हैं।

एयर मार्शल दीक्षित ने कहा कि सर्विलांस और इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स का तेजी से आगे बढ़ता क्षेत्र अब केवल एक परिचालन सक्षमकर्ता नहीं रह गया है, बल्कि समकालीन सैन्य रणनीति का आधार बन गया है। उन्होंने कहा कि जब हथियार सैकड़ों किलोमीटर दूर लक्ष्य पर सटीक निशाना साध सकते हैं, तो सामने, पीछे, पार्श्व युद्ध क्षेत्र और गहराई वाले क्षेत्रों की पारंपरिक अवधारणाएं अप्रासंगिक हो जाती हैं।

## केंद्रीय कैबिनेट मीटिंग में दो मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की कैबिनेट बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि मीटिंग में झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश को कवर करने वाले दो मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। इन प्रोजेक्ट में 133 किमी वाले कोडरमा-बरकाकाना और 185 किमी वाले बल्लारी-चिकजाजुर का डुअल लाइन करना शामिल है। जिनकी लागत 6405 करोड़ रुपये है। इससे पहले 28 मई को हुई मीटिंग में डेवलपमेंट से जुड़े 5 फैसले लिए गए थे। केंद्र सरकार ने 14 फसलों की मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी) बढ़ाई थी। साथ ही केंद्र सरकार ने 2025-26 के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की ब्याज सब्सिडी योजना को जारी रखने का फैसला किया था। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भारतीय रेलवे की दो मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई थी

## 'कोई रियायत नहीं दी जाएगी'

**सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की नाबालिग से दुष्कर्म के दोषियों की अपील**

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के दोषियों की आजीवन कारावास की सजा को चुनौती देने वाली अपील खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है। कोई रियायत नहीं दी जाएगी।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दोषियों संजय पैकरा और पुष्पम यादव की अपील खारिज कर दी। पीठ ने दो दोषियों की अपील खारिज करते हुए कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है।

आपने वैन चालक के साथ मिलकर एक नाबालिग स्कूली छात्रा का अपहरण किया और उसके साथ दुष्कर्म किया। हमें इसमें किसी तरह की रियायत की जरूरत नहीं है। इसे खारिज किया जाता है। पीठ इस दलील से सहमत नहीं हुई कि लड़की की सहमति थी और जब उसे एकांत कारावास में रखा गया था।

# स्पीकर ने शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव किया स्वीकार

## > सीएम पर अपमानजनक टिप्पणी का मामला

कोलकाता, 11 जून (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल विधानसभा में बुधवार को उस वक्त हलचल मच गई जब अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायकों की तरफ से लाया गया विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। अधिकारी पर आरोप है कि उन्होंने विधानसभा से बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ 'झूठे और मानहानिकारक' बयान दिए।



**क्या है पूरा मामला?**

यह विवाद शुभेंदु अधिकारी की तरफ से मीडिया में दिए गए उस बयान को लेकर है जिसमें उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा के भीतर अपने भाषण के दौरान पाकिस्तान की तारीफ की। इसके विरोध में टीएमसी विधायकों ने विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव स्पीकर को सौंपा। प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वालों में वरिष्ठ मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, शोभनदेव चट्टोपाध्याय, अरूप विश्वास, इंद्रनील सेन और निर्मल घोष शामिल हैं। स्पीकर बिमान बनर्जी ने प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए इसे विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया है। समिति अगली विधानसभा सत्र में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। विधानसभा सूत्रों के अनुसार, अगला सत्र सितंबर में हो सकता है।

भाजपा विधायकों ने इस प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा कि शुभेंदु अधिकारी ने जो भी बयान दिया वह सदन के बाहर दिया गया, इसलिए उसे विशेषाधिकार हनन का मामला नहीं माना जा सकता। स्पीकर के फैसले के विरोध में भाजपा विधायकों ने विधानसभा से वॉकआउट (बहिर्गमन) किया। सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा में भाषण के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की पाकिस्तान सीमा पार आतंकवादी ठिकानों पर की गई कार्रवाई की सराहना की थी। हालांकि, उन्होंने पहलगाम (कश्मीर) की घटना को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि केंद्र देशवासियों को सुरक्षा देने में असफल रहा है। सीएम ने यह भी कहा कि भारत के पास पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को वापस लेने का स्वर्णिम अवसर था, लेकिन केंद्र की कूटनीतिक रणनीति कमजोर होने के कारण वह मौका चूक गया।

# खड़गे बोले-मोदी ने 11 साल में 33 गलतियां की

## मैंने अब तक ऐसा पीएम नहीं देखा, वोट के लिए गरीबों-युवाओं को मूर्ख बनाते हैं



नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र में मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल पर सवाल उठाए हैं। खड़गे ने बुधवार को कहा कि बीते 11 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 33 गलतियां की हैं। मैं 65 साल से राजनीति में हूं, लेकिन उनके जैसा झूठ बोलने वाला प्रधानमंत्री कभी नहीं देखा। खड़गे ने कहा, 'हम झूठ बोलते हैं, गलतियां करते हैं, वोट लेने के लिए युवाओं और गरीबों को मूर्ख बनाते हैं। जब हम उनसे सवाल पूछते हैं तो कभी जवाब नहीं देते। वे अपनी गलतियां कभी स्वीकार नहीं करते हैं। वे सिर्फ बोलते रहते हैं।' बता दें कि नरेंद्र मोदी ने 9 जून 2024 को प्रधानमंत्री के तौर पर अपने तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी। मोदी सरकार ने बीते सोमवार को अपने तीसरे कार्यकाल की पहली और कुल मिलाकर 11वीं सालगिरह मनाई। मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी।

**खड़गे ने 9 जून को कहा-समाज में नफरत फैलाने की कोशिश जारी**

कांग्रेस अध्यक्ष ने इससे पहले 9 जून को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट के जरिए मोदी सरकार के 11 सरकार के कार्यकाल पर सवाल उठाए थे। उन्होंने लिखा था, 'पिछले 11 सालों में मोदी सरकार ने भारतीय लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुंचाया है। मोदी सरकार ने संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की स्याही रगड़ने में गंवाए हैं!'

**राहुल बोले-मोदी सरकार 2025 छोड़कर 2047 के सपने बेच रही**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 9 जून को महाराष्ट्र में हुए रेल हादसे को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा, 'जब मोदी सरकार 11 साल की सेवा का जश्न मना रही है, तब देश की हकीकत मुंबई से आ रही दर्दनाक खबर में दिखती है, जहां ट्रेन से गिरकर कई लोगों की मौत हो गई।' राहुल ने X पर लिखा, 'भारतीय रेल करोड़ों की जिंदगी की रीढ़ है, लेकिन आज असुरक्षा, भीड़ और अव्यवस्था की प्रतीक बन चुकी है। मोदी सरकार के 11 साल-न जवाबदेही, न बदलाव, सिर्फ प्रचार। सरकार 2025 पर बात करना छोड़, अब 2047 के सपने बेच रही है।

## 'ये हमारा फैसला नहीं है', कर्नाटक में फिर से जाति जनगणना कराने पर सीएम का चौंकाने वाला बयान



बंगलूरू, 11 जून (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को कहा कि राज्य में जाति जनगणना कराने का फैसला उनकी सरकार का नहीं है बल्कि पार्टी नेतृत्व का है। मीडिया से बात करते हुए सीएम ने कहा कि 'जाति जनगणना को लेकर कुछ शिकायतें मिली हैं। जाति जनगणना को हुए 10 साल बीत चुके हैं और अब यह पुराना हो गया है। ऐसे में जल्द ही फिर से जाति जनगणना कराई जाएगी।' इससे पहले 10 जून को कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि जाति जनगणना फिर से कराई जाएगी क्योंकि कुछ समुदायों ने जाति जनगणना के आंकड़ों पर सवाल उठाए हैं। डीके शिवकुमार ने कहा कि जाति जनगणना के डेटा की सटीकता को लेकर कुछ चिंताएं उभरी हैं, जिसके बाद जाति जनगणना फिर से कराई जाएगी और घर-घर जाकर और ऑनलाइन सर्वे किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से होगी।

शिवकुमार ने बताया कि 12 जून को होने वाली कैबिनेट बैठक में जाति जनगणना की योजना पर चर्चा होगी। उन्होने कहा कि कर्नाटक सरकार सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ये भी कहा कि कर्नाटक सरकार एससी और एसटी समुदाय का बीते दो महीने से सर्वे करा रही है। जाति जनगणना में अभी लंबा समय लगेगा और इस पर अगली कैबिनेट बैठक में फैसला होगा। गौरतलब है कि सिद्धारमैया सरकार में साल 2015 में भी जाति जनगणना कराई गई थी, लेकिन वोक्कालिगा और लिंगायत समुदाय के दबाव में इसकी रिपोर्ट जारी नहीं की गई थी।

## भाजपा सांसद का बेटे के बयान से किनारा

**पिता बोले-महाराष्ट्र सीएम लोगों के सेवक**

मुंबई, 11 जून (एजेंसियां)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद नारायण राणे ने बुधवार को अपने बेटे और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे के बयान से किनारा कर लिया है। दरअसल, नितेश राणे ने 7 जून को कहा था कि देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र में सबके बाप हैं। नारायण राणे ने बेटे के बयान को गलत बताया और कहा कि फडणवीस जनता के सेवक हैं। नारायण राणे ने कहा, 'नितेश ने जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया, वह गलत था। उन्हें बाप शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था। मैंने उन्हें समझा दिया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री किसी के पिता नहीं, बल्कि लोगों के सेवक हैं। इसको लेकर अब कोई विवाद नहीं है।'

## 'मैं तो रॉयल चैलेंज पीता भी नहीं'

**आरसीबी खरीदने के सवाल पर बोले डीके शिवकुमार**



नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। आईपीएल विनर बनने और भगदड़ को लेकर रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) कुछ दिनों से चर्चा में है। लेकिन, हाल ही में एक और मुद्दे की वजह से आरसीबी खबरों में आ गई, जिसमें कहा गया है कि आरसीबी की मालिक कंपनी डियागो टीम को बेचने की योजना बना रही है। साथ ही इसकी वैल्युएशन करीब 2 बिलियन डॉलर होने की बात भी सामने आई थी। इस मामले में कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का नाम भी सामने आया था, जिसके बाद उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने अपने बयान में ऐसी बात कही है, जिसके बाद से इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इस वीडियो में डीके शिवकुमार आरसीबी खरीदने की खबरों का भी खंडन कर रहे हैं और उन्होंने बताया है कि इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है. हालांकि, जब वीडियो में डीके शिवकुमार आरसीबी ना खरीदने की वजहें बताते हैं तो एक ऐसा तर्क भी देते हैं, जिसकी सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है. दरअसल, डीके शिवकुमार इस वीडियो में कहते हैं कि मुझे आरसीबी की जरूरत क्यों है, यहां तक कि मैं तो रॉयल चैलेंज पीता भी नहीं हूं. अब उनकी इस लाइन को लेकर उनकी चर्चा हो रही है और वीडियो को काफी शेयर किया जा रहा है। वीडियो में डीके शिवकुमार आरसीबी खरीदने की खबरों का खंडन करते हुए कह रहे हैं, 'मैं पागल आदमी नहीं हूं. मैं काफी टाइम से कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन का सदस्य हूं। मेरे पास समय भी नहीं है, हालांकि मुझे मैनेजमेंट का हिस्सा बनने के प्रस्ताव मिले थे।

## जिंदा बम मिलने से फैली सनसनी, सेना ने खाली जगह पर किया डिफ्यूज

पठानकोट, 11 जून (एजेंसियां)। भारत-पाक के बीच सीज फायर के बाद भी पठानकोट के मलिकपुर क्षेत्र में झाड़ियों में एक जिंदा बम मिला है। इससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने जैसे ही इस बम को देखा और उसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बम वाले क्षेत्र की घेराबंदी कर तुरंत सेना के बम निरोधक दस्ते को सूचित किया। सेना के जवानों ने मौके पर पहुंचे बम को कब्जे में लेकर बुधवार को सुबह 8:30 बजे के करीब उसे एक खाली जगह पर डिफ्यूज कर दिया है। हालांकि यह घटना देर रात की है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस यह भी पता लग रही है कि उक्त बम कहां से आया और भारत-पाक के बीच हुए युद्ध के थमने के इतने दिनों बाद भी पठानकोट में दोबारा यह बम कैसे पहुंचा।

# उत्तर भारत में झुलसाने वाली गर्मी

## बठिंडा और गंगानगर में 50 डिग्री के करीब पहुंचा तापमान



नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़, बिहार और झारखंड में भीषण गर्मी पड़ रही है। वहीं, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में भी लू जैसी स्थिति देखी जा रही है। पिछले सात दिन में देशभर के तापमान में 8 से 13 डिग्री सेल्सियस तक का इजाफा हुआ है। पंजाब और राजस्थान में अधिकतम तापमान 50 डिग्री के करीब पहुंच गया है।

**बठिंडा देश का सर्वाधिक गर्म स्थान**

मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब का बठिंडा 47.6 के साथ देश में सबसे गर्म रहा। इसके बाद राजस्थान के गंगानगर में 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा कोटा में 46.3, चूरू में 45.5, चित्तौड़गढ़ में 45.4 और बीकानेर में 45.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

**हरियाणा और मध्य प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी**

वहीं, हरियाणा के सिरसा में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री दर्ज किया गया। रोहतक में 46.1, नारनौल में 45.2 डिग्री दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश के नौगांव में 46.1 डिग्री, नर्मदापुरम में 45.9, गुना में 45.4 डिग्री, टीकमगढ़ में 45.2 और सागर में 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**झांसी में दर्ज हुआ यूपी का सर्वाधिक तापमान**

उत्तर प्रदेश के झांसी में राज्य का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। झांसी में 46 डिग्री, औराई 45.2 डिग्री और आगरा में 45.1 डिग्री सेल्सियम दर्ज किया गया। 13 जून से उत्तर-पश्चिम भारत में लू की स्थिति में धीरे-धीरे राहत मिलने की संभावना है।

**दिल्ली में भीषण गर्मी का ऑरेंज अलर्ट**

दिल्ली में भी भीषण गर्मी पड़ रही है। बुधवार को आयानगर में 45.5 डिग्री, पालम 44.6 डिग्री, रिज 45 डिग्री, लोधी रोड 43.6 डिग्री और सफदरजंग में 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में भीषण गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को ऐसा ही मौसम बना रहेगा। हालांकि रात के समय बारिश हो सकती है।

**कब आएगा मानसून**

मौसम विभाग के अनुसार 12 से 15 जून के बीच दक्षिण भारत में तेज मानसूनी बारिश की संभावना है। इसके साथ ही उत्तर भारत में भी मानसून के आने के आसार दिख रहे हैं। दिल्ली में मानसून 28-29 जून तक आने की उम्मीद है। दिल्ली में समय से पहले एक-दो दिन पहले मानसून की एंट्री की संभावना दिख रही है।

## महाकाल मंदिर के पास बेगम बाग इलाके में बुलडोजर एक्शन, कई अवैध बिल्डिंग जमींदोज

उज्जैन, 11 जून (एजेंसियां)। उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के पास बेगमबाग क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस प्रशासन की एक बार फिर बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। दरअसल यहां हरि फाटक ब्रिज के पास महाकाल मंदिर पहुंच मार्ग पर स्थित 7 अवैध बिल्डिंग को जमींदोज किया जा रहा है। सुबह से शुरू हुई कार्रवाई में किसी प्रकार का कोई विरोध प्रदर्शन देखने को नहीं मिला। दरअसल यहां 19 दिन पहले भी इसी प्रकार 5 बिल्डिंग को जमींदोज किया गया था, तब जरूर विरोध हुआ था। आज कार्रवाई शांतिपूर्ण चल रही है। यहां 250 से अधिक पुलिस अधिकारी और जवान तैनात किए गए हैं। जिनमें आईपीएस, एडिशनल एसपी, सीएसपी, टीआई व जवान मौजूद हैं।

## एमपी तुकाराम, तीन विधायकों के ठिकाने पर ईडी ने ली तलाशी

### वाल्मीकि घोटाला मामले में कार्रवाई




बंगलूरू, 11 जून (एजेंसियां)। धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत ईडी ने कांग्रेस सांसद ई तुकाराम और तीन विधायकों से जुड़े परिसरों की तलाशी ली है। कर्नाटक में हुई इस कार्रवाई के बारे में ईडी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि एसटी विकास निगम (केएमवीएसटीडीसी) के खातों से करोड़ों रुपये की धनराशि ट्रांसफर की गई। आरोप के मुताबिक फर्जी संस्थाओं के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग की गई। कर्नाटक पुलिस और सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर ईडी भी प्राथमिकी दर्ज कर पूरे मामले की जांच कर रही है। ईडी ने आरोप लगाया है कि वाल्मीकि फंड से निकाली गई नकदी का इस्तेमाल चुनाव प्रचार के दौरान किया गया। ईडी के मुताबिक साल 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान बेल्लारी निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव को प्रभावित करने के मकसद से पैसे का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया गया। केएमवीएसटीडीसी की स्थापना 19 वर्ष पहले साल 2006 में की गई थी। इसका मकसद केएमवीएसटीडीसी के बैनर तले कर्नाटक में अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाना और समुदाय के लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करना था।

# प्रियंका गांधी छिपा रही अपनी संपत्ति

## वायनाड में जीत अवैध घोषित हो, बीजेपी नेता की याचिका पर कांग्रेस सांसद को कोर्ट का नोटिस



वायनाड, 11 जून (एजेंसियां)। वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को केरल हाई कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। इस नोटिस का कनेक्शन वायनाड जीत से जुड़ा है। दरअसल, उपचुनाव में उनको टक्कर देने वाली बीजेपी की उम्मीदवार नव्या हरिदास ने कोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका में हरिदास ने कांग्रेस सांसद पर आरोप लगाए हैं कि उन्होंने उपचुनाव के दौरान अपनी संपत्ति छिपाई। इसी के साथ हरिदास की मांग है कि प्रियंका गांधी की जीत को अवैध घोषित किया जाए। बीजेपी नेता की तरफ से दायर की गई याचिका पर केरल हाईकोर्ट के जस्टिस के बाबू ने सुनवाई की, जिन्होंने हरिदास के वकील, अधिवक्ता हरि कुमार जी नायर की दलीलों पर विचार करने के बाद प्रियंका गांधी को नोटिस जारी किया।

**याचिका में क्या-क्या कहा गया?**

याचिका में कहा गया है कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने चुनाव में अपने हलफनामे में संपत्ति को छिपाया। प्रियंका गांधी और उनके पति रॉबर्ट वाड्रा की कई अचल संपत्तियों को दबाया गया और इसका खुलासा नहीं किया गया। इसी के आधार पर चुनाव को चुनौती दी गई। इसके अलावा, याचिका के अनुसार, प्रियंका गांधी ने रिटर्निंग ऑफिसर के सामने दायर अपने हलफनामे में कथित तौर पर रॉबर्ट वाड्रा के कई निवेशों और चल संपत्तियों का विवरण छुपाया। मामला अब अगस्त 2025 तक पोस्ट किया गया है। दिसंबर में, हरिदास ने वायनाड लोकसभा उपचुनाव में प्रियंका गांधी की जीत को चुनौती देते हुए 'मतदान रद्द करने' की मांग करते हुए केरल हाई कोर्ट का रुख किया था।

**कांग्रेस ने क्या कहा?**

हालांकि, बीजेपी नेता की तरफ से किए गए दावों को लेकर कांग्रेस ने पहले ही आलोचना की थी। तिवारी ने दिसंबर में कहा था, कुछ लोगों को सस्ता प्रचार करने की आदत होती है। ऐसे ही एक व्यक्ति हैं नव्या हरिदास। प्रियंका गांधी वाड्रा ने 4-5 लाख वोटों के अंतर से चुनाव जीता है। वायनाड में 2024 में उपचुनाव हुए थे। इस उपचुनाव में प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के सत्यन मोकेरी को हराकर वायनाड लोकसभा सीट 4,10,931 वोटों के अंतर से हासिल की। कांग्रेस के गढ़ वायनाड में प्रियंका गांधी, बीजेपी की नव्या हरिदास और सीपीआई के सत्यन मोकेरी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखा गया था। लेकिन बाजी मारने में प्रियंका गांधी कामयाब रही थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वायनाड सीट खाली करने के बाद 13 नवंबर को इस सीट पर उपचुनाव हुआ थे।

## बेंगलुरु से साइको किसर अरेस्ट, सड़कों पर महिलाओं को देख झपट पड़ता था

बेंगलुरु, 11 जून (एजेंसियां)। महिलाओं को उनकी मर्जी के बिना जबरन गले लगाना और किस करना अपराध है। क्या आपने कभी किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में सुना है जो सार्वजनिक स्थानों और पार्कों में महिलाओं को जबरन गले लगाकर और किस करके भाग गया हो। जाहिर है ऐसा होता तो नहीं है, लेकिन अगर हम आपसे कहें कि ऐसा भारत के ही एक राज्य में हुआ है, तो आप हैरान होंगे, लेकिन कर्नाटक के बेंगलुरु में ऐसा हुआ है। यहां एक साइको किसर को पुलिस ने अरेस्ट किया है। ये सड़कों पर महिलाओं को जबरन गले लगाता था और किस करके भाग जाता था। हालांकि अब पुलिस ने इस साइको किसर को गिरफ्तार कर लिया है।

# जलयात्रा के साथ जगन्नाथ रथयात्रा का शुभारंभ



अहमदाबाद, 11 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव शुरू हो चुका है। बुधवार को जल यात्रा के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इसमें बड़ी संख्या में संत, महंत और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 27 जून को निकाली जाएगी। गुजरात पुलिस ने मुख्य रथ यात्रा जुलूस के दौरान भगदड़ जैसी स्थिति को रोकने के लिए कमर कस ली है। ड्रोन और एआई सॉफ्टवेयर के जरिये भीड़ को नियंत्रित किया जाएगा। अहमदाबाद में जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी संत दिलीपदास महाराज ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की जल यात्रा में विभिन्न संतों और धार्मिक नेताओं के साथ अन्य श्रद्धालु पूरी आस्था और खुशी के साथ भाग ले रहे हैं। यात्रा बड़े उत्साह के साथ शुरू हुई है। जल यात्रा के दौरान साबरमती नदी से 108 घड़ों में पवित्र जल भरकर मंदिर लाया जाएगा और जल से भगवान का अभिषेक किया जाएगा। बेंगलूरू समेत अन्य जगहों पर भगदड़ की घटनाओं ने निपटने के लिए पुलिस ने विशेष प्लान बनाया है। सहायक पुलिस आयुक्त भरत पटेल ने कहा कि बेंगलूरू सहित सामूहिक समारोहों से जुड़ी हाल की घटनाओं से संकेत लेते हुए अहमदाबाद अपराध शाखा एक एआई-संचालित सॉफ्टवेयर की मदद लेगी। पुलिस के अनुसार 27 जून को होने वाले भव्य समारोह में 14 से 15 लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। सहायक पुलिस आयुक्त भरत पटेल ने कहा कि एआई प्रणाली के तहत, पुलिस नियंत्रण कक्ष में विजुअल एनालिटिक्स सॉफ्टवेयर यात्रा मार्ग पर तैनात सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से लाइव वीडियो फीड प्राप्त करेगा। इससे अनुमान लगाया जा सकेगा कि उस विशेष स्थान पर कितने लोग मौजूद हैं तथा कितने लोग थोड़े समय में वहां पहुंचने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर लोगों की गिनती करेगा। उस स्थान की अधिकतम क्षमता की गणना करेगा और भविष्य में उस स्थान पर लोगों के आने के बारे में पुलिस को सचेत करेगा। यह प्रणाली हमें समय पर कार्रवाई करने और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल को भेजने और यातायात को डायवर्ट करने में मदद करेगी।

## गोविंदपुरी में भूमिहीन कैंप की झुग्गियों पर चला बुलडोजर



नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। दिल्ली में अवैध झुग्गी झोपड़ी को हटाने का अभियान जारी है। मद्रासी कैंप समेत कई जगहों में झुग्गियों के ध्वस्तीकरण के बाद गोविंदपुरी इलाके के भूमिहीन झुग्गी-झोपड़ी (जेजे) कैंप स्थित झुग्गियों को भी हटाया जा रहा है। भारी पुलिस फोर्स की तैनाती के बाद बुलडोजर के जरिए झुग्गियों को तोड़ा जा रहा है। डीडीए ने पहले नोटिस जारी कर 10 जून तक इस जगह को खाली करने को कहा था। ध्वस्तीकरण को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार विरोध कर रही है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जमीन पर अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है। डीडीए की जमीन पर लोगों ने सालों से अवैध निर्माण कर झुग्गियों और मकान बना लिए थे। कइयों ने दुमंजिला मकान भी बना लिए थे। यहां पर करीब 300 झुग्गियों को गिराया जाएगा। कहा जा रहा है कि पूर्व सीएम और आप नेता आतिशी इस भूमिहीन कैंप में जा सकती हैं। कई नोटिस देने के बाद आज इस इलाके में अवैध निर्माण को गिराया जा रहा है। मौके पर स्थानीय प्रशासन जेसीबी मशीनों और बिजली विभाग के साथ मौजूद है। कानून व्यवस्था को संभालने के लिए पुलिस फोर्स की भी तैनाती की गई है। अवैध निर्माण को हटाए जाने को लेकर डीडीए ने पहले ही 10 जून तक जगह खाली करने का नोटिस जारी कर दिया था। इस बीच डीडीए ने भूमिहीन झुग्गी-झोपड़ी (जेजे) कैंप स्थित मकानों पर फिर से नोटिस लगा दिया है। अतिक्रमण करने वालों को अगले 3 दिनों में जगह खाली करने को कहा गया है। कैंप में अधिकतर निवासी प्रवासी लोग हैं और ये मजदूर हैं। इस कैंप में पहले भी 3 बार ध्वस्तीकरण का अभियान का चलाया जा चुका है। यहां ध्वस्तीकरण अभियान पिछले साल मई और जून के साथ-साथ 2023 के जुलाई में चलाया गया। अधिकारियों के अनुसार, कैंप में रहने वाले सिर्फ 1,862 परिवार ही पात्र पाए गए और उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर सरकारी आवास आवंटित किए गए हैं।

## नवी मुंबई के नर्सिंग कॉलेज के छात्र ने की आत्महत्या कॉलेज प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर

मुंबई, 11 जून (एजेंसियां)। नवी मुंबई स्थित एक नर्सिंग कॉलेज के छात्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि कॉलेज की प्रधानाचार्या ने छात्र को अपमानित किया था और उसके खिलाफ जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया था। पुलिस ने आरोपी प्रधानाचार्या के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्रधानाचार्या पर छात्र को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा है। पुलिस ने बताया कि छात्र ने बीती 3 जून को आत्महत्या की थी। मृतक की माता की शिकायत पर पुलिस ने कॉलेज की प्रधानाचार्या के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मृतक अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखता था और महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर का निवासी था।

# 'परिवार की सहमति से की थी हिंदू महिला से शादी'

## सुप्रीम कोर्ट ने 6 महीने से जेल में बंद मुस्लिम युवक को दी जमानत



नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। कोर्ट ने हिंदू लड़की से पहचान छिपाकर शादी करने वाले आरोपी मुस्लिम युवक को जमानत दे दी है। इस दौरान कोर्ट ने कई अहम टिप्पणी की हैं। कोर्ट ने कहा कि दो लोगों को साथ में रहने पर बस इसलिए नहीं मना किया जा सकता कि क्योंकि वे अलग-अलग धर्मों के हैं। कोर्ट ने हिंदू महिला से शादी करने के 6 महीने बाद मुस्लिम युवक की बेल को मंजूरी दे दी है। युवक 6 महीने से जेल में बंद था।

**कोर्ट ने सुनाया फैसला**

जस्टिस बी.वी.नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी के जरिये दायर अपील पर यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। बता दें कि शख्स ने उत्तराखंड की लड़की से शादी की थी। जिसके बाद फरवरी 2025 में उत्तराखंड हाई कोर्ट ने इस शख्स को जमानत देने से मना कर दिया था। फिर युवक ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

मुस्लिम युवक को उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 2018 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रावधानों के तहत अपनी धार्मिक पहचान छिपाने और हिंदू महिला से धोखाधड़ी कर शादी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अब मुस्लिम युवक पर की गया एक्शन और पेश की घटना की थ्योरी पर तरह-तरह के सवाल खड़े होने लगे हैं। अब इस मामले पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है, कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, राज्य को मुस्लिम युवक और उसकी पत्नी के साथ रहने पर किसी तरह को कोई एतराज नहीं होना चाहिए, खासकर तब जब उनकी शादी उनके माता-पिता और परिवार वालों की मर्जी के हिसाब से हुई हो।

**दोनों परिवारों ने शादी के लिए दी थी अनुमति**

कोर्ट ने आगे अपना फैसला सुनाते हुए यह भी बताया कि यह शादी दोनों परिवारों की सहमति और मौजूदगी में हुई थी। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत में ये भी बताया कि शादी के अगले ही दिन मुस्लिम युवक) ने एक हलफनामा दायर कर दिया था। इसमें उसने साफ तौर पर स्पष्ट किया था कि उसकी पत्नी अपने धर्म का पालन करने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र होगी और वह उसे मजहब बदलने के लिए भी नहीं बोलेगा।

## तुमकुरु को बंगलूरू में शामिल करने की तैयारी

### गृह मंत्री परमेश्वर बोले- प्रस्ताव पर हो रहा विचार



बंगलूरू, 11 जून (एजेंसियां)। कर्नाटक के तुमकुरु जिले को बंगलूरू में शामिल करने की तैयारी हो रही है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बताया कि बंगलूरू को विकास करने के लिए इसका दायरा बढ़ाया जा रहा है। इसका प्रस्ताव बनाकर सरकार को सौंपा भी जा चुका है। इस पर विचार किया जा रहा है। गृह मंत्री परमेश्वर ने कहा कि सरकार ने तुमकुरु को बंगलूरू उत्तर जिला बनाने की तैयारी कर ली है। बंगलूरू को चारों दिशाओं में तुमकुरु, रामनगर, कोलार और चिक्काबल्लापुर तक फैलाने की योजना है। उन्होंने कहा कि तुमकुरु और बंगलूरू उत्तर जिले में अंतर है। बंगलूरू पहले ही नेलमंगला से आगे बढ़ चुका है। यहां से तुमकुरु जिले की दूरी 30 किमी रह जाती है। ऐसे में शहर के क्षेत्र का विस्तार करना फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि बंगलूरू महानगर पालिका क्षेत्र में 14 ग्राम पंचायतों को शामिल करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। भविष्य में तुमकुरु शहर का भी विस्तार किया जाएगा। इससे शहर का तेजी से विकास होगा। तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। सरकार जिलों के विकास पर काफी जोर दे रही है। गृह मंत्री ने कहा कि उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने रामनगर को दक्षिण बंगलूरू जिले का हिस्सा बनाने का प्रस्ताव रखा है। यह काफी अच्छा है। सरकार ने उनकी योजना को मंजूरी दे दी है। बंगलूरू दक्षिण कहते ही रामनगर का स्वरूप बदल जाता है। गृह मंत्री ने केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से तुमकुरु में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्वागत द्वार निर्माण की अनुमति देने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वागत द्वार के लिए स्मार्ट सिटी से पांच करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है।

# अमरनाथ की पवित्र गुफा में हुए बाबा बर्फानी के प्रथम दर्शन





अमरनाथ, 11 जून (एजेंसियां)। भगवान शिव के पूजनीय धार्मिक स्थलों में से एक है। हर वर्ष लाखों भक्त बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए अमरनाथ पहुंचते हैं। यहां भगवान शिव का पवित्र शिवलिंग है, यह शिवलिंग बर्फ से बना है इसलिए इसे हिमलिंग भी कहा जाता है। अमरनाथ गुफा पहलगाम से 34 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। साल 2025 में 11 जून को बाबा अमरनाथ के प्रथम दर्शन किए गए और साथ ही विधिपूर्वक पूजा की गई।

**ज्येष्ठ पूर्णिमा पर हुई अमरनाथ में प्रथम पूजा**

ज्येष्ठ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर अमरनाथ की पवित्र गुफा में भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा की गई। पूजा और अनुष्ठान का आयोजन अमरनाथ श्राइन बोर्ड के द्वारा किया गया था। इस दौरान अमरनाथ में श्राइन बोर्ड के बड़े अधिकारियों ने भी पवित्र अनुष्ठान में हिस्सा लिया। अगस्त के दूसरे सप्ताह तक बाबा अमरनाथ में भक्तों का तांता लगेगा। ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन से सुबह और शाम के समय अमरनाथ की पवित्र गुफा में भगवान शिव की पूजा की जाएगी।

**कब से शुरू होगी यात्रा**

अमरनाथ यात्रा के संबंध में श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा पर प्रथम पूजा के बाद यात्रा से संबंधित प्रक्रिया तेजी से शुरू हो जाएगी। यात्रा की शुरुआत 3 जुलाई से होगी और 38 दिनों तक यह यात्रा चलेगी। 9 अगस्त को अमरनाथ यात्रा का समापन हो जाएगा। पिछले साल लगभग 5 लाख लोगों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए थे। सूत्रों की मानें तो इस वर्ष भी लगभग इतने ही श्रद्धालु अमरनाथ की पवित्र गुफा के दर्शन करने पहुंच सकते हैं।

**बाबा अमरनाथ से जुड़ी धार्मिक मान्यताएं**

अमरनाथ में स्थित बाबा बर्फानी की पवित्र गुफा को लेकर मान्यता है कि यहां शिवजी ने माता पार्वती को अमर होने का रहस्य बताया था। इसलिए इस पवित्र स्थान का नाम अमरनाथ पड़ा। यहां दो कबूतरों ने भी अमर कथा सुनी थी और कहा जाता है कि वो भी अमर हो गए थे। पुराणों में वर्णित है कि अमरनाथ में बाबा बर्फानी के दर्शन करने से काशी में शिवजी के दर्शन से दस गुना और प्रयाग में भोलेबाबा के दर्शन से सौ गुना अधिक पुण्य प्राप्त होता है। वहीं हिंदू मान्यताओं के अनुसार बाबा बर्फानी के दर्शन करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## ड्रग्स सिंडिकेट का पर्दाफाश विशाखापट्टनम से 3 तस्कर गिरफ्तार

विशाखापट्टनम, 11 जून (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ड्रग्स सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने इस कार्रवाई में कई किलो गांजा भी बरामद किया है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में मुख्य सप्लायर को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम से गिरफ्तार किया, जहां पुलिस टीम ने खतरनाक नक्सल प्रभावित इलाकों में ऑपरेशन चलाया। दिल्ली पुलिस की टीम को एक अहम जानकारी मिली कि विशाखापट्टनम से गांजा दिल्ली लाया जा रहा है और डिलीवरी की तैयारी की जा रही है। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने 8 लोगों की एक अहम टीम बनाई और इस कार्रवाई को अंजाम दिया। सुरक्षा एजेंसियों से दी गई इनपुट के आधार पर टीम ने मुकुंदपुर चौक इलाके में जाल बिछाया और 2 आरोपी संजय कतारा और मीना देवी को एक स्कूटर पर गांजा की खेप के साथ गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से प्लास्टिक की थैलियों में बंद कई किलो हाई क्वालिटी का गांजा बरामद हुआ, जो इस गैंग से जुड़े लोगों को देने की तैयारी के लिए किया गया था। पुलिस की पूछताछ में आरोपी संजय कतारा ने खुलासा किया कि वह साल 1985 में ग्रेजुएट हुआ था और जूता कंपनियों में सेल्स मैनेजर के पद पर काम कर चुका था। लेकिन, जल्दी पैसा कमाने की लालच में उसने गांजा तस्करी का धंधा शुरू किया। पहले वह कमीशन एजेंट के तौर पर काम करना शुरू किया, लेकिन अब सीधे विशाखापट्टनम से गांजा मंगवाने लगा था। आरोपी ने पुलिस को गांजे का मुख्य सप्लायर संदीप पल कि भी जानकारी दी। दिल्ली पुलिस को जब इस पूरे मामले में आरोपियों से अहम जानकारी मिली तो दिल्ली पुलिस आरोपी संजय के साथ विशाखापट्टनम के लिए रवाना हो गई। पुलिस की टीम ने आंध्र प्रदेश पुलिस की मदद से करीब 500 किलोमीटर का सफर तय किया।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
गुरुवार, 12 जून, 2025 

# मेरा हैदराबाद

सुविचार: विफलता के साथ ही आगे के नये दरवाज़े खुलते है ।

# मंत्री ने किसानों के साथ खेतों में बीज बोए और चलाया हल



हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले में परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने किसानों के साथ खेतों में बीज बोए और हल चलाया। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने हुस्नाबाद विधानसभा क्षेत्र के पंडिल्ला गांव में एरुवाका पूर्णिमा के अवसर पर हल चलाया। मंत्री ने पंडिल्ला में एरुवाका के अवसर पर मंदाती वेंकट रेड्डी की भूमि को बैलों से जोता और किसानों के साथ मिलकर बीज बोए। इस अवसर पर लाइब्रेरी चेयरमैन लिंगमूर्ति, आरडीओ, कृषि विभाग के अधिकारी, कांग्रेस पार्टी के नेता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंत्री पोन्नम प्रभाकर किसान भाइयों को एरुवाका पूर्णिमा के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि आज किसान हल चलाकर बीज बोएंगे। किसानों को एक भी जमीन छोड़े बिना धान, मक्का, तिलहन और अन्य फसलों की बुवाई करनी चाहिए। किसानों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी जमीन खाली न रहे।

उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को मुफ्त बिजली, सिंचाई पानी, निवेश सहायता और समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है। हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। इस बार अच्छी बारिश और फसल होनी चाहिए। तेलंगाना देश में अपने उत्पादों का निर्यात करने वाला राज्य बनने की आकांक्षा रखता है। इसके लिए किसानों की मेहनत और प्रकृति की जरूरत है। हुस्नाबाद निर्वाचन क्षेत्र के सभी राजनीतिक मित्रों और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कहीं भी खाली जमीन न हो।

जिन लोगों में बीज बोने की ताकत नहीं है, वे हमारे कार्यालय से संपर्क करें। हम बीज उपलब्ध कराएंगे। आप खाली जमीन के बिना फसल उगाएं। पिछले दिनों हुस्नाबाद में तीन दिवसीय रैतु महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस क्षेत्र के किसानों के लिए कृषि पद्धतियों और प्रथाओं पर तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया था। किसानों को फसलों, मशीनीकरण और अन्य मुद्दों पर शिक्षित किया गया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार किसानों की मदद कर रही है। उनको सुविधा दी जा रही है। सरकार कृषि उत्पादन को बढ़ावा दे रही है।

## कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए काम करूंगा: राजगोपाल रेड्डी

हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस विधायक कोमटीरेड्डी राजगोपाल रेड्डी ने तेलंगाना मंत्रिमंडल के विस्तार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हालांकि उन्हें मंत्रिमंडल में कोई पद नहीं मिला, लेकिन वे लोगों के समर्थन से पार्टी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बुधवार को, उन्होंने तेलंगाना मंत्रिमंडल में नवनियुक्त मंत्रियों को बधाई देने के लिए 'एक्स' का सहारा लिया और लोगों की सेवा में उनकी सफलता की कामना की। "भले ही मैं आज मंत्री न हो, लेकिन मैं लोगों के समर्थन से पार्टी को सशक्त बनाने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा। मैं हमेशा उनकी चिंताओं को सुनने, उनके अधिकारों की वकालत करने और यह सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दूंगा कि सरकार में उनकी आवाज सुनी जाए। मेरी राजनीतिक यात्रा यहीं समाप्त नहीं होती है," उन्होंने कहा। राजगोपाल रेड्डी ने कहा, "कभी-कभी, बिना किसी आधिकारिक पद पर रहे लोगों से जुड़ने की क्षमता बहुत प्रभावशाली हो सकती है। यही रास्ता मैंने चुना है।"

# बीआरएस दुर्भावनापूर्ण इरादे से औद्योगिक विकास का विरोध कर रहा है: मंत्री श्रीधर बाबू



हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री दुद्दिल्ला श्रीधर बाबू ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पर राज्य में औद्योगिक विकास में जानबूझकर बाधा डालने का प्रयास करने का कड़ा आरोप लगाया है। बुधवार को जारी एक बयान में मंत्री ने कहा कि बीआरएस एक प्रतिगामी राजनीतिक मानसिकता से प्रेरित होकर युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को अवरुद्ध करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

श्रीधर बाबू ने कहा, "यह तेजी से स्पष्ट हो रहा है कि बीआरएस नहीं चाहता कि तेलंगाना में उद्योग पनपें। उनके कार्यों से पता चलता है कि हमारे युवाओं के लिए रोजगार सृजन को रोकने का एक जानबूझकर प्रयास किया जा रहा है।" "पिछले 18 महीनों में, हमारी सरकार ने <3 लाख करोड़ का निवेश आकर्षित किया है। इन निवेशों के परिणामस्वरूप पहले ही निजी क्षेत्र में 1.5 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं और अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख अन्य व्यक्तियों को लाभ हुआ है।"

उन्होंने टिप्पणी की कि बीआरएस इन घटनाक्रमों को लेकर स्पष्ट रूप से चिंतित है, उन्हें डर है कि इन परियोजनाओं के सफल कार्यान्वयन से उनकी राजनीतिक प्रासंगिकता खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा, "वे चल रही औद्योगिक परियोजनाओं में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं और यहां तक कि किसानों को भी अपनी भटकाने वाली रणनीति के तहत भड़का रहे हैं।" "मैं यह स्पष्ट कर दूं - अगर सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित करने का प्रयास किया जाता है तो सरकार मूकदर्शक बनकर नहीं रहेगी।" रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार के सक्रिय प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि तेलंगाना तेजी से औद्योगिक निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है। "अतीत में, कुशल जनशक्ति की कमी ने कई उद्योगों को यहां परिचालन स्थापित करने से रोक दिया था। यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी की स्थापना के साथ, हम अब अकादमिक शिक्षा को उद्योग की आवश्यकताओं के साथ जोड़कर इस अंतर को पाट रहे हैं," उन्होंने बताया। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए जिला-स्तरीय कौशल विकास केंद्र स्थापित कर रही है कि प्रत्येक बेरोजगार युवा कम से कम एक उद्योग-संबंधित कौशल से लैस हो। विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस पार्टी के जिम्मेदाराना रवैये को याद करते हुए श्रीधर बाबू ने कहा: "बीआरएस के विपरीत, हमने विपक्ष में रहते हुए कभी भी विकास संबंधी पहलों का विरोध नहीं किया। हमने राज्य के विकास के हित में परियोजनाओं का समर्थन किया और मौजूदा समझौतों को बिना किसी बाधा के आगे बढ़ने दिया। आज, बीआरएस - जो तेजी से जनता का समर्थन खो रही है - किसानों के बीच अशांति भड़काकर अपनी प्रासंगिकता हासिल करने की कोशिश कर रही है।" जोगुलम्बा गडवाल जिले के पेड्डाधंदवाड़ा में इथेनॉल प्लांट को लेकर विवाद को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया: "केंद्र सरकार ने 2025-26 तक पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिलाने का राष्ट्रीय लक्ष्य रखा है।

# सरकार का 65 हजार ऑटो परमिट देने का फैसला भेदभावपूर्ण: अमानुल्लाह खान

हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना ऑटो ड्राइवर्स जेएसी के संयोजक मोहम्मद अमानुल्लाह खान ने आरोप लगाया है कि सरकार का 65,000 ऑटो परमिट देने का फैसला भेदभावपूर्ण और दिशाहीन है क्योंकि इससे शहर की सीमा में बढ़ते प्रदूषण को कम करने का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। प्रेस को दिए गए एक बयान में उन्होंने इस बात की कड़ी आलोचना की कि सरकार ने इलेक्ट्रिक ऑटो को 20,000 परमिट देने के अलावा 10,000 एलपीजी और 10,000 सीएनजी से चलने वाले ऑटो को अलग-अलग परमिट दिए हैं और इस तरह शहर में ऑटो चालकों को एक ही समय में दो प्रकारों में विभाजित कर दिया है, ताकि निजी ऑटो फाइनेंसरों और नए ऑटो शोरूम डीलरों की मदद की जा सके। दरअसल, खान ने बताया कि इलेक्ट्रिक ऑटो अधिक किफायती और पर्यावरण के अनुकूल हैं। जबकि, एलपीजी/सीएनजी से चलने वाले ऑटो की परिचालन लागत इलेक्ट्रिक ऑटो की तुलना में अधिक है और इसके परिणामस्वरूप निश्चित रूप से जुड़वां शहरों में ऑटो चालकों के बीच "अर्थव्यवस्था रहित प्रतिस्पर्धा" होने जा रही है, यानी एक चालक सस्ती कीमत वाली इलेक्ट्रिक ऑटो चला रहा है और दूसरा चालक महंगी एलपीजी/सीएनजी से चलने वाले ऑटो चला रहा है और यह निश्चित रूप से भविष्य में ऑटो मीटर शुल्क तय करते समय समस्या पैदा करेगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि सरकार ने शहर में मौजूदा ऑटो को या तो इलेक्ट्रिक या एलपीजी/सीएनजी से चलने वाले ऑटो में स्विच करने के लिए 25,000 रेट्रो-फिटमेंट की अनुमति देते हुए केवल इलेक्ट्रिक ऑटो के बजाय अनावश्यक रूप से वैकल्पिक बना दिया है। यहां सवाल यह उठता है कि सरकार को केवल 25,000 रेट्रो-फिटमेंट ऑटो को सीधे इलेक्ट्रिक ऑटो के रूप में अनुमति देने से किसने रोका। शहर के आरटीए कार्यालयों में पहले से ही बिना परमिट के पंजीकृत हजारों ऑटो की समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया है, इसलिए सवाल यह है कि एक ही समय में दो तरह के ऑटो, जिनके पास परमिट है और दूसरे जिनके पास वैध परमिट नहीं है, शहर की सड़कों पर कैसे चल सकते हैं। इसके अलावा पुराने कबाड़ हो चुके ऑटो के स्थान पर इलेक्ट्रिक, सीएनजी/एलपीजी ऑटो को वैकल्पिक बनाया गया है।

## केटीआर ने सीएम रेवंत रेड्डी पर निशाना साधा



हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर ने आज सीएम रेवंत रेड्डी पर सनसनीखेज टिप्पणी की। उन्होंने रेवंत रेड्डी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि सीएम पूर्व सीएम केसीआर का बाल भी बांका नहीं कर सकते। शहर के बीआरके भवन में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा, "केसीआर इतिहास बन चुके हैं। अगर सिंचाई के मुद्दे पर केसीआर को पूछताछ के लिए बुलाया जाता है, तो यह हनुमान का मजाक उड़ाने जैसा है। देश के किसी भी समकालीन राजनेता को सिंचाई क्षेत्र की उतनी समझ नहीं है, जितनी केसीआर को है। अंत में न्याय की जीत होगी," केटीआर ने कहा और कहा कि केसीआर का नाम इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में ऐसे नेता के रूप में लिखा जाएगा, जिन्होंने तेलंगाना को हासिल किया और इसे एक समृद्ध राज्य बनाया। केटीआर ने आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी राज्य को बनाने नहीं, बल्कि तोड़ने आए थे। गरीबों के घरों को ध्वस्त करना, विनाशकारी विचारों के साथ परियोजनाओं को ध्वस्त करना, यह स्पष्ट है कि यह तपस्वी राजनीतिक उत्पीड़न और गुटबाजी के अलावा कुछ नहीं कर सकता है। भले ही वह 100 जन्म ले ले, रेवंत रेड्डी नाम का एक छोटा मूर्ख केसीआर की महानता को नहीं समझ पाएगा। रेवंत रेड्डी नाम का एक छोटा राजनेता चाहे कुछ भी करे, चाहे उसकी सरकार कुछ भी करे, वह एक बाल भी नहीं छू पाएगा। हम रेवंत रेड्डी को नहीं छोड़ेंगे। हम अंत तक कांग्रेस पार्टी का पीछा करेंगे,। उन्होंने लोगों से इस तुच्छ राजनीति पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को उसकी छह गारंटी और 420 वादों पर घेरा चाहिए। उन्होंने कहा, "वे दिन आएंगे जब रेवंत रेड्डी की पोल जनता के सामने खुल जाएगी। रेवंत रेड्डी जैसे तुच्छ नेता को मंत्रिमंडल का मतलब ही नहीं पता। उन्हें नहीं पता कि मंत्रिमंडल कैसे काम करता है? उनके लिए किसानों के हितों से ज़्यादा राजनीतिक हित महत्वपूर्ण हैं। रेवंत जांच का मज़ा ले रहे हैं। सच्चाई सामने आनी ही है। कुछ दिनों से वे कालेश्वरम, फ़ोन-टैपिंग और ई-फ़ॉर्मूला कार रेस प्रतियोगिता जैसे नाटक कर रहे हैं।"


### दक्षिण मध्य रेलवे

हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

PUB/0701

**नं. वाय/सी. ई-नीलामी/एचवायबी/2025-26 दि.10-06-2025**

दक्षिण मध्य रेलवे के हैदराबाद डिवीजन पर वाणिज्यिक प्रचार अनुबंधों (कमर्शियल पब्लिसिटी कांट्राक्ट्स) एवम् पार्किंग स्टैण्ड अनुबंधों को प्रदान करना।

**ई-नीलामी अनुसूची विवरण नीचे दिया गया है।**

| क्रम सं. | श्रेणी | कैटलाग नं. | कार्य विवरण | नीलामी तिथि | नीलामी शुरू समय | नीलामी बंद समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पार्किंग | एचवाय बी-मिक्सड-43 | निम्न 06 स्टेशनों जैसे सिध्दीपेट, मिर्जापल्ली, फलकनुमा, अलवाल (अन्य बाजू), गुण्डलापोचमपल्ली शादनगर व अक्कनापेट रेलवे स्टेशनों पर पार्किंग लाट्स प्रदान करना। | 21.06.25 | 11:30 | 13:00 |
| 2. | एडीवीएन-एचवायबी-बीएसएक्स-ओएसएन-127-25-1 (स्टेशन परिसर पर एडवर्टाइजिंग) (नान-डिजीटल) | | बासर, धर्माबाद व उमरी रेलवे स्टेशनों पर विज्ञापन अधिकार या एडवर्टाइजिंग राइट्स बीएसएक्स-1132 स्क्वेयर फीट डीएबी-780 स्क्वेयर फीट, उमरी-584 स्क्वेयर फीट-कुल एरिया 2496 स्क्वेयर फीट | 21.06.25 | 11:30 | 13:10 |
| 3. | पे एण्ड यूज टायलेट्स या शौचालय | पीएनयु-एचवायबी-टीओआय-27-25-1(पे एण्ड यूज टायलेट्स या शौचालय) | निजामाबाद रेलवे स्टेशन(एमयुइ छोर) पर पे एण्ड यूज टायलेट्स का ठेका तत्संबंधित संचालन व रखरखाव। | 21.06.25 | 11:30 | 13:20 |

A0860 हस्ता./-वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, हैदराबाद


## तेलुगु गायिका की जन्मदिन पार्टी विवादों में

### पुलिस की छापेमारी में गांजा और शराब जब्त

हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। एक लोकप्रिय तेलुगु महिला गायिका के जन्मदिन समारोह को लेकर विवाद खड़ा हो गया है, क्योंकि पुलिस ने मंगलवार मध्य रात्रि को शहर के बाहरी इलाके चेवेल्ला में एक रिसॉर्ट में आयोजित समारोह पर अचानक छापेमारी की और कथित तौर पर भारी मात्रा में गांजा और विदेशी शराब जब्त की। रिपोर्टों के अनुसार, इस पार्टी में शामिल हुए कई मेहमानों के ड्रग टेस्ट में उन्हें पॉजिटिव पाया गया। जानकारी के अनुसार इस पार्टी में बड़ी संख्या में फिल्मी और राजनीतिक हस्तियों के साथ-साथ कई युवा भी शामिल हुए।

साइबराबाद पुलिस को सूचना मिली थी कि पार्टी में ड्रग्स का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसके बाद उन्होंने रिसॉर्ट पर छापा मारा। इन तलाशियों के दौरान भारी मात्रा में गांजा और विभिन्न प्रकार की विदेशी शराब की बोतलें मिलीं। पुलिस ने पार्टी में मौजूद कई लोगों को हिरासत में लिया और उनका ड्रग टेस्ट कराया। पता चला है कि कुछ लोगों के सैंपल में ड्रग मिला है। यह पता चला है कि ड्रग्स का उपयोग करने वाले कुछ लोग मशहूर हस्तियों के बच्चे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की गहन जांच कर रही है। पुलिस पार्टी आयोजकों की भूमिका पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।

## मानसून पूर्व स्वच्छता विशेष अभियान का शुभारंभ

हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तारनाका में उप महापौर के कैंप कार्यालय में मानसून पूर्व स्वच्छता विशेष अभियान का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रेटर हैदराबाद की उप महापौर मोटे श्रीलता शोभन रेड्डी और टीटीयूसी के राज्य अध्यक्ष मोटे शोभन रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जिन्होंने शुभारंभ समारोह का संचालन किया। उप महापौर ने कार्यक्रम की शुरुआत करने के लिए स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी दिखाई।

इस अवसर पर बोलते हुए उप महापौर ने जोर देकर कहा, "मानसून के मौसम में लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए स्वच्छता के प्रयास बहुत महत्वपूर्ण हैं।

# तेलंगाना पिछड़ा वर्ग आयोग की सुनवाई हुई खत्म



हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना पिछड़ा वर्ग आयोग ने तेलंगाना राज्य के गठन के बाद तेलंगाना पिछड़ा वर्ग जाति सूची से छूटी हुई 26 जातियों को शामिल करने के लिए अंतिम दिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सार्वजनिक सुनवाई की। सुनवाई में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जी. निरंजन, सदस्य रापोलू जयप्रकाश, श्रीमती बाला लक्ष्मी रंगू, उप निदेशक यू. श्रीनिवास राव, विशेष अधिकारी जी. सतीश कुमार और अनुसंधान अधिकारी जी. लक्ष्मीनारायण उपस्थित थे। सुनवाई के दौरान आयोग ने 64 अभ्यावेदनों की जांच की। कुल मिलाकर, आयोग ने तीन दिवसीय सुनवाई में 133 अभ्यावेदनों की जांच की।

पोंडारा, सेट्टीबालिजा, कोप्पुलावेलामा, पोलनाटिवलामा और कलिंगा जातियों के प्रतिनिधि आयोग के समक्ष उपस्थित हुए और अनुरोध किया कि उनकी जातियों को तेलंगाना पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल किया जाए। इस अवसर पर आंध्र प्रदेश के अमुदलावलसा विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुना रवि कुमार ने कलिंगा जाति की ओर से प्रतिनिधित्व किया।

वहीं तेलंगाना बीसी 'ए' समूह से संबंधित विभिन्न जातियों के प्रतिनिधियों ने आयोग से अपील की कि छूटी हुई 26 जातियों को पुनः शामिल न किया जाए। आयोग कार्यालय में आज जनसुनवाई संपन्न हुई।

# संगारेड्डी नगर निगम प्रमुख को मुख्यालय से संबद्ध



संगारेड्डी, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा जश्न संगारेड्डी नगर आयुक्त एस.सी.वी.के. प्रसाद चव्हाण के लिए उल्टा पड़ गया है, क्योंकि उन्होंने अनधिकृत कर्मचारी दौरे का नेतृत्व किया था, जिससे नागरिक सेवाएं बाधित हुई थीं। फरवरी 2024 में नगर आयुक्त के रूप में कार्यभार संभालने वाले चव्हाण ने 3 जून को महाराष्ट्र के तुलजा भवानी मंदिर की विशेष यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा के लिए दो निजी बसें किराए पर ली गई थीं, जिनमें बड़ी संख्या में नगर निगम के कर्मचारी सवार थे, जिन्हें उनका वफादार माना जाता है। हालांकि, किसी भी कर्मचारी ने छुट्टी के लिए आवेदन नहीं किया था या अपनी अनुपस्थिति के बारे में उच्च अधिकारियों को सूचित नहीं किया था।

परिणामस्वरूप, कर्मचारियों की भारी अनुपस्थिति के कारण कई विभागों में नागरिक सेवाएँ बुरी तरह प्रभावित हुईं, जिससे लोगों को असुविधा हुई। यह मुद्दा तब प्रकाश में आया जब नागरिकों और यूनियन नेताओं ने जिला प्रशासन के समक्ष अपनी चिंताएँ व्यक्त कीं। जिला कलेक्टर वल्लूर क्रांति ने घटना की जांच के आदेश दिए और अतिरिक्त कलेक्टर (स्थानीय निकाय) बी. चंद्रशेखर को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा। जांच में पुष्टि हुई कि आयुक्त और कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति या स्वीकृत छुट्टी के दौरे पर गए थे। जांच के आधार पर कलेक्टर ने आयुक्त और नगर प्रशासन के निदेशक को पत्र लिखकर चव्हाण के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की।

त्वरित कार्रवाई करते हुए चव्हाण को दौरे से लौटने से पहले ही मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया। दुब्बाक नगर आयुक्त श्रीनिवास रेड्डी को संगारेड्डी नगर पालिका का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। इस बीच, यात्रा पर चव्हाण के साथ गए कर्मचारी भी अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं, उन्हें अपनी अनधिकृत अनुपस्थिति के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई का डर है। सूत्रों ने बताया कि चव्हाण ने अपने कार्यकाल की एक साल की सालगिरह मनाने के लिए यह यात्रा आयोजित की थी और वापसी यात्रा के दौरान एक पार्टी का आयोजन किया था, ताकि कर्मचारियों से निरंतर सहयोग मिल सके। हालांकि, यह कदम उल्टा पड़ गया, क्योंकि उच्च अधिकारियों ने इस कदाचार को गंभीरता से लिया और कार्रवाई शुरू की।

## नवाब मुजाहिद आलम खान टीपीसीसी के प्रदेश उपाध्यक्ष बने

हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। पार्टी के वरिष्ठ नेता नवाब मुजाहिद आलम खान को टीपीसीसी का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बुधवार को बोलते हुए मुजाहिद आलम खान ने अपनी नियुक्ति के लिए सीएम ए. रेवंत रेड्डी, विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार, तेलंगाना के लिए एआईसीसी प्रभारी मीनाक्षी नटराजन और टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरा करके तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी को और मजबूत करने के लिए अथक प्रयास करेंगे। पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने मुजाहिद आलम खान की सेवाओं को मान्यता देने पर अपनी खुशी व्यक्त की, जो कांग्रेस पार्टी के एक सक्रिय सदस्य के रूप में समर्पण के साथ पार्टी की सेवा कर रहे हैं और हमेशा पार्टी की गतिविधियों में सबसे आगे रहे हैं।

## ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या की

हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। एक अज्ञात व्यक्ति आत्महत्या करने के इरादे से काजीपेट से सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पहुंचा। वह व्यक्ति घटकेसर अपलाइन के पास ट्रेन के इंजन के सामने कूद गया और ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल होने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। लोको पायलट ने तुरंत अधिकारियों को सूचित किया, और एसएचओ सिकंदराबाद के निर्देशों के आधार पर, सीआर संख्या 308/25.194बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच में पता चला कि बाद में मृतक की पहचान पेशे से ड्राइवर निरुदी नरसिंह राव निवासी, घटकेसर, तेलंगाना के रूप में हुई। मृतक अपने पीछे पत्नी लक्ष्मी और निरुदु व नर्सिंग राव नाम के दो बच्चे छोड़ गए है। हालांकि, आत्महत्या के पीछे का कारण अभी भी अज्ञात है। आगे की जांच में पता चला कि मृतक के पास कोई पहचान योग्य निशान या दस्तावेज नहीं थे, जिसके कारण पहचान में देरी हुई। बाद में शव की पहचान हो गई और परिवार को सूचित कर दिया गया।


## बैठक



**स्व. श्रीमती भँवरीदेवी भायल**

धर्मपत्नी : श्री चुन्नीलालजी भायल

स्वर्गवास: 25-05-2025; मरुधर मे धनला

बैठक, आज दि.12 जून 2025 गुरुवार, प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक श्री आईमाताजी बडेर मल्लापुर पर होगी

: शोकाकुल : अशोक, उत्तम (पुत्र), मकनाराम, ताराराम, भाणाराम, वेनाराम, पुखाराम (जेठ), वेलाराम, थानाराम, माँगीलाल, नारायणलाल, भंवरलाल (देवर), रतनलाल, रमेशकुमार, कालूराम, मोहनलाल, ओकाराम, सुरेश, लक्ष्मण, गौतम, सुशील, ललित, गणेश, प्रवीण, किरण, विमलेश, हितेश, जगदीश, तुषार (पुत्र), अंकित, विहान, श्लोक (पोत्र), भूमिका (पौत्री) ममता-प्रकाशजी सोयल (बेटी जँवाई)

फर्म: जगदम्बा इलेक्ट्रिकल हार्डवेयर मल्लापुर
मयुर ट्रेडिंग कंपनी इसनापुर
9618144967, 9246223500, 8121830112

P.Solankey

# फिर सुर्खियों में नवजोत सिंह सिद्धू, 'बिग बॉस' और कपिल शर्मा शो को लेकर किया बड़ा दावा



पूर्व क्रिकेटर, टी.वी. पर्सनालिटी और कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने एक बार फिर अपने बयान से सुर्खियां बटोरी हैं। इस बार उन्होंने टी.वी. इंडस्ट्री से जुड़े अपने अनुभवों और कुछ विवादों को लेकर बड़ा खुलासा किया है। सिद्धू ने दावा किया है कि उन्होंने 'बिग बॉस' जैसे शो को नई पहचान दिलाई और कपिल शर्मा को उनके इंडिपेंडेंट शो की राह भी उन्हीं की बदौलत मिली। एक इंटरव्यू में बात करते हुए सिद्धू ने कहा कि 'जब मैं 'बिग बॉस' में गया था, तब शो की टी.आर.पी. काफी कम थी। मेरे जाने के बाद शो को नई ऊर्जा मिली और लोगों का ध्यान खिंचा। मैं वहां तीन महीने रहा और उसी दौरान शो का ग्राफ ऊपर चढ़ा।

**कपिल शर्मा को मिला फायदा**

उन्होंने कहा कपिल शर्मा का, जो शो आज घर-घर में जाना जाता है, उसका फॉर्मेट पहले मेरे नाम से शुरू हुआ था। मैं 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' में गैस्ट नहीं, बल्कि स्थायी चेहरा था। लोगों को मेरी हंसी, मेरी शायरी और मेरी बातों से मजा आता था, पर एक समय ऐसा आया, जब सियासत और साजिशों के चलते मुझे शो से हटना पड़ा। उन्होंने कहा कि कपिल शर्मा को आज जो मुकाम मिला है, उसमें उनका अहम योगदान रहा है। अगर मैंने उस समय शो को सपोर्ट न किया होता तो यह फॉर्मेट इतना हिट न होता। कपिल को उनके टैलेंट के लिए मैं बधाई देता हूं, लेकिन एक सच्चाई ये भी है कि शुरुआत में उसे मेरी मौजूदगी से ताकत मिली।

**राजनीति में भी साजिशों का शिकार**

सिद्धू ने अपने राजनीतिक सफर को लेकर भी कई बातें सांझा कीं। उन्होंने कहा कि जब वह राजनीति में आए, तब उन्हें बड़े सपने दिखाए गए थे, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें साजिशों का अहसास हुआ। राजनीति में साफ बोलने वालों को पसंद नहीं किया जाता। मैंने हमेशा सच बोला, इसलिए मुझे किनारे किया गया।

**टी.वी. और राजनीति में फर्क**

सिद्धू ने टी.वी. और राजनीति के फर्क पर बात करते हुए कहा कि टी.वी. की दुनिया में मेहनत और टैलेंट का सीधा असर दिखता है, जबकि राजनीति में चालाकी, ग्रुपबाजी और साजिशों का बोलबाला होता है। टी.वी. पर अगर आप लोगों को पसंद आते हैं तो आपको सम्मान मिलता है। लेकिन राजनीति में सच्चाई बोलने वाला हमेशा सवालों के घेरे में रहता है।

**'बिग बॉस' से 'कॉमेडी नाइट्स' तक का सफर**

उन्होंने बताया कि जब वह 'बिग बॉस' में थे, तब लोग उन्हें एक अलग नजरिए से देखने लगे। उन्होंने अपनी अलग शख्सियत बनाई और वहां रहकर यह साबित किया कि एक नेता भी लोगों का दिल जीत सकता है। उन्होंने कहा कि मैंने 'बिग बॉस' में रहकर जो पॉपुलैरिटी हासिल की, वो किसी भी नेता के लिए सपना हो सकती है।

**शायरी व अंदाज अभी भी लोगों को याद**

उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि आज भी लोग उनकी शायरी, ठहाके और अंदाज को मिस करते हैं। मैंने जो कुछ भी कहा, किया, वो दिल से किया। आज भी सोशल मीडिया पर मेरी पुरानी क्लिप्स वायरल होती हैं, जो दिखाता है कि लोग मुझसे कितना जुड़ाव महसूस करते हैं। जब सिद्धू से पूछा गया कि क्या वह दोबारा टी.वी. पर लौटना चाहेंगे, तो उन्होंने कहा कि अगर सही समय और मंच मिला तो जरूर वापस आऊंगा। मैं किसी भी माध्यम से जनता से जुड़ना चाहता हूं, चाहे वो टी.वी. हो, सोशल मीडिया या मंच।

# कैटरीना कैफ बनीं मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर



बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ अब मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर बन गई हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की गई। विजिट मालदीव ने इस खबर को शेयर करते हुए कहा कि वे कैटरीना कैफ को अपने ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पाकर बेहद खुश हैं। गौरतलब है कि कैटरीना भारत में ब्रांड एंडोर्समेंट की दुनिया का बड़ा चेहरा हैं।

कैटरीना ने इस मौके पर कहा, मालदीव लग्जरी और नेचुरल ब्यूटी का शिखर है, ऐसी जगह जहां सादगी और शांति एक साथ मिलती है। 'सनी साइड ऑफ लाइफ' का फेस बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। इस कोलेबोरेशन के जरिए मैं दुनियाभर के लोगों को मालदीव की खासियत और बेहतरीन यात्रा अनुभव से परिचित कराने के लिए उत्साहित हूं।

**भारत-मालदीव रिश्तों में खटास के बीच आया यह कोलेबोरेशन**

यह कोलेबोरेशन ऐसे वक्त में हुआ है जब भारत और मालदीव के रिश्तों में पिछले साल जनवरी के बाद से कुछ कड़वाहट देखी गई थी। विजिट मालदीव ने हाल ही में समर सेल कैंपेन लॉन्च किया है ताकि दुनियाभर से ज्यादा से ज्यादा सैलानी मालदीव की खूबसूरती, समृद्ध समुद्री जीवन और लग्जरी अनुभवों को जान सकें। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने मालदीव की यात्रा पर जा सकते हैं।

**मालदीव नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों ने बढ़ाया था विवाद**

गौरतलब है कि 2024 की शुरुआत में दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई थी। 7 जनवरी 2024 को भारत में हैश टैग BoycottMaldives ट्रेंड हुआ था। PM मोदी ने लक्षद्वीप दौरे का एक वीडियो शेयर किया था। इसमें खूबसूरती के लिहाज से लक्षद्वीप मालदीव को टक्कर देता नजर आया। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोग कहने लगे थे कि लाखों रुपए खर्च कर मालदीव जाने से बेहतर है कि लक्षद्वीप जाएं।

इससे मालदीव के मंत्री और नेता नाराज नजर आए थे। उस समय मंत्री मरियम शिउना, डिप्टी मिनिस्टर्स अब्दुल्ला महजूम माजिद और माल्शा शरीफ ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। मंत्री मरियम शिउना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में PM मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। वहीं, नेता जाहिद रमीज लिखा था कि भारत सर्विस के मामले में हमारा मुकाबला नहीं कर सकता। मरियम यूथ एम्पावरमेंट, इन्फॉर्मेशन एंड आर्ट की डिप्टी मिनिस्टर थीं।

उनकी इस पोस्ट पर मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने कहा था, शिउना ने गलत शब्द कहे हैं। ये बात मालदीव की सुरक्षा और समृद्धि को खतरे में डाल सकती है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार को ऐसी टिप्पणियों से दूरी बनानी चाहिए।

इसके जवाब में PPM के नेता जाहिद रमीज ने लिखा था- बेशक यह अच्छा कदम है, लेकिन भारत कभी हमारी बराबरी नहीं कर सकता है। मालदीव पर्यटकों को जो सर्विस देता है, वो भारत कैसे देगा। वो इतनी सफाई कैसे रख पाएंगे, जितनी हम रखते हैं। उनके कमरों में आने वाली बदबू टूरिस्टों के लिए सबसे बड़ी दिक्कत होगी। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सितारों ने भी मालदीव के विरोध में सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की थीं। अक्षय कुमार, जॉन अब्राहम, श्रद्धा कपूर ने लक्षद्वीप की तस्वीरें शेयर की और लिखा था कि यहां छुट्टियां मनाने जरूर आएं।

# करण जौहर ने बताया कैसे हुई कार्तिक आर्यन से सुलह : कहा- हमें एक-दूसरे से दिक्कतें थीं, लेकिन परिवार में गिले-शिकवे होते हैं



पॉपुलर फिल्ममेकर करण जौहर और कार्तिक आर्यन के बीच मतभेद दूर हो चुके हैं। हालांकि, एक समय ऐसा भी था जब करण जौहर ने कार्तिक को फिल्म दोस्ताना 2 से निकाल दिया था। साथ ही कहा था कि वो कभी साथ काम नहीं करेंगे। इस झगड़े के सालों बाद अब कार्तिक और करण जौहर फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी और नागजिला में साथ काम कर रहे हैं। ऐसे में हर किसी का सवाल था कि एक बड़े झगड़े के बाद दोनों की सुलह कैसे हुई। ऐसे सभी सवालों पर करण जौहर ने पहली बार खुलकर बात की है।

हाल ही में दिए इंटरव्यू में करण जौहर से कहा गया कि उन्हें और कार्तिक को साथ काम करते देख सरप्राइज मिला। ये कैसे हुआ। जवाब में करण जौहर ने कहा, मुझे लगता है कि हमने इंटरनली चर्चा की और इसे सुलझाया। हमने जो बातें हुईं उसे भुला दिया। कार्तिक बेहद हार्डवर्किंग है। आज के समय में वो बेहद कनेक्टिव स्टार है, जिसकी बड़ी ऑडियंस है और उसे स्क्रीनप्ले की अच्छी समझ है। हम मिले, कोलेबोरेट किया, साथ काम करने का फैसला किया।

आगे करण जौहर ने कहा, सब ठीक है। उसके और मेरे, हमारे एक-दूसरे से कुछ इशू थे, लेकिन ये इंडस्ट्री बहुत छोटी है, जिसे मैं परिवार कहता हूं। और मुझे ऐसा लगता है कि परिवार में कभी-कभी गिले-शिकवे हो जाते हैं। आखिर में अच्छे लोग एक अच्छी फिल्म बनाना चाहते हैं और साथ मिलकर अच्छा कंटेंट बनाना चाहते हैं। जैसा मैंने कहा, ज्यादा बातों पर ध्यान मत दो। हमारे पास देखने के लिए बड़ा विजन है।

**जानिए क्यों हुआ था झगड़ा?**

दरअसल, कार्तिक आर्यन, करण जौहर की फिल्म दोस्ताना 2 का हिस्सा थे। फिल्म की 20 दिनों की शूटिंग भी हो चुकी थी, लेकिन फिर अचानक धर्मा प्रोडक्शन ने अनाउंस कर दिया कि कार्तिक को फिल्म से हटाया जा रहा है। करण ने कार्तिक को फिल्म से निकालने पर कहा था कि वो अनप्रोफेशनल हैं और मनमाने ढंग से फीस बढ़ा रहे हैं।

धर्मा प्रोडक्शंस की तरफ से सूत्रों ने बताया था कि कार्तिक आर्यन तारीखें नहीं दे रहे थे और स्क्रिप्ट में कमियां भी निकाल रहे थे। विवादों के बीच करण के करीबी सूत्रों ने मीडिया इंटरव्यू में बताया था कि करण ने कार्तिक के साथ कभी काम न करने का फैसला किया है।

**कार्तिक ने कहा था- मिस कम्युनिकेशन था**

2024 में कार्तिक आर्यन ने पहली बार दोस्ताना 2 के अचानक बंद होने पर खुलकर बात की थी। लल्लनटॉप को दिए एक इंटरव्यू में कार्तिक ने कहा था, देखिए, वो बहुत पुरानी बात हो गई है। कई बार बहुत मिस कम्युनिकेशन हो जाता है और कई चीजें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश की जाती हैं। जब वो लिखा जाता है, तो कुछ और ही लगने लगता है।

कार्तिक ने ये भी कहा था, ₹मैं तब भी चुप था और अब भी चुप हूं उन बातों पर। मैं बस 100 प्रतिशत काम करता हूं। जब भी ऐसी कोई खबर आती है या कोई कॉन्ट्रोवर्सी होती है, तो मैं अपने शेल में चला जाता हूं। मैं शांत रहता हूं। मैं इन चीजों में ज्यादा घुसता नहीं हूं, और ना ही कुछ साबित करने की जरूरत महसूस करता हूं।

# 'हर कोई एक ही भाषा में मुस्कुराता है', अनुपम ने फ्लाइट से शेयर की नागार्जुन-रश्मिका के साथ तस्वीर

बॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर ने आज एक खास तस्वीर शेयर की है, जो कि एक फ्लाइट के दौरान की है। इस सफर पर उनके साथ फिल्म कुबेर की स्टार कास्ट नागार्जुन और रश्मिका मंदाना भी नजर आए। इस खास तस्वीर को अनुपम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और साथ ही एक खास नोट भी लिखा।

**अनुपम खेर का पोस्ट**

अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नागार्जुन और रश्मिका मंदाना के साथ एक खास तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, ₹हर कोई एक ही भाषा में मुस्कुराता है।₹ हैदराबाद से मुंबई तक की यह उड़ान कितनी शानदार थी! एक बहुत ही प्रतिभाशाली मिस।@rashmika_mandanna और मेरे सबसे प्यारे दोस्त #नागार्जुन ने अपने प्राकृतिक आकर्षण और खुद के होने से सफर को सुंदर बना दिया- खुश और वास्तविक! अगर मैं तस्वीर में भी अच्छा दिख रहा हूं तो इसका सारा श्रेय




सेल्फी लेने वाली #रश्मिका को जाता है। जय हो।"

**फिल्म कुबेर**

कुबेर एक सामाजिक थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन शेखर कम्मुला ने किया है। एमिगोस क्रिएशन्स के सुनील नारंग और पुस्कुर राममोहन राव द्वारा निर्मित इसे तेलुगु, तमिल और हिंदी में एक साथ रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में नागार्जुन, धनुष, रश्मिका मंदाना, जिम सर्भ और दलीप ताहिल ने मुख्य भूमिका निभाई है।

**अनुपम खेर का वर्कफ्रंट**

अनुपम खेर जल्द ही फिल्म मेट्रो इन दिनों... में नजर आएंगे। मेट्रो... इन दिनों एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है, जिसे अनुराग बसु ने लिखा और निर्देशित किया है।

यह बसु की लाइफ इन ए... मेट्रो (2007) का सीक्वल है। इस फिल्म में अनुपम खेर के अलावा आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली फजल, फातिमा सना शेख, कोंकणा सेन शर्मा, पंकज त्रिपाठी, नीना गुप्ता महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# दीपशिखा नागपाल ने बताया शाहरुख से पहली मुलाकात का किस्सा : कहा- मैं उनसे प्यार करती थी

शाहरुख खान बॉलीवुड के सबसे बड़े सुपरस्टार हैं। उनकी फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे₹ ने उन्हें घर-घर में मशहूर कर दिया। उनकी ऑनस्क्रीन इमेज ने कई लोगों को उनका दीवाना बना दिया। एक्ट्रेस दीपशिखा नागपाल भी उन्हीं में से एक थीं।

हाल ही में दीपशिखा ने ' बताया कि जब उन्हें कोयला फिल्म में शाहरुख के साथ काम करने का मौका मिला, तो वह बहुत उत्साहित थीं। वह शाहरुख के राज के रोल से इंप्रेस थीं और उन्हें शाहरुख से प्यार था, लेकिन जब ₹कोयला₹ फिल्म के सेट पर शाहरुख से उनकी पहली मुलाकात हुई, तो चीजें थोड़ी अलग निकलीं।

**शाहरुख का व्यवहार दीपशिखा को रूड लगा**

पहले ही सीन में दीपशिखा को शाहरुख की बाहों में मरना था। वह नर्वस थीं। तभी डायरेक्टर राकेश रोशन ने उनकी तारीफ की। उन्होंने शाहरुख से कहा, दीपशिखा बहुत शानदार एक्ट्रेस हैं। लेकिन शाहरुख का जवाब था, देखते



हैं। यह सुनकर दीपशिखा का ईगो हर्ट हुआ। उन्हें यह रूड लगा।

दीपशिखा ने इस बात को चैलेंज की तरह लिया। उन्होंने अपना सीन बेहतरीन तरीके से किया, वह सीन बाद में एडिट कर दिया गया। हालांकि, वह आज भी उस पल को याद करती हैं। वह कहती हैं, मैं अब भी उस सीन को महसूस कर सकती हूं।

**बाद में शाहरुख और दीपशिखा दोस्त बन गए**

बता दें कि समय के साथ शाहरुख और दीपशिखा के बीच दोस्ती हो गई। शाहरुख ने बादशाह फिल्म के लिए खुद दीपशिखा का नाम सुझाया था। प्रोड्यूसर रतन जैन ने उन्हें बताया था कि यह सिफारिश शाहरुख ने की थी, लेकिन शाहरुख ने कभी इसका जिक्र नहीं किया।

दीपशिखा ने ये भी बताया कि वह बाद में भी शाहरुख के साथ कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं, लेकिन उन्होंने हमेशा प्रोफेशनल दूरी बनाए रखी। सेट पर वे दोस्त बन गए थे, लेकिन वह सिर्फ अपने काम पर फोकस करती थीं।

दीपशिखा को हाल ही में वेब सीरीज 'रायसिंघानी VS रायसिंघानी' और टीवी शो 'इश्क जबरिया' में देखा गया था। कोयला और बादशाह' के अलावा उन्होंने 'पार्टनर', 'जानम समझा करो', 'दिल्लगी' जैसी फिल्मों में भी काम किया है।

वह सतीश कौशिक के साथ फिल्म धूम धड़ाका में भी नजर आईं। उन्होंने कई टीवी सीरियल्स में भी काम किया है। डायरेक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म ये दूरियां अगस्त 2011 में रिलीज हुई थी। दीपशिखा ने 2014 में बिग बॉस 8 में भी भाग लिया था।

# विजय माल्या ने किया था समीरा रेड्डी का कन्यादान : निभाया था मामा का फर्ज, एक्ट्रेस ने शेयर किया था शादी का किस्सा

बिजनेस टाइकून विजय माल्या एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में विजय माल्या ने एक पॉडकास्ट में कई खुलासे किए। इस बीच एक्ट्रेस समीरा रेड्डी का एक पुराना इंटरव्यू भी चर्चा में आ गया, जब उन्होंने खुलासा किया था कि विजय माल्या ने उनकी शादी में कन्यादान किया था।

दरअसल, साल 2014 में एक इंटरव्यू में समीरा रेड्डी ने बताया था, केवल विजय माल्या, जो मेरी मां की तरफ से रिश्तेदार हैं, ने मुझे दूल्हे को सौंपा। बाकी सिर्फ करीबी दोस्त और परिवारजन ही शामिल थे।

**अक्षय वर्दे और समीरा की शादी 21 जनवरी 2014 को हुई**

बता दें कि समीरा की शादी बिजनेसमैन अक्षय वर्दे से पारंपरिक महाराष्ट्रीयन रीति से हुई थी। समीरा और अक्षय की शादी 21 जनवरी 2014 को बेहद प्राइवेट तरीके से हुई थी। इस समारोह में केवल करीबी दोस्त और परिवार ही शामिल हुए थे। समीरा ने कहा था, क्या यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है शादी करने का?



समीरा ने बताया था कि प्लानिंग के झंझट से बचने के लिए शादी तय समय से पहले कर ली। यह शादी पहले अप्रैल में प्लान की गई थी, लेकिन बाद में प्री-पोन कर दी गई। शादी की सारी तैयारियां समीरा की बहन सुषमा ने 10 दिनों में कीं।

समीरा ने कहा था, कई महीनों की टेंशन और प्लानिंग में बहुत स्ट्रेस होता है... अक्षय ने कहा, क्यों न जल्दी कर लें। मैंने कहा- क्यों न, फिर हमने 'आई डू' कह दिया और मुझे खुशी है कि हमने ऐसा किया।

**समीरा ने शादी में सिंपल साउथ इंडियन साड़ी पहनी थी**

शादी में समीरा ने सिंपल साउथ इंडियन साड़ी पहनी थीं। समीरा ने बताया था, ₹मैंने अपनी जिंदगी के 11 साल पर्दे पर सज-धज कर बिताए हैं। अपनी शादी में मैं बिल्कुल साधारण दिखना चाहती थी।

आखिरकार मैंने एक सिंपल साउथ इंडियन साड़ी पहनी। शायद यह मेरे रेड्डी परिवार के स्वभाव का असर था। बता दें कि इंस्टाग्राम पर समीरा अक्सर अपने पति और बच्चों के साथ तस्वीर पोस्ट करती रहती हैं। उनका एक बेटा और बेटी हैं.

# शिल्पा शेट्टी का विदेशियों से हुआ जोरदार झगड़ा राज कुंद्रा ने चिल्लाकर कहा, जानते नहीं हम कौन हैं

शिल्पा शेट्टी अपना 50वां बर्थडे मनाने क्रोएशिया के हवार आइलैंड के एक रेस्टोरेंट में पहुंची थीं, जहां उनका कुछ विदेशियों से जोरदार झगड़ा हो गया। इस झगड़े का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक्ट्रेस चिल्लाते हुए नजर आ रही हैं। वहीं राज कुंद्रा भी विदेशियों से कह रहे हैं जानते नहीं हम कौन हैं। अब राज कुंद्रा ने इस झगड़े की वजह बताई है।

सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि शिल्पा शेट्टी अपने परिवार के साथ रेस्टोरेंट में खड़ी वहां मौजूद टेबल पर बैठे लोगों से बहस करती नजर आ रही हैं। वहीं एक विदेशी महिला चिल्लाते हुए उन्हें चीखकर बात करने पर बातें सुना रही है। इसी बीच सुना जा सकता है, चुप हो जाओ, हम तुम्हें नहीं सुनना चाहते। हालांकि ये साफ नहीं है कि ये आवाज



शिल्पा की है या उनकी बहन शमिता की।

पत्नी की बहस होते देख राज कुंद्रा भी भड़क गए और चिल्लाकर कहा, तुम जानते नहीं हो हम कौन हैं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर माधवन बत्रा नाम के यूजर के अकाउंट से पोस्ट किया गया है, जो कथित तौर पर वहीं मौजूद थे।

**टेबल बुकिंग पर हुई बहस, शिकायत करने पर लोग चिल्लाने लगे**

हाल ही में हिंदुस्तान को दिए इंटरव्यू में राज कुंद्रा ने झगड़े की वजह बताई है। उन्होंने कहा, ऑनलाइन आए वीडियो पर मैं साफ करना चाहता हूं कि मैंने पत्नी का बर्थडे सेलिब्रेट करने के लिए एक रेस्टोरेंट में एक साल पहले एडवांस बुकिंग करवाई थी। दुर्भाग्य से जब हम पहुंचे तो हमें कहा गया कि हमारी टेबल किसी दूसरे ग्रुप को दे दी गई है, जिसे वो एजेंट द्वारा डबल बुकिंग एरर कह रहे हैं।

आगे राज ने कहा, खुद एक रेस्टोरेंट का मालिक होने के नाते मुझे ये सिचुएशन हैंडल करना बेहद फ्रस्टेटिंग लगा, खासकर तब जब अपने बुजुर्ग पेरेंट्स, सास और 20 गेस्ट इंतजार कर रहे थे। जो एक स्पेशल इवनिंग होनी थी वो स्ट्रेसफुल बन गई। और जब हमने नाराजगी जताई, तो हमें चुप रहने को कहा गया, जिससे नाराजगी और बढ़ गई। एक साल की तैयारी में रेस्टोरेंट मैनेजमेंट की जवाबदेही न होना बेहद निराशाजनक था। बताते चलें कि 9 जून को शिल्पा शेट्टी 50 साल की हो चुकी हैं। इस खास मौके पर वो परिवार के साथ फैमिली वेकेशन पर गई हैं। जहां से वो लगातार खूबसूरत तस्वीरें और वीडियोज पोस्ट कर रही हैं।

# जांजगीर-चांपा के 5 प्रमुख मंदिर

## 11वीं सदी से दबे हैं चमत्कारी रहस्य














जांजगीर मुख्यालय में भगवान विष्णु का एक अनोखा मंदिर है,जो अपने ऐतिहासिक और अधूरे निर्माण काल के लिए जाना जाता है। छत्तीसगढ़ के कल्चुरी नरेश जाज्वल्य देव प्रथम ने भीमा तालाब के किनारे 11वीं शताब्दी में एक मंदिर का निर्माण करवाया था। ये मंदिर पूर्वाभिमुखी है और सप्तरथ योजना से बना हुआ है। इस मंदिर की खासियत ये है कि यहां पर शिखर हीन विमान मात्र ही मौजूद है। मंदिर के चारों ओर अन्य कलात्मक मूर्तियों में भगवान विष्णु के दसावतार में से वामन, नरसिंह, कृष्ण और राम की प्रतिमाएं स्थित हैं। इतनी सजावट के बावजूद मंदिर अधूरा होने के कारण मंदिर के गर्भगृह में कोई मूर्ति की स्थापना नहीं हो सकी है।

छत्तीसगढ़ के जगन्नाथ पुरी नाम से प्रसिद्ध शिवरीनारायण धाम जहां आप भगवान नारायण के दर्शन कर नए साल पर अपने और अपने परिवार की खुशहाली के लिए मनोकामना प्रार्थना कर सकते है। वही यहां त्रिवेणी (तीन नदियों का मिलना ) महानदी, शिवनाथ नदी और जोक नदी का संगम होता है। शिवरीनारायण के महानदी घाट अपनी खूबसूरती से लोगो के मन को प्रफुल्लित कर देता है। यहां प्राकृतिक छठा से भरपूर हैं। यहां मंदिर दर्शन करने के बाद घूमने के लिए महानदी घाट को सजाया गया है। महानदी में नौका, वोटिंग भी होती है जिसका मजा यहां घूमने आने वाला व्यक्ति अपने परिवार और दोस्तों के साथ ले सकते है। जांजगीर चांपा जिले से अलग होकर बने सक्ती जिले में प्रसिद्ध तुर्रीधाम मंदिर है, जहां शिवलिंग पर प्राकृतिक रूप से निरंतर जलाभिषेक होते रहता है।

जहां से जलाभिषेक हो रहा है वहां दीवाल पर योनि आकार बना हुआ है, साथ ही यह पानी कहा से आ रहा है आज भी रहस्य है, यह जल स्त्रोत अनादि काल से अनवरत बहता हुआ आ रहा है, इसका भू वैज्ञानिक भी पता नहीं लगा पाए, इस मंदिर का स्थापत्य अनोखा है। इसके चारों ओर मंडप बनाया गया है। गर्भगृह मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से 8 फिट की गहराई पर है, गर्भगृह जाने के लिए नीचे की ओर होती हुई सीढ़ियाँ बनी हुई है। यहां शिवलिंग पूर्वाभिमुख है।

चंद्रपुर में छत्तीसगढ़ की सबसे प्राचीन मंदिर और 52 शक्तिपीठों में से एक मां चंद्रहासिनी देवी विराजते है। यहां मां चंद्रमा के आकृति के रूप में है इसलिए चंद्रहीसिनी कहा जाता है। चंद्रपुर महानदी व माण्ड नदी के बीच बसा है इसलिए मंदिर की सुंदरता और अधिक बढ़ जाती हैं। मां चंद्रहासिनी मंदिर के पंडित आकाश तिवारी जी ने बताया कि चंद्रमा के आकार की विशेषताओं के कारण उन्हें चंद्रहासिनी और चंद्रसेनी मां के नाम से जाना जाता है। वैराही रूप में मां विराजित है। यहां माता पुत्र प्राप्ति के लिए विशेष प्रसिद्धि है।

जांजगीर चांपा जिले के खरौद नगर में है ऐतिहासिक लक्ष्मणेश्वर मंदिर अपने आप में बेहद अद्भुत और आश्चर्यों से भरा है। इस शिवलिंग में सवालाख छिद्र है जिसमे से एक पातालगामी है जबकि एक छिद्र अक्षय कुण्ड है उसमे जल हमेशा भरा ही रहता है वही सवालाख छिद्र होने के कारण लखेश्वर महादेव भी कहा जाता है। इस लक्ष्मणेश्वर महादेव में सवालाख छिद्र होने के कारण सवालाख चावल चढ़ाने का विशेष महत्व है। लोग मनोकामना पूरा करने के लिए चावल के सवालाख दाने कपड़े की थैली में भरकर चढ़ाते हैं।

इस चावल को लाख चाउर या लक्ष चावल भी कहा जाता है। इस शिवलिंग की स्थापना स्वयं लक्ष्मण ने की थी। इसलिए लक्ष्मणेश्वर महादेव कहते हैं।

# गर्भगृह को छोड़ आखिर क्यों छत में विराजमान हो जाते हैं भगवान जगन्नाथ?

**भगवान जगन्नाथ को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर गंगाजल से स्नान कराया जाता है। भगवान जगन्नाथ 14 दिन एकांतवास में रहते हैं और फिर रथयात्रा पर निकलते हैं। 200 साल पुरानी परंपरा के अनुसार, भगवान जगन्नाथ छत पर विराजमान होते हैं।**



काशी दुनिया के सबसे प्राचीनतम शहरों में से एक है। यह शहर अपनी परंपराओं के लिए पूरी दुनिया में जानी जाती है। यहां भगवान जगन्नाथ का प्राचीन मंदिर है। वैसे तो भगवान जगन्नाथ मंदिर के गर्भगृह में भक्तों को दर्शन देते हैं, लेकिन साल में एक बार ऐसा मौका होता है जब वो छत पर विराजमान हो जाते हैं। इस दौरान भक्त भी उन्हें अनवरत गंगा जल से स्नान कराते हैं। ज्येष्ठ पूर्णिमा पर पूरे दिन यह नजारा दिखाई देता है।

भक्त इस भाव से मंदिर के छत तक आते हैं कि उनके आराध्य भगवान जगन्नाथ गर्मी से बेहाल हैं, उन्हें शीतलता मिले। इसलिए उन्हें पवित्र गंगाजल से स्नान कराया जाता है। भक्तों के प्रेम में पूरे दिन स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ बीमार हो जाते हैं।

**200 साल से अधिक पुरानी है परंपरा**

अस्सी स्थित जगन्नाथ मंदिर के प्रधान पुजारी राधेश्याम पांडेय ने बताया कि सुबह 11 घड़े जल से स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ के जलयात्रा की परंपरा शुरू होती है। फिर उनकी आरती उतारी जाती है। यह परंपरा मंदिर के स्थापना यानी करीब 200 साल से अधिक समय से चली आ रही है।

**14 दिन एकांत वास में रहते हैं भगवान**

प्रधान पुजारी के मुताबिक, आषाढ़ कृष्ण प्रतिपदा तिथि से चतुर्दशी तिथि तक भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा बीमार रहते हैं। इस दौरान उन्हें काढ़े का भोग लगाया जाता है। इसी काढ़े को फिर प्रसाद स्वरूप में भक्तों को वितरित किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि जो भी इस काढ़े का प्रसाद ग्रहण करता है, वह पूरे साल बीमारी से मुक्ति मिल जाती है।अंतिम दिन जब भगवान जगन्नाथ स्वस्थ हो जाते हैं, तो उन्हें परवल का जूस पिलाया जाता है।

**नगर भ्रमण पर निकलते हैं भगवान**

इसके बाद भगवान जगन्नाथ जब स्वस्थ हो जाते हैं तो मनफेर के लिए नगर भ्रमण पर निकलते हैं। इसे रथयात्रा कहा जाता है। इस दौरान तीन दिनों तक भगवान भक्तों के बीच रहते हैं और उनकी मुरादें सुनते हैं। काशी में इस दौरान तीन दिनों का मेला लगता है। जिसे रथयात्रा मेला कहा जाता है।

### गृहस्थी में ऐसे रहें कि योग में भोग भोग में योग सध जाए

किसी फल में आम जैसी मिठास हो तो स्वाद बन जाएगा और उसी फल में नीम जैसी कड़वाहट हो तो स्वास्थ्य बन जाएगा। कबीरदास जी ऐसा ही फल थे। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कबीरदास जी के लिए मुक्तिदूत शब्द कहा था। कबीर से जुड़कर कौन-सी मुक्ति मिलती है? कबीर स्वयं गृहस्थ थे। उस काल के जितने संत हुए, उनकी गृहस्थी कबीरदास जी की गृहस्थी से बिल्कुल अलग थी। कबीर ने यह समझाया कि घर-परिवार में रहकर भी आत्मा के माध्यम से ईश्वर तक पहुंचा जा सकता है। कबीर कहते थे कि पूजा-पाठ करते-करते मनुष्य का शरीर यंत्रवत हो जाता है। जबकि पूजा आदत नहीं, स्वभाव होनी चाहिए। गृहस्थी के लिए ही शायद कबीर ने लिखा होगा कि जिन ढूंढा तिन पाइयां, गहरे पानी पैठ।

गृहस्थी एक ऐसा सागर है, जिसमें डुबकी लगाने पर डूबने का डर नहीं है, बल्कि बंधन में ही मुक्ति है और मुक्ति में ही बंधन है। इसलिए कबीरदास जी को याद करते हुए अपनी गृहस्थी में ऐसे रहें कि योग में भोग और भोग में योग सध जाए।

# आज गजकेसरी योग का संयोग

## कुंभ सहित 5 राशियों की होगी जमकर कमाई



आज 12 जून दिन गुरुवार है और कल की तिथि रहेगी आषाढ़ मास की कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि। ऐसे में के स्वामी ग्रह गुरु होंगे और कल के देवता भगवान विष्णु होंगे। ग्रहों की बात करें तो कल के दिन गुरु ग्रह का गोचर मिथुन राशि में बुध के साथ होगा और कल शाम चंद्रमा के धनु राशि में आगमन पर चंद्रमा और गुरु के बीच समसप्तक योग बनेगा जिससे गजकेसरी योग का निर्माण होगा। और तो और कल के दिन मूल नक्षत्र के संयोग में शुभ योग का भी निर्माण हो रहा है। और आज उभयचरी योग का भी शुभ संयोग बना है।

ऐसे में का दिन भगवान श्रीविष्णु और गजकेसरी योग के प्रभाव से कुंभ सहित 5 राशियों के जातकों के लिए भाग्यशाली रहने वाला है। आइए जानते हैं लकी राशिफल। यानी 12 जून गुरुवार है और चंद्रमा का गोचर धनु राशि में होगा। गुरुवार होने की वजह से पूरे दिन गुरु ग्रह का प्रभाव रहेगा और मिथुन राशि में बैठे गुरु का चंद्रमा के साथ समसप्तक होगा, जिससे गजकेसरी योग का उत्तम संयोग बनेगा।

इसके साथ ही कल उभयचरी योग का सुंदर संयोग भी बनने जा रहा है। इस पर कल मूल नक्षत्र का प्रभाव रहेगा और शुभ योग भी बनेगा। कल गुरुवार का दिन भगवान विष्णु को समर्पित होगा, जिससे के दिन का महत्व और बढ़ जाएगा। वैदिक पंचांग के अनुसार, आषाढ़ मास शुरू हो रहा है और आषाढ़ कृष्ण प्रतिपदा तिथि होगी। ऐसे में कल गजकेसरी योग और श्रीहरि विष्णु की कृपा से कुंभ सहित 5 राशियों के जातकों की जमकर कमाई होगी। इसके साथ ही कल इन राशियों को दुख तकलीफों से राहत मिलेगी। परिवार में माहौल अनुकूल रहेगा। ऐसे में आइये जानते हैं 12 जून गुरुवार का दिन इन 5 राशियों के जातकों के लिए किन किन मामलों में सौभाग्यशाली रहने वाला है। साथ ही जानिए गुरुवार के उपाय भी।

**2 जून का दिन वृषभ राशि के लिए कैसा रहेगा**

वृषभ राशि के जातकों के लिए कल गुरुवार का दिन शुभ रहने वाला है। कामकाज के लिहाज से कल का दिन उन्नति कारक होने वाला है। आप अपने कारोबार में बड़ा परिवर्तन लाने का प्रयास कर सकते हैं। हालांकि बदलावों के लिए का दिन अनुकूल है लेकिन आपको अपनी रणनीति और प्रबंधन दोनों ठीक रखना होगा। इसके साथ ही नौकरीपेशा जातकों को भी कल मनचाहा ट्रांसफर या काम मिल सकता है। इससे आपका मन खुश होगा। इसके साथ ही धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। और सेहत से जुड़ी अगर कोई परेशानी चल रही थी तो उसमें कुछ आराम होगा। परिवार में अच्छा माहौल रहेगा। पैतृक संपत्ति का लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही आपको परिवार की तरफ से कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है, जिससे परिवार में आपका आदर भी बढ़ेगा। वैवाहिक जीवन में माहौल खुशनुमा रहने के आसार हैं।

**वृषभ राशि के लिए कल गुरुवार के उपाय :** केले के पेड़ की पूजा करें और सत्यनारायण की कथा का पाठ करें। इसके बाद ब्राह्मणों को भोजन कराएं। इससे आपसे भगवान विष्णु प्रसन्न होंगे।

# गुरुवार के दिन भगवान विष्णु को अर्पित करें ये प्रिय फूल





गुरुवार का दिन भगवान विष्णु को समर्पित है। इस दिन भगवान विष्णु की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। पुराणों में बताया गया है कि पूजा में फूल पत्तों का विशेष महत्व है। दरअसल, पुराण और शास्त्रों के अनुसार, बिना फूल अर्पित करें पूजा निष्फल मानी जाती है। ऐसे में अगर आप भगवान विष्णु को प्रसन्न करना चाहते हैं तो गुरुवार के दिन भगवान विष्णु के 8 प्रिय फलों में से कोई भी एक अर्पित करने से आपको भगवान विष्णु की कृपा मिल सकती है। आइए जानते हैं गुरुवार को भगवान विष्णु को कौन से 8 फूल अर्पित करने चाहिए।

**भगवान विष्णु के प्रिय फूल**

गुरुवार के दिन अगर आप भगवान विष्णु को कदम का फूल अर्पित करते हैं तो व्यक्ति को मृत्यु को बाद यमलोक के कष्टों से मुक्ति मिलती है। यमराज की यातनाएं नहीं सहन करनी पड़ती हैं। साथ ही भगवान विष्णु की भी व्यक्ति पर विशेष कृपा बनी रहती हैं। यह आपको कम से कम 7 या 5 गुरुवार जरुर चढ़ाना चाहिए। हालांकि, आप चाहें तो हर गुरुवार इसे नियमित चढ़ा सकते हैं।

**भगवान विष्णु को अर्पित करें गुलाब का फूल**

भगवान विष्णु को गुरुवार के दिन लाल गुलाब का फूल भी अर्पित करना चाहिए। गुलाब का फूल भगवान विष्णु के साथ साथ मां लक्ष्मी को भी प्रिय है। अगर किसी को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है या कारोबार या नौकरी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो आपको कम से कम 11 गुरुवार भगवान विष्णु को गुलाब के फूल अर्पित करने चाहिए।

**विष्णु को अर्पित करें कनेर और गेंदे के फूल**


भगवान विष्णु की पूजा में पीले रंग के फूलों का विशेष महत्व है। साथ ही भगवान विष्णु को कनेर और गेंदे के फूल अर्पित करने चाहिए। मान्यता है कि भगवान विष्णु को पीले रंग के फूल अर्पित करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**भगवान विष्णु को अर्पित करें चंपा और कमल का फूल**

कमल का फूल भगवान विष्णु के साथ साथ मां लक्ष्मी को भी प्रिय है मान्यता है कि इस फूल को अर्पित करने से माता लक्ष्मी भी प्रसन्न होती हैं और व्यक्ति को जीवन में सुख समृद्धि आती है। विशेष रूप से यदि कोई पीले रंग या केसरिया रंग का चंपा और कमल फूल अर्पित करता है तो वह जीवन मृत्यु के चक्र से छूट जाता है।

**भगवान विष्णु को अर्पित करें पारिजात का फूल**

गुरुवार के दिन विशेष रूप से भगवान विष्णु को पारिजात जिसे हरसिंगार का फूल अर्पित करना चाहिए। इस फूल को आप चाहें तो अर्पित कर सकते हैं वरना कम से कम 21 दिन आपको जरूर पारिजात का फूल भगवान विष्णु को अर्पित करना चाहिए।



भगवान विष्णु को पारिजात का फूल अर्पित करने से व्यक्ति को धन धान्य की कमी नहीं रहती है। साथ ही सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। वहीं, व्यक्ति की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

# उल्लू इस तरह दिख जाए तो समझ लें शुरू होने वाला है आपका अच्छा समय



हमारे जीवन में अक्सर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं, जो हैरान करने वाली होती हैं। जैसे- सुबह अचानक गाय का दिखना, बिल्ली का घर में आना, कौए का छत पर आकर बोलना, घर के पास चिड़िया का घोंसला बनाना आदि। अचानक से होने वाली ये घटनाएं लोगों के मन यह सवाल जरूर खड़ा करती है, कि आखिर इसका क्या मतलब होता है या फिर क्या ऐसा बेवजह होता है?

**भाग्य का साथ मिलने वाला संकेत**

माना जाता है कि अगर रात को जागने वाला उल्लू किसी व्यक्ति को दिन में नजर आ जाए, तो यह एक शुभ संकेत होता है। इसका अर्थ है कि जल्द ही आपके जीवन में खुशियां आने वाली हैं और भाग्य भी आपका पूरा साथ देगा। उल्लू का दिन में दिखना यह बताता है कि आपको कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकती है या कुछ समय बाद जीवन में कई सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। ऐसे में अगर आपने भी दिन के समय उल्लू देखा है, तो घबराएं नहीं यह आपके जीवन में खुशहाली और तरक्की आने का संकेत हो सकता है।

**घर में समस्याएं आने पर मिलता है यह संकेत**

अगर कोई उल्लू लगातार आपके घर में आकर दस्तक देने लगे, तो सावधान हो जाना चाहिए। शास्त्रों में इसे अच्छा संकेत नहीं माना जाता है। एक ही उल्लू का लगातार घर पर आना यह बताता है कि आपके जीवन या घर में कोई बड़ी समस्या आने वाली है। यह घटना इस बात का संकेत हो सकती है कि घर के मुखिया को किसी बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में सावधान रहना चाहिए। और परिवार व कारोबार के मामले में कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना चाहिए। लगातार घर में उल्लू का आना आपके लिए सतर्क रहने का संकेत भी हो सकता है।

**अच्छा समय शुरू होने पर मिलता है यह संकेत**

आज के टाइम पर सफेद उल्लू दिखना बहुत किस्मत की बात होती है। लेकिन अगर यह रात के समय नजर आ जाए, तो इसे बेहद शुभ संकेत माना गया है। शकुन शास्त्र के अनुसार, रात के वक्त सफेद उल्लू दिखने का अर्थ होता है कि व्यक्ति के जीवन की सारी समस्याएं जल्द ही समाप्त होने वाली हैं। साथ ही, यह आपका अच्छा समय शुरू होने का संकेत भी हो सकता है। माना जाता है कि सफेद उल्लू का अर्थ होता है कि व्यक्ति को जल्दी ही अपने जीवन से जुड़े कुछ सकारात्मक समाचार सुनने को मिल सकते हैं, जिससे घर में खुशहाली दस्तक देने लगती है।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 12 जून - 2025

# चीन को सटीक जवाब

अरुणाचल प्रदेश में बनने वाला सियांग अपर मल्टीपर्पस प्रोजेक्ट बनने के बाद भारत का सबसे बड़ा हाइड्रोपावर स्टेशन होगा। यह देश की सुरक्षा के लिए भी बहुत जरूरी है। इस प्रोजेक्ट से अरुणाचल के विकास को भी पंख लग जाएंगे। 1.13 लाख करोड़ रुपये की लागत वाला यह प्रोजेक्ट एलएसी के पास अपर सियांग जिले में बनेगा। बता दें कि चीन ने यह खतरनाक मंसूबा पाल रखा है कि ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को नियंत्रित कर भारत को परेशानी में डाल देगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने चीन के दोस्त पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता रोका है, उसकी वजह से तिलमिलाया ड्रैगन अपने नापाक इरादों को जाहिर करता रहता है। ऐसे में सियांग प्रोजेक्ट उसकी सारी चालबाजियों पर पानी फेरने के लिए काफी है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। उन्हें सामरिक महत्त्व के साथ-साथ सियांग डैम प्रोजेक्ट की आवश्यकता के बारे में पूरी जानकारी है की यह प्रदेश की तरक्की के साथ ही देश की सुरक्षा को लेकर भी बहुत महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह प्रोजेक्ट चीन की ओर से तिब्बत में एलएसी से 50 किलोमीटर से भी कम दूरी पर यारलुंग त्सांगपो नदी पर 60 गीगावाट के हाइड्रो स्टेशन (मेडोग बांध) के निर्माण के जवाब में है। पिछले साल ही भारत ने ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े हाइड्रोइलेक्ट्रिक बांध को चीन की ओर से मंजूरी मिलने पर चिंता जताई थी। इसके बाद भारत ने सियांग अपर मल्टीपर्पस प्रोजेक्ट की योजना बनाई। सियांग नदी ब्रह्मपुत्र की प्रमुख सहायक नदी है। सियांग नदी तिब्बत में कैलाश पर्वत के पास से निकलती है और यारलुंग त्सांगपो (ब्रह्मपुत्र को चीन में इसी नाम से जानते हैं) के रूप में 1,000 किलोमीटर से अधिक पूर्व की ओर बहती है। यह अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने से पहले नामचा बरवा चोटी के चारों ओर एक घोड़े की नाल के आकार का मोड़ बनाती है। असम में यह दिबांग और लोहित नदियों के साथ मिलकर ब्रह्मपुत्र बन जाती है। चीन जो यारलुंग त्सांगपो नदी पर तिब्बत के मेडोग काउंटी में जलविद्युत परियोजना बना रहा है, उसे 'सुपर डैम' कहा जा रहा है। इसके बनने से भारत के पूर्वोत्तर में बाढ़ और सूखे का खतरा बढ़ सकता है। क्योंकि, वह ब्रह्मपुत्र का कंट्रोल अपने हाथ में लेने का मंसूबा पाल रहा है। इस 'सुपर डैम' की क्षमता चीन के थ्री गॉर्जेस डैम से लगभग 3 गुना ज्यादा है। कुल मिलाकर ड्रैगन का मकसद यारलुंग त्सांगपो के पानी को उत्तरी चीन में मोड़ना है। सियांग अपर मल्टीपर्पस प्रोजेक्ट को ब्रह्मपुत्र पर चीन की जलविद्युत परियोजनाओं के प्रभाव को कम करने के लिए ही बनाया जाना है। इससे भारत की पानी की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। यह चीन की ओर से पानी छोड़े जाने के कारण पैदा होने वाले बाढ़ के खतरे को भी कम करेगा। केंद्र सरकार का कहना है कि इस प्रोजेक्ट को शुरू करने से भारत को अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत चीन के पानी मोड़ने की योजनाओं का विरोध करने का कानूनी अधिकार भी मिल जाएगा। यह साल भर नदी के प्रवाह को भी सुनिश्चित करेगा।

# पृथ्वी की उष्णता और जटिल समाधान



संजीव ठाकुर

आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया।जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा।

# खतरे में है संस्कार, भरोसे का कत्ल करती नवविवाहिताएं!



मनोज कुमार अग्रवाल

शिलॉन्ग में हनीमून के दौरान इंदौर के नवविवाहित पर्यटक राजा रघुवंशी हत्याकांड ने देश को झकझोर दिया है। इस हत्याकांड की तमाम साजिश राजा की नवविवाहिता पत्नी सोनम ने अपने प्रेमी राज कुशवाह के साथ मिलकर तैयार की और उसे बेहद शातिराना तरीके से अंजाम भी दिया। लेकिन हर अपराधी अपराध करने के दौरान कोई न कोई सबूत छोड़ जाता है ऐसा ही सोनम के साथ हुआ और मेघालय पुलिस तमाम आरोप और आलोचना को चुपचाप जहर की तरह पीकर आपरेशन हनीमून की तफ्तीश में शिद्दत से लगी रही और राजा रघुवंशी हत्याकांड का जो खुलासा किया उससे आंखें खुली की खुली रह गईं।

दरअसल शादी से पहले सोनम और राज के बीच अफेयर था। राज इंदौर में सोनम के पिता की प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था, जहां दोनों की मुलाकात हुई और प्यार हो गया। सोनम से उम्र में राज पांच साल छोटा है। पुलिस के मुताबिक,सोनम और राज ने हत्या की साजिश रची और भाड़े के लोगों को सुपारी दी गई। इसी प्रेम के चलते यह खौफनाक कदम उठाया गया। मेघालय के डीजीपी आई नोंगरांग ने बताया कि राजा की बेवफा पत्नी सोनम ने जब कानून के हाथ खुद तक पहुचते महसूस किये और बचने के रास्ते नहीं रहे तब उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में चाय वाले के यहां पहुंच कर खुद के अगुआ होने और यहा छोड़ जाने का आखिरी पासा फेंका जहां से पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। वहीं कई दिन छापेमारी के बाद चार अन्य हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया। होटल, हनीमून और फिर मर्डर केस में जिस तरह से बड़ा खुलासा सामने आया वो चौंकाने वाला इससे पहले भी कई ऐसे प्रेम प्रसंग के मामले सामने आ चुके है जिसमें शादी के बाद पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। ऐसे ही मामलों के बारे में आपको बताते हैं जिसकी चर्चा पूरे देश में हुई है ।

अभी राजा हत्याकांड का खुलासा हो ही रहा है कि 11जून को उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर में सामने आए ऐसे ही एक और मामले ने सनसनी फैला दी है। यहां एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी और उसका शव फेंक दिया। पुलिस की जांच में पता चला है कि महिला पति को बलरामपुर ले गई और वहां नशीला पदार्थ खिलाकर प्रेमी की मदद से उसे पुल से राप्ती नदी में फेंक दिया था।महिला ने शादी के लगभग 18 साल बाद प्रेमी की चाह में उससे मिलकर पति की हत्या करवा दी। कन्नन से 18 साल पहले संगीता की शादी हुई थी। शादी के बाद कन्नन और संगीता का 12 साल का एक बेटा भी है। इस दौरान संगीता बलरामपुर निवासी अनिल शुक्ला उर्फ विवेक निवासी लक्ष्मणपुर धर्मपुर थाना ललिया से प्रेम भी करती रही।

इसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में भी सामने आया, जहां शादी के 15 दिन बाद ही पति का मर्डर कर दिया गया। औरैया में दिलीप नाम के युवक की शादी के 15 दिन बाद ही हत्या कर दी गई। इस हत्या की साजिश दिलीप की पत्नी प्रगति ने अपने प्रेमी अनुराग के साथ मिलकर रची थी। प्रगति और अनुराग पिछले चार साल से रिलेशन में थे। प्रगति किसी भी हाल में अनुराग को पाना चाहती थी। ऐसे में उसने पति को रास्ते से हटाने के लिए खौफनाक साजिश रच डाली। शादी के 15 दिन बाद 19 मार्च को दिलीप को गोली मारी गई, जिसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में प्रगति और अनुराग को गिरफ्तार कर लिया। मेरठ का सौरभ हत्याकांड काफी सुर्खियों में रहा था। 3 मार्च की रात मुस्कान ने अपने बॉयफ्रेंड साहिल के साथ मिलकर पति सौरभ की हत्या कर दी थी।उत्तर प्रदेश के मेरठ में सौरभ हत्याकांड सामने आया था, जिसमें सौरभ की पत्नी मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने ही पति को रास्ते से हटा दिया। ये मर्डर केस इतना खौफनाक था कि सौरभ के शव को कई टुकड़ों में काटा और नीले रंग के ड्रम में भरकर सीमेंट से जमा दिया। पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया और मुस्कान और साहिल को गिरफ्तार कर लिया। मुस्कान गर्भवती भी है। जेल में हुई प्रेग्नेंसी टेस्ट में उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

इसी तरह का मामला देवरिया में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई इसी साल 2025 के अप्रैल के महीने में उत्तर प्रदेश के देवरिया में दिल दहला देने वाली घटना हुई। यहा एक महिला ने अपने प्रेमी की मदद से अपने पति की हत्या कर दी और शव को दो टुकड़ों में काटकर ट्रॉली बैग में भरकर ठिकाने लगाने की कोशिश की। 38 वर्षीय नौशाद अहमद नामक पीड़ित 10 दिन पहले ही दुबई से लौटा था। मईल थाना क्षेत्र के भटौली गांव में उसके घर से करीब 55 किलोमीटर दूर तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक खेत में उसका क्षत-विक्षत शव मिला था।

बलिया में प्रेमी के प्यार में पागल 50 साल की महिला ने अपने पति को मौत के घाट उतार दिया। उसने भी हैवानियत की हदें पार कर दी थीं। महिला ने न सिर्फ अपने की हत्या की बल्कि उसके शव को 6 टुकड़ों में काटा और फिर घाघरा नदी के किनारे फेंक दिया। इसके बाद वो खुद ही पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाने पहुंच गई थी। पुलिस ने छानबीन की तो उसके पति का शव बरामद हुआ। तब जांच के बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया।

मेरठ में अमित कुमार की हत्या उसकी पत्नी रविता ने अपने प्रेमी अमरदीप के साथ मिलकर की थी। हत्या को हादसा दिखाने के लिए रविता ने अमित के शव के पास सांप रख दिया और कहा कि उसकी मौत सांप के काटने से हुई है। लेकिन इसके बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई और सच छिप न सका। जांच में पता चला कि रविता और अमरदीप ने मिलकर अमित की गला घोंटकर हत्या की थी।

ऐसे की एक केस आगरा जिले से आया था, जिसमें 11 मार्च 2025 को महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति का गला घोंटकर हत्या कर दी। सिर्फ इतना ही नहीं इसके बाद वो अपने पति के शव को ऑटो में रखकर 65 किलोमीटर दूर मथुरा जिले में फेंक आई थी। दरअसल महिला का एंबुलेंस ड्राइवर के साथ अफेयर चल रहा था। पति को इस बात की भनक लग गई थी। तभी महिला ने पति को रास्ते से हटाने के लिए यह प्रपंच रचा था।

हाल ही में अप्रैल माह में बिजनौर के फारूक की हत्या कर दी गई। फारूक सऊदी में काम करता था और गांव लौटा था। उसे पता चला कि उसकी पत्नी अमरीन का गांव के मेहरबान से प्रेम प्रसंग है। फारूक ने अमरीन की पिटाई की, जिससे नाराज होकर अमरीन ने मेहरबान के साथ मिलकर उसे मारने की साजिश रची। फिर मेहरबान और उसके साथी उमर ने फारूक को गोली मार दी।

यूपी के मैनपुरी में 17 फरवरी 2025 को साजिद नाम के शख्स की अधजली लाश खेतों से बरामद हुई थी। उसका भी कत्ल किसी और ने नहीं बल्कि साजिद की पत्नी आमना ने अपने प्रेमी सुमित के साथ मिलकर किया था। सुमित के साथ प्रेम प्रसंग की भनक सादिज को लग गई थी। इसीलिए आमना ने साजिद को रास्ते से हटाने का प्लान किया।

जाहिर है कि इस तरह की वारदातों की झड़ी लगी है जिनमें विवाहित महिलाएं एक्स्ट्रा मैरेटियल अफेयर्स यानि अतिरिक्त विवाहेत्तर संबंधो के चलते अपने पति की नृशंसता से जान ले रहीं हैं। दरकते दाम्पत्य और भरोसे के कत्ल से विवाह संस्कार पर संदेह और विश्वास का संकट पैदा होने का खतरा बढ़ गया है।

# इंस्टाग्राम संस्कृति में तीर्थयात्रा बनाम पर्यटन




सचिन त्रिपाठी

आज की दुनिया में जहां हर क्षण एक स्टोरी है, हर भाव एक फिल्टर में ढलता है, वहां तीर्थयात्रा और पर्यटन के बीच की रेखा धुंधली हो गई है। यह वह युग है, जहां नयनाभिराम दृश्य नयन नहीं, लेंस से देखे जाते हैं; और जहां यात्रा का उद्देश्य आत्मशांति नहीं, 'एंगेजमेंट' होता है। यथा एक यूट्यूबर ने एक बार केदारनाथ धाम में ध्यानमग्न एक साधु से पूछा कि इतने वर्षों से आप मंदिर में दर्शन को आ रहे हैं। आपको क्या अंतर प्रतीत हुआ? साधु का उत्तर था, पहले लोग दोनों हाथ जोड़कर मंदिर के सम्मुख खड़े होते थे। अब एक हाथ में मोबाइल आ गया है। यह आलेख ऐसी ही जीवंत घटनाओं के उदाहरणों के साथ साथ एक आत्मविश्लेषण है उस परिवर्तन का जो आस्था को 'हैशटैग' में और मोक्षमार्ग को 'रील्स' में बदल रहा है।

भारत जैसे देश में, जहां हजारों सालों से तीर्थयात्राएं आध्यात्मिक साधना रही है, वहां यह सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं अपितु जीवन की तपस्या रहीं। काशी, गया, द्वारका, बद्रीनाथ, जगन्नाथ, वैष्णो देवी, सोमनाथ, वृंदावन या अयोध्या..। ये स्थान आत्मबोध की भूमि थे। यहां धर्मावलंबी, श्रद्धालु अपने पाप धोने, आत्म शांति खोजने एवं मोक्ष की ओर बढ़ने के भाव से आते थे। चिलचिलाती धूप, कंधों पर कांवड़, नंगे पांव की यात्रा और मन में सिर्फ ईश्वर का नाम यही तीर्थयात्राओं का मूल भाव रहा है। परंतु; आज वही तीर्थयात्राएं, इंस्टाग्राम स्टोरीज़ की 'वाइब्रेंट रील्स' में तब्दील हो गई हैं। अब यात्री की चिंता यह नहीं कि मन कितनी श्रद्धा में डूबा है, अपितु, यह है कि फोटो में कितना 'एस्थेटिक' बैकग्राउंड है।

पर्यटन हमेशा से आनंद, मनोरंजन और सांस्कृतिक खोज का जरिया रहा है। लोग पहाड़ों, समुद्रों, ऐतिहासिक स्थलों और बाजारों में घूमते थे ताकि वे अपनी दुनिया से हटकर कुछ नया देख सकें। मगर अब पर्यटन भी प्रदर्शन का माध्यम बन गया है इंस्टाग्राम कल्चर में पर्यटन अब सिर्फ घूमने का नाम नहीं रह गया बल्कि वह एक डिजिटल परफॉर्मेंस है। यह दिखाने का मंच है कि आप कितने 'एक्सप्लोरर', कितने 'एस्थेटिक ट्रैवलर', कितने 'फ्री स्पिरिट' हैं।

आज अगर आप वाराणसी जाएं तो घाटों पर उतनी प्रार्थनाएं नहीं दिखेंगी जितने मोबाइल कैमरे। केदारनाथ में श्रद्धालु से ज़्यादा कंटेंट क्रिएटर दिखते हैं। अमरनाथ के रास्ते में जितनी पवित्रता नहीं, उतना ट्रैवल व्लॉग दिखता है। तीर्थ अब पर्यटन स्थल बन गए हैं और श्रद्धा अब 'हैशटैग' में तब्दील हो गई है। लोग मंदिरों में प्रवेश से पहले जूते नहीं, कैमरा ट्राइपॉड उतारते हैं। दर्शन से पहले 'सेल्फी विद गॉड' जरूरी हो गई है। क्या यह सिर्फ आलोचना है या परिवर्तन की स्वाभाविक धारा है? यह जरूरी नहीं कि हर बदलाव बुरा ही हो। सोशल मीडिया के माध्यम से तीर्थ स्थलों को नई पीढ़ी जान रही है, देख रही है और



वहां जाने की प्रेरणा ले रही है। कई युवाओं के लिए यह माध्यम धार्मिक रुचि जगाने का साधन भी बना है। इंस्टाग्राम पर जब कोई केदारनाथ में शिव की भक्ति में डूबी तस्वीर साझा करता है तो वह केवल दिखावा नहीं होता। कई बार वह श्रद्धा की डिजिटल अभिव्यक्ति भी होती है।

मूल समस्या तब आती है जब यात्रा का केंद्र बिंदु बदल जाता है। अगर तीर्थयात्रा केवल सुंदर तस्वीरों और वीडियो के लिए की जाती है और आस्था केवल ' रील्स' के लिए होती है तो वह तीर्थ नहीं पर्यटन है और जब पर्यटन भी केवल दूसरों को दिखाने का माध्यम बन जाता है, तब वह अनुभव नहीं, अभिनय बन जाता है। तीर्थ का अनुभव कभी मौन होता था, भीतर उतरने वाला। अब वह डीजे वाले भजन, ड्रोन शॉट्स और 'फुल सिनेमैटिक एक्सपीरियंस' में तब्दील हो गया है। जो भाव पहले मन में जागते थे, अब वे एडिटिंग ऐप में डाले जाते हैं।

जब यात्रा का मकसद आध्यात्मिक नहीं, सामाजिक मान्यता हो तो यह एक भीड़ पैदा करता है – एक ऐसी भीड़ जो दर्शन के लिए नहीं, 'फ्रेम' के लिए आती है। यह भीड़ धार्मिक स्थलों की पवित्रता को भी प्रभावित करती है। गंदगी, शोर, अनुशासनहीनता, व्यवसायीकरण – यह सब तीर्थ स्थलों पर दिखने लगा है। इंस्टाग्राम के ट्रेंड ने कई तीर्थ स्थलों को पर्यटन हब में बदल दिया है। होटल, कैफे, इंस्टा फ्रेंडली कॉर्नर, भव्य गेटवे। यह सब अब तीर्थ स्थलों की पहचान बन रहे हैं। यहां तक कि मंदिरों के बाहर 'फोटो बूथ' बनने लगे हैं – "हैशटैग श्रीराम जोन", "हैशटैग हरहरमहादेव स्पॉट" । इस बदलाव को नकारना व्यर्थ है लेकिन इस पर नियंत्रण जरूरी है। तीर्थयात्रा को पर्यटन में तब्दील होने से बचाने के लिए धार्मिक स्थलों की अपनी आचार संहिता होनी चाहिए, जैसे –कैमरा उपयोग की सीमा तय हो, फोटोशूट की अनुमति मंदिर के भीतर न हो, मौन, अनुशासन और स्वच्छता को बढ़ावा दिया जाए, यात्रा का उद्देश्य प्रचार न होकर प्रेरणा हो।

इंस्टाग्राम संस्कृति ने हमारे यात्रा अनुभवों में दृश्यता और साझा करने की सुविधा दी है लेकिन इसने आत्मिक अनुभवों को सतही भी बना दिया है। तीर्थयात्रा आत्मा की भूख है जबकि पर्यटन मन का सुख। अगर हम तीर्थ को भी सिर्फ कैमरे की नजर से देखेंगे तो उसकी पवित्रता खो जाएगी। तीर्थ को अनुभव करना है, दर्शाना नहीं।

# नदियों की सुरक्षा में सभ्यता सुरक्षित है



रामाशीष

प्रकृति के पंच भूतों में से एक जल जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक परम आवश्यक है।वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकी एवं औद्योगिक क्षेत्र के विकास एवं उन्नयन के लिए जल एक अत्यावश्यक संसाधन हैं । नदियां हमें जल ही नहीं देती बल्कि हमारे समग्र जीवन प्रणाली की जीवनरेखा हैं।जैव विविधता, मिट्टी, रेत ,जल एवं अविरल प्रवाह मिलकर नदी की गुणवत्ता निर्धारित करते हैं। व्यक्ति के जीवन यापन के लिए ऑक्सीजन का महत्व हैं ,ठीक उसी प्रकार नदियों के जीवन के लिए इन सूक्ष्म से लेकर विशाल धाराओं की उपादेयता हैं। जैव विविधता नदियों के जीवन के लिए प्राणवायु हैं,जो नदियों के जल के लिए अति आवश्यक है जो उनके जल को शुद्ध करके ऑक्सीजन से भरते हैं इसलिए नदी में इतना जल हो कि वह जैव विविधता का ऑक्सीकरण कर सके।

मानवीय सभ्यता के लिए नदियों को ईश्वरीय वरदान माना जाता हैं ।पृथ्वी पर जीवन का आधार नदियां हैं । भारतवर्ष में संस्कृतियों ,सभ्यता के विकास के समय से नदियां सर्वदा पूजनीय एवं श्रद्धा की धारक रही हैं । नदियों को साक्षात शक्ति एवं भक्ति का प्राकट्य माना गया हैं । ईश्वरीय आराधना में नदियों का विशेष योगदान रहा हैं। अर्थववेद में नदी को माता कहा गया है। नदियां हमारी माता है, जो हमें जल रूपी दूध प्रदान करती हैं। पृथ्वी पर नदियां सुरक्षित हैं तो मानवीय जीवन भी सुरक्षित हैं ।जीवनदायिनी नदियां व्यक्ति को जल मार्ग ही नहीं बल्कि वर्षा के जल को सहेजकर धरती के नमी को भी बनाए रखती हैं। महर्षि मनु ने नदी के स्थान को अत्यधिक गौरवपूर्ण बताया हैं । उपनिषदों में नदी को सर्वोच्च स्थान प्रदान किया गया है। नदी सभी गुरुजनों में सर्वोच्च स्थान रखती है।

महाभारत में गंगा जी की उपादेयता को बताते हुए कहा गया है कि परशुराम जी क्षत्रिय विनाशक होते हुए भी गंगा माता के निवेदन पर देवव्रत को शिक्षा प्रदान किए थे। नदियां परम गुरु हैं। नदियों को प्रदूषित करने में कारपोरेट जगत का विशेष योगदान है, क्योंकि उनके सह पर अवैध खनन ने भी नदियों को प्रदूषित किया हैं ।क्षेत्रीय स्तर, राष्ट्रीय स्तर एवं वैश्विक स्तर पर नदियों के महत्व को रेखांकित करना एवं लोगों में जागरूकता पैदा करना सभ्य नागरिक समाज की विशिष्टता हैं ।हम सभी लोगों को नदियों के स्वास्थ्य उन्नयन, नदी प्रदूषण के रोकथाम के लिए प्रयास करना, नदी प्रदूषण, नदी संरक्षण एवं नदी स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए जागरूक होना चाहिए। अमेरिकी शोध संस्थान,' प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल अकैडमी आफ साइंसेज ' द्वारा प्रकाशित शोध रपट के अनुसार, पेरासिटामोल, निकोटीन, कैफीन, मिर्गी की दवा एवं मधुमेह की दवाइयां नदियों के जल को प्रदूषित एवं संक्रमित कर रहे हैं। शोध संस्था के प्रतिवेदन के अनुसार ,नदियों में विषाक्त की मात्रा बहुत ज्यादा मात्रा में पाई जा रही हैं। प्लास्टिक कचरा, पॉलीथिन एवं पॉलीथिन की पनिया नदियों को प्रदूषित करने का बड़ा कारण हैं।एक प्रतिवेदन के अनुसार,संसार भर में 20 नदियां हैं जिनके सहारे बहुत बड़ी मात्रा में प्लास्टिक महासागरों में बहकर आ रहे हैं।समाज में नदियों के महत्व, उपादेयता,संरक्षण की आवश्यकता, जागरूकता एवं वैज्ञानिक सोच के द्वारा नदियों को संरक्षित किया जा सकता हैं । नदियों के प्रति समाज की सहयोग एवं सुरक्षा का दृष्टिकोण नदियों को स्वस्थ एवं पर्यावरण हितैषी बना सकता हैं । नदियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने के लिए जल प्रदूषण को नियंत्रित करना ,नदियों के किनारे वृक्षारोपण करना ,नदियों में पॉलीथिन, प्लास्टिक कचरा एवं कूड़ा को प्रवाहित ना करना चाहिए।

# भारत में प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के तरीके



शिवानन्द मिश्रा

भारत जापान को पछाड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।स्टॉक मार्केट रॉकेट बनकर उड़ रहा है। खबर सुकून वाली है लेकिन बस एक ही आंकड़ा है जो व्यथित करता है, जापान की आबादी 12 करोड़ है हमारी 150 करोड़। हर जापानी साल का 29 लाख रूपये कमा रहा है और हम 2.5 लाख भी नहीं। इसमें ये भी एक फैक्टर है कि जापान के सर्विस सेक्टर में काम करने वालो की डिमांड ज्यादा है जबकि लोग कम है। इस वज़ह से जॉब पैकेज अच्छे ही होते हैं लेकिन ये एक्सक्यूज़ तब काम करता ज़ब हमारी भी प्रति व्यक्ति 12 लाख रूपये सलाना के आसपास होती।

औसत भारतीय परिवार में चार लोग होते हैं। उनमें से एक कमाता है मान लीजिए कि उसकी सैलरी 60 हजार भी है. घर के खर्चे तो ठीक चल रहे है लेकिन ज़ब प्रति व्यक्ति आय की गणना होंगी तो इसे 15 हजार रूपये महीना ही गिना जाएगा और कुछ पश्चिमी लोग इसे पोवर्टी बोलेंगे।

भारत में परिवारो में रहने की परंपरा है. बच्चे नौकरी पर लगते हैं तो चाहते हैं कि पिता अब जॉब छोड़ दे और लाइफ एन्जॉय करें। इन सामाजिक मूल्यों के बीच प्रतिव्यक्ति आय सदा ही चुनौती रहेगी। परिवार का हर व्यक्ति कमाये ये पश्चिम का कॉन्सेप्ट है।

इसलिए हम खुद को अपने स्तर पर निखारे। भारत मे बड़े राज्यों मे सबसे ज्यादा प्रति व्यक्ति आय हरियाणा और गुजरात की है जो 4.5 लाख रूपये के आसपास है।हम प्रयास करते है कि अगले 10 सालो में अन्य राज्य भी इस आंकड़े के करीब आ जाए. जाहिर है तब तक गुजरात हरियाणा और आगे भाग चुके होंगे, तब हम उस नंबर का पीछा करेंगे। इस तरह से काम करें तो दूर भविष्य में आर्थिक असमानता का मुद्दा हल हो सकता है।

इन आंकड़ों मे एक डरा देने वाला तथ्य यह है कि भारत के यदि टॉप 5% उद्योगपति ये देश छोड़ दे तो हमारी प्रतिव्यक्ति आय 1 लाख के इर्द गिर्द रह जायेगी जो भयावह है क्योंकि ये अफ़्रीकी देशो से नीचे हो जायेगी।

इसलिए ज़ब कोई नेता पूंजीवाद के विरुद्ध बात करके सामजिक न्याय और समानता का ढ़ोल पीटे तो आप समझ जाइये कि आप किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रोपोगंडा के शिकार हो रहे है क्योंकि वोट की राजनीति ने आज तक किसी को न्याय नहीं दिलाया है।दूसरा डर जो मन मे होना चाहिए वह ये कि समाज नशे से जितना दूर हो, उतना ठीक। शराब का चलन आज भी कायम है. ये जहर है. 40-45 की आयु तक लोगो के लीवर गल रहे है। ज़ब इस आयु का व्यक्ति मरता है तो वो परिवार को नहीं, देश को भी नुकसान देकर जा रहा है।

इस आयु मे समाज आशा करता है कि वह अब रिटर्न मे समाज को कुछ देगा फिर चाहे वो नई तकनीक हो, नया व्यापार हो, नया आविष्कार हो या नया विचार हो लेकिन शराब यहाँ आतंकवादी से कम किरदार नहीं निभाती।तीसरी आवश्यक बात है कि महिलाओ को आगे आने दे क्योंकि वे जनसंख्या मे आधी है. इतिहास गवाह है रानी कैकयी युद्ध मे अपने पति दशरथ की सारथी बनी है. राज दरबारो मे महिलाओ ने शास्थार्थ मे पुरुषो को मात दी है। महिलाओ को घर मे कैद रखना हमारी परंपरा नहीं है। मुग़ल काल की मजबूरियों को आप प्रथा का नाम नहीं दे सकते,ये दासत्व का प्रतीक है, किसी स्थानीय शान का नहीं।बढ़ते तलाक, विवाह उपरांत संबंध और घर के आपसी झगड़ो के लिये नारी सशक्तिकरण उत्तरदायी नहीं है अपितु सामाजिक विचारो मे हो रहा परिवर्तन उसका दोषी है।

ये तीन वे बिंदु है जिन पर हमें मंथन या कहे पुनः मूल्यांकन की आवश्यकता है। सरकार तो एक इंजन है ही लेकिन नागरिको को भी उस इंजन का अग्रदीप बनना होगा।

# सूदखोर तोमर-ब्रदर्स के करीबियों के घर पुलिस का छापा

## ऋषभ और रविंद्र सिंह के ठिकानों से मिले सोने-चांदी के जेवर, कैश और प्रॉपर्टी के दस्तावेज



रायपुर, 11 जून (एजेंसियां)। रायपुर के सूदखोरी तोमर ब्रदर्स के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है। मंगलवार की रात पुलिस ने वीरेंद्र तोमर और रोहित तोमर के दो करीबी के घर छापेमारी की। दोनों करणी सेना से जुड़े हुए हैं। जांच में पता चला है कि, दोनों तोमर ब्रदर्स के भरोसेमंद हैं और उनके सूदखोर के काम में सहयोगी है।

दरअसल, हनुमान वाटिका भाठागांव में ऋषभ सिंह के घर और वालफोर्ट सिटी स्थित रविन्द्र सिंह के ठिकानों पर पुलिस ने छानबीन की। जांच के दौरान दोनों के घरों से सोने-चांदी के जेवरात, कैश और प्रॉपर्टी से जुड़े कई दस्तावेज मिले है। इसके अलावा तोमर ब्रदर्स से जुड़े प्रॉपर्टी दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।

पुलिस के अनुसार, ऋषभ सिंह खुद को करणी सेना का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बताता है। जांच में पता चला है कि, दोनों तोमर ब्रदर्स के कारोबार के सहभागी हैं। दोनों के नाम पर तोमर ब्रदर्स ने लाखों रुपए निवेश किया है। इसलिए कोर्ट से सर्च वारंट लेकर दोनों के मकान की तलाशी ली गई।

छापेमारी की कार्रवाई के दौरान एडिशनल एसपी, सीएसपी समेत कई थानों के प्रभारी और क्राइम ब्रांच की टीम बड़ी संख्या में पहुंची थी। इस मामले में आज शाम तक अधिकारी बड़ा खुलासा कर सकते हैं।

रायपुर पुलिस को शक है कि, वीरेंद्र तोमर और रोहित तोमर यूपी में छिपे है। रायपुर से पुलिस जल्द ही उत्तर प्रदेश जाएगी। वहीं, तोमर ब्रदर्स के कारोबार से जुड़े बाकी लोगों के घर पर भी पुलिस की टीम तलाशी लेकर पूछताछ करने की तैयारी में है।

# मंत्री टंक राम वर्मा का हिस्ट्रीशीटर तोमर बंधु के साथ फोटो वायरल



## सियासी हलचल तेज

भाटापारा, 11 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के राजस्व एवं खेल मंत्री टंक राम वर्मा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। लेकिन इस बार वजह उनके किसी सरकारी कार्य या योजनाओं का प्रचार नहीं, बल्कि एक वायरल तस्वीर है, जिसमें वे एक हिस्ट्रीशीटर के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर यह फोटो वायरल हो रही है।

वायरल हो रही इस तस्वीर में मंत्री दोनों हाथ बांधे खड़े हैं और उनके सामने दाढ़ी वाला वह शख्स खड़ा है जिसे वायरल पोस्ट में हिस्ट्रीशीटर तोमर बंधु बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, यह तस्वीर मंत्री टंक राम वर्मा के सरकारी कार्यालय की बताई जा रही है।

फिलहाल इस तस्वीर की पुष्टि या खंडन मंत्री या उनके कार्यालय की ओर से नहीं किया गया है। ना ही यह स्पष्ट हुआ है कि उक्त व्यक्ति वास्तव में फरार हिस्ट्रीशीटर है या नहीं। लेकिन सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

# विशाखापट्टणम में बेटे का बर्थडे सेलिब्रेशन, बालोद में मां की हत्या

## कमरे में खून से लथपथ मिली लाश सिर-गले पर वार, बहू पर मर्डर का शक

बालोद, 11 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में बेटे के जन्मदिन के दिन ही मां की हत्या हो गई। मामला बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम बघमरा का है।

बघमरा निवासी परमेश्वरी कृषि दुकान संचालक टुकेन्द्र देवांगन अपने दोस्तों के साथ विशाखापट्टनम में बर्थडे सेलिब्रेशन कर रहा था। उसी दौरान उसे सूचना मिली कि उसकी मां गीता बाई देवांगन (65 वर्ष) की हत्या कर दी गई है।

घटना की सूचना मिलते ही फोरेंसिक टीम और बालोद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जांच की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल की मर्च्युरी भेजा।

जहां आज (बुधवार) पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। घटना के वक्त घर पर अकेली मौजूद बहू से पुलिस पूछताछ कर रही है और जल्द ही मामले के खुलासे की बात कही जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार मृतिका के सिर और गले पर धारदार हथियार से कई वार किए गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि उस पर फावड़े से हमला किया गया।

घर के दूसरे कमरे में रखे फावड़ा को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

मौके पर एएसपी मोनिका ठाकुर और एसडीओपी देवांश सिंह राठौर ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यह हत्या का मामला है, लेकिन किसने और क्यों हत्या की, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

मृतिका गीता बाई देवांगन के पति सोनू राम देवांगन ने बताया कि, उनका बेटा एक दिन पहले ही घूमने के लिए गया है और वह भी मंगलवार सुबह 9.30 बजे अपनी बेटी सीमा के घर देवरी चले गए थे। जाते वक्त घर पर केवल गीता और बहू खिलेश्वरी मौजूद थीं।

जब पुलिस ने पारिवारिक विवाद को लेकर पूछताछ की तो सोनू राम ने बताया कि उनका इकलौता बेटा है। जिसकी शादी 8 साल पहले हुई थी।

गांव के लोग भी जानते हैं कि बहू का अक्सर घर के अन्य सदस्यों के साथ विवाद होता रहता था। उन्होंने कहा कि इस एंगल से जांच होनी चाहिए।

पुलिस ने उन्हें जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है।

# छत्तीसगढ़ में मानसून पर ब्रेक, अभी लोकल सिस्टम से बारिश

## 9 जिलों में अलर्ट, धमतरी-गरियाबंद में अंधड़ चलेगी, बिजली गिरेगी, रायपुर में सड़कें बनी तालाब



रायपुर, 11 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में कुछ हिस्सों में आज गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। बिजली गिर सकती है। मौसम विभाग ने बस्तर संभाग के 5 जिलों में यलो और 4 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कहीं-कहीं अंधड़ चल सकती है। इससे पहले रायपुर में लंबे ब्रेक के बाद मंगलवार शाम अच्छी बारिश हुई। आधे घंटे की बरसात से शहर के कई इलाकों में जल भराव हो गया। विधानसभा इलाके में ब्लैक आउट की स्थिति बन गई। हालांकि मौसम विभाग के मुताबिक ये मानसूनी बारिश नहीं है। ये लोकल सिस्टम के असर से पानी बरसा है। अभी बस्तर से आगे बढ़ने में मानसून को दो से तीन दिन का वक्त और लग सकता है। जून में अब तक प्रदेश के आधे से ज्यादा जिले सूखे की स्थिति में हैं। ये महीना बारिश के लिहाज से छत्तीसगढ़ के लिए खास नहीं रहा। ऐसा इसलिए क्योंकि 16 दिन पहले मानसून आने के बाद भी प्रदेश में पिछला एक सप्ताह ड्राई रहा। सिर्फ कुछ जगहों पर ही हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गई।

मौसम विभाग के मुताबिक आज से अगले चार दिनों तक प्रदेश के औसतन तापमान में दो से चार डिग्री तक की गिरावट देखने को मिलेगी। सोमवार को बात करें तो 39.5°सी के साथ सबसे गर्म राजनांदगांव रहा। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.2°सी दुर्ग का रहा।

अब तक की बात करें तो जून में 33 में से 27 जिले (लगभग 82%) में बारिश सामान्य या उससे कम रही है। सिर्फ 6 जिलों में बारिश सामान्य या उससे अधिक रही है। पूरे राज्य में औसतन 51% वर्षा की कमी है, जो सामान्य से कम मानी जाती है। इस समय मानसून की स्थिति कमजोर है और स्थिति यही रही, तो खरीफ फसलों पर असर पड़ सकता है।

हालांकि मौसम विभाग की माने तो जून का ट्रेंड यही रहा है। शुरुआती 10 से 12 दिन गर्मी बढ़ती है। इसके बाद बंगाल की खाड़ी या अरब सागर में बनने वाले लो प्रेशर एरिया या चक्रवातों के चलते मानसून सक्रिय हो जाता है। इस बार भी ऐसा ही होने की उम्मीद है। ओवर ऑल बात करें तो जून में अब तक 51% कम बारिश हुई है।

हालांकि इस बार की स्थित पिछले साल के मुकाबले बेहतर है। साल 2024 में जून का अधिकतम तापमान 45.7°सी था, जो 1 जून को दर्ज किया गया था। जबकि इस साल अधिकतम तापमान अब तक 42 से 43°सी के आस-पास ही रहा है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.5°सी 19 जून को रिकॉर्ड किया गया था। पिछले साल जून में पूरे महीने के औसत तापमान की बात करें तो 38.6°सी रहा था। वहीं न्यूनतम औसतन तापमान 27.7°सी दर्ज किया गया था।

# गोड्डा सदर अस्पताल में मरीज की मौत पर हंगामा

### परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का लगाया आरोप, हॉस्पिटल में तोड़फोड़

गोड्डा, 11 जून (एजेंसियां)। गोड्डा सदर अस्पताल में एक हृदय रोगी की मौत के बाद परिवार वालों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। कोरका निवासी गोरेलाल मंडल को हृदय रोग की शिकायत पर अस्पताल लाया गया था। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने न तो समय पर इलाज किया और न ही ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई, जिससे मरीज की मौत हो गई।

घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की। कुर्सी, रजिस्टर, फ्रिज समेत कई सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही हेडक्वार्टर डीएसपी जय प्रकाश नारायण चौधरी और नगर थाना प्रभारी दिनेश महली मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ड्यूटी पर डॉक्टर होते तो बच जाती साक्षी की जान

## पति बोला- बच्ची का नाम सोच रहे थे, तभी दर्द उठा, 4 घंटे तड़पी, इलाज नहीं मिला

रायपुर, 11 जून (एजेंसियां)। साक्षी बहुत खुश थी। रात के करीब 11 बज रहे थे। मैं और वो साथ मिलकर बच्ची का नाम सोच रहे थे। तभी उसके कमर में दर्द उठा। मैं ड्यूटी डॉक्टर के रूम की तरफ भागा, वहां कोई नहीं था। एक कमरे में वॉर्ड बॉय सोया था। मैंने उसे जगाया। वार्ड बॉय ने आकर साक्षी को एक इंजेक्शन लगाया। दो घंटे बाद उसने रिस्पांस करना बंद कर दिया। सुबह चार बजे मेकाहारा लेकर आए, तो डॉक्टरों ने बताया कि साक्षी की मौत हो चुकी है।

दीपक निषाद इसके आगे सिर्फ ये कहकर शांत हो जाते हैं कि वक्त पर इलाज मिला होता, तो मेरी पत्नी जिंदा होती। पूरा मामला रायपुर के बिरगांव नगर निगम क्षेत्र का है। जहां रावणभाठा स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में बच्ची को जन्म देने के 12 घंटे के भीतर 24 साल की साक्षी की मौत हो गई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने लापरवाही की है।

इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर 4 सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है। 3 दिन के भीतर सीएमएचओ को रिपोर्ट देना होगा। चार सदस्यीय जांच दल में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव बोहरा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ निर्मला यादव, एनेस्थिसिया विशेषज्ञ चंद्रा राव और नोडल अफसर मातृत्व शाखा डॉ प्रीति नारायण शामिल हैं।

बता दें कि ड्यूटी में तैनात डॉक्टर घर पर सो रहे थे। इमरजेंसी में वार्ड बॉय ने साक्षी का इलाज किया। रायपुर सीएमएचओ मिथलेश चौधरी ने भी लापरवाही मानते हुए जांच कमेटी बना दी है। पीड़ित परिवार के पास पहुंचा। कुछ ही देर पहले साक्षी का अंतिम संस्कार कर परिवार वाले लौटे थे।

पीड़ित परिवार ही नहीं पूरे मोहल्ले के लोगों की आंखों में आंसू थे। सभी अपने घरों के बाहर खड़े होकर सिस्टम को कोस रहे थे। नवजात बच्ची अपनी दादी की गोद में थी। घर में वेलकम पार्टी की तैयारी हो चुकी थी, लेकिन निषाद परिवार के यहां खुशियां घर के दरवाजे से ही दस्तक देकर लौट चुकी थी।

दीपक ने बताया साक्षी के पेट में सोमवार सुबह तेज दर्द उठा था। दोपहर दो बजे हम उसे लेकर अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल प्रभारी और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंजू लाल ने सर्जरी की थी। सबकुछ सही से हो गया था। पूरा परिवार खुश था। मैंने बेटी को गोद में उठाया और साक्षी, अपनी और बेटी तीनों की एक तस्वीर निकलवाई।

रात आठ बजे वार्ड से बाकी परिवार वाले साक्षी और बेटी के वेलकम की तैयारी करने के लिए घर निकल गए। मैं और साक्षी दोनों फ्यूचर प्लान करने लगे। बहुत सारी बातें हो रहीं थी। तभी साक्षी को तेज प्यास लगी। मौजूद स्टाफ से पूछकर मैंने साक्षी को थोड़ा पानी पिला दिया। करीब 11 बजे साक्षी को कमर में तेज दर्द उठा। उसने कहा सहन नहीं हो रहा डॉक्टर को बुलाओ जल्दी। मैं ड्यूटी डॉक्टर के रूम पर पहुंचा। वहां कोई नहीं था। बगल के एक कमरे में वार्ड बॉय लेटा हुआ था। मैंने उसे पूरी बात बताई। वो मेरे साथ साक्षी के पास पहुंचा।

वार्ड बॉय ने उसे एक इंजेक्शन लगाया। मुझसे कहा- दर्द कम हो जाएगा, लेकिन कुछ वक्त लगेगा। घंटे-डेढ़ घंटे बाद साक्षी बिल्कुल शांत हो गई। वो कुछ भी रिस्पांस नहीं कर रही थी। मैंने उसे कई दफा आवाज दी लेकिन वो नींद से जागी ही नहीं। मैं डर गया और दोबारा वार्ड बॉय के पास पहुंचा।

पति ने बताया कि वार्ड बॉय बार-बार बुलाए जाने से चिढ़ गया था। वो साथ चलने को तैयार नहीं था। कई दफा गुजारिश करने के बाद साथ आया। साक्षी को देखते ही कहा- नौटंकी कर रही है। इसके बाद उसने पानी के कुछ छींटे उसके चेहरे पर मारे। साक्षी ने कोई हरकत नहीं की। स्टाफ ने मेकाहारा ले जाने को कह दिया।

सुबह 4 बजे के करीब हम मेकाहारा पहुंचे। यहां कुछ देर तक जांच करने के बाद डॉक्टरों ने बताया कि साक्षी की डेथ यहां लाने से पहले ही हो चुकी है। यहां अस्पताल प्रभारी डॉ अंजू लाल भी पहुंची थीं। उन्होंने मुझसे कहा- कुछ गड़बड़ हुआ तो मुझे बता तो देते। ये कहकर वो चली गईं।

साक्षी के ससुर बोले कि साक्षी मेरी पहली बेटी थी। वो पूरे परिवार को बांधकर रखी हुई थी। भगवान ने एक बेटी दी तो एक छीन ली। मैं तो बार-बार कह ही रहा था कि प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाते हैं। लेकिन घर वालों और डॉक्टरों ने मुझे विश्वास दिलाया था कि सब कुछ सही होगा। मैंने कई बार बोला कि कुछ भी लगे तो मुझे बताइएगा। किसी चीज की कमी नहीं होनी चाहिए।

# कोडरमा केमिकल्स कंपनी पर खलासी को बंधक बनाने का आरोप

## 4 लाख गायब करने का आरोप, 3 दिन तक नहीं लौटा घर, पुलिस से मांगी मदद

कोडरमा, 11 जून (एजेंसियां)। कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र स्थित कोडरमा केमिकल्स नाम की कंपनी में एक खलासी को तीन दिन तक बंधक बनाकर रखने का मामला सामने आया है। पीड़ित अरुण कुमार रॉय बीते दो वर्षों से इस फैक्ट्री में काम कर रहा है। परिजनों के अनुसार, 8 जून की रात वह घर नहीं लौटा। उसने फोन पर जानकारी दी कि वह फैक्ट्री में है, लेकिन अगले दिन उसका मोबाइल बंद मिला।

अरुण की मां संगीता देवी ने जब फैक्ट्री जाकर बेटे को खोजबीन की तो उन्हें वहां से लौटा दिया गया। इसके बाद उन्होंने तिलैया थाना को घटना की जानकारी दी। फैक्ट्री के एक कर्मचारी ने बताया कि अरुण का मोबाइल फैक्ट्री मालिक ने अपने पास रख लिया है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस सक्रिय हुई और फैक्ट्री पहुंचकर अरुण को मुक्त कराया गया। अरुण ने पुलिस को बताया कि वह नौगछिया से माल उतारकर फैक्ट्री लौटा था, लेकिन ट्रक में रखे करीब 4 लाख रुपए गायब हो गए। फैक्ट्री मालिक ने ट्रक चालक और अन्य कर्मचारियों से पूछताछ की, मगर उन्हें छोड़ दिया गया। जबकि अरुण को तीन दिनों तक फैक्ट्री में रोके रखा गया और फोन भी जब्त कर लिया गया। उसने कहा कि अगर वह दोषी है तो कानून के अनुसार सजा भुगतने को तैयार है, लेकिन इस तरह बंधक बनाना गलत है।

# 26 करोड़ का टैक्स फ्रॉड लोहा कारोबारी गिरफ्तार

## स्टेट जीएसटी टीम ने लिया एक्शन, फर्जी फर्म बनाकर की हेराफेरी



रायपुर, 11 जून (एजेंसियां)। रायपुर के एक लोहा कारोबारी अमन अग्रवाल (32) को टैक्स फ्रॉड मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई स्टेट जीएसटी के अधिकारियों ने की है।

ज्वाइंट कमिश्नर नरेंद्र वर्मा ने बताया कि 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में 262 करोड़ की खरीदी-बिक्री बोगस फर्मों से की गई।

कारोबारी ने 26 करोड़ का इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया और छत्तीसगढ़ के दूसरे फॉर्म को बेचना दिखाया था। वह फर्म भी फर्जी थे। सरकार को 26 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ। अमन अग्रवाल आयरन स्क्रैप, लोहे के कारोबार से जुड़ा है।

जानकारी के मुताबिक लोहा कारोबारी अमन अग्रवाल अगस्त्य इंटरप्राइजेज और अग्रवाल इंटरप्राइजेज का मालिक है। जीएसटी के सेक्शन 69, 132 बी के तहत इस पर कार्रवाई की गई है।

कारोबारी पर 10 बोगस फर्म से खरीदी करना दिखाकर टैक्स की हेराफेरी करने का आरोप है। वहीं आरोपी को आज बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां इस पूरे मामले की सुनवाई होगी।

# झारखंड के हाईस्कूलों में होगी शिक्षकों की बहाली

### 1373 पदों पर नियुक्ति का विज्ञापन जारी

रांची, 11 जून (एजेंसियां)। झारखंड के 510 +2 हाईस्कूलों में 1373 पदों पर माध्यमिक आचार्य (हाई स्कूल शिक्षक) की नियुक्ति होगी। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी 18 जून से आयोग की वेबसाइट https://jssc.jharkhand.gov.in पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 17 जुलाई है।

आवेदन के साथ फीस भुगतान, फोटो व हस्ताक्षर 21 जुलाई तक अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन में सुधार के लिए करेक्शन विंडो 23 जुलाई से 25 जुलाई तक खुलेगा। इसमें नाम, जन्म तिथि, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर को छोड़कर अन्य जानकारी संशोधित कर सकेंगे। अभ्यर्थियों के पास बीएड के साथ पीजी की डिग्री होना जरूरी है।

# अफेयर के शक में पत्नी-बेटी को कुल्हाड़ी से काटा

## डबल-मर्डर कर लगा रहा था फांसी, छप्पर तोड़कर घर में घुसी पुलिस, पति को दौड़ाकर पकड़ा

सरगुजा, 11 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में पति ने अपनी पत्नी और बेटी को कुल्हाड़ी से काट डाला। इसके बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या करने की तैयारी कर रहा था, लेकिन पुलिस और ग्रामीणों ने छप्पर तोड़कर पकड़ लिया। मामला कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान नर्मदापुर के माझापारा गांव निवासी संझई माझी (32) और प्रियंका माझी (7) के रूप में हुई है। वारदात के बाद भागते वक्त पुलिस ने आरोपी सुशील माझी (34) को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल, बुधवार सुबह करीब 7 बजे आरोपी पति घर में पत्नी और बेटी को बंद कर लिया था। इस दौरान वह मारपीट कर रहा था। सुबह करीब 11 बजे पत्नी-बेटी की आसपास के लोगों ने चिल्लाते सुना, फिर अचानक घर से आवाज आनी बंद हो गई।

इसके बाद आसपास के लोगों ने सुशील माझी के घर पहुंचकर दरवाजा खटखटाया, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। ग्रामीणों ने छप्पर उजाड़कर कमरे में झांका तो अंदर पत्नी और बेटी की खून से लथपथ लाश पड़ी थी। इससे ग्रामीण घबरा गए। फौरन डायल 112 की टीम को कॉल कर बुलाया।

इस दौरान आरोपी सुशील माझी फांसी लगाने की तैयारी कर रहा था। छप्पर के रास्ते ग्रामीण और पुलिस घर के अंदर घुसी, तभी आरोपी ने भोदल राम पर चाकू से हमला करने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहा। ग्रामीणों ने अंदर से जैसे ही दरवाजा खोला, वह भागने लगा, लेकिन पुलिस ने आरोपी सुशील माझी को पकड़ लिया।

ग्रामीणों ने बताया कि सुशील माझी पहले होटल में मिस्त्री का काम करता था। कुछ समय पहले उसने नर्मदापुर जनपद पंचायत के सामने होटल भी खोला था। सुशील माझी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, लेकिन उसने इलाज नहीं कराया। बीच में वो खुद ही ठीक हो गया था।

ग्रामीणों बताया कि सुशील माझी के माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। उसका कोई भाई भी नहीं है। घर में पत्नी और बच्ची के साथ ही रहता था। घटना की जानकारी उसके नजदीकी रिश्तेदारों को दी गई है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कमलेश्वर पुलिस के मुताबिक ग्रामीणों से सूचना मिलते ही हमारी टीम मौके पर पहुंची। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। वहीं आरोपी के पास से कुल्हाड़ी जब्त कर लिया गया है। आरोपी भी पुलिस गिरफ्त में है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है।

# लंगूर ने दी जेएमएम नेता की अंतिम विदाई

## दाह संस्कार में पहुंचा, कफन हटाकर चेहरा चूमा, इलाज के दौरान हुई थी मौत



जहां चिता के बरमसोली गांव निवासी मुन्ना कुमार का अंतिम संस्कार किया जा रहा था। तीन

देवघर, 11 जून (एजेंसियां)। झारखंड के देवघर में जेएमएम नेता शंभु शंकर सिंह उर्फ मुन्ना कुमार की मौत हो गई। उनके अंतिम संस्कार के दौरान एक लंगूर अचानक पहुंचा और कफन हटाकर चेहरा चूमा और फिर वहीं बैठ गया।

भावुक और आश्चर्य करने वाला वीडियो ने सोशल मीडिया वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि लंगूर मृतक के पार्थिव शरीर के पास आकर बैठता है, उसे छूता, चेहरा चूमता और फिर चिता पर जाकर बैठ जाता है।

यह घटना देवघर जिले के नारंगी स्थित मुक्ति धाम की है, जहां चिता के बरमसोली गांव निवासी मुन्ना कुमार का अंतिम संस्कार किया जा रहा था। तीन दिन पहले ब्रेन हेमरेज से रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। मुन्ना कुमार झामुमो के एक सक्रिय युवा नेता थे और क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे।

उनके अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, झामुमो नेता परिमल सिंह जैसे बड़े नाम शामिल थे लेकिन लेकिन चर्चा का केंद्र बना वह लंगूर, जो अंतिम यात्रा के दौरान मानो किसी आत्मीय रिश्ते से जुड़ा हो। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लंगूर अचानक वहां पहुंचा और बिना किसी डर के मुन्ना कुमार के पार्थिव शरीर के पास आया। उसने कफन हटाया, चेहरा देखा, उसे चूमा और कुछ देर वहीं बैठा रहा। फिर वह चिता पर भी जा बैठा और लोगों की आंखें नम कर गया।

जानकारी के मुताबिक इस दृश्य को देखकर वहां मौजूद सैकड़ों लोग भावुक हो उठे। कई लोगों ने इसे अलौकिक घटना बताया है। वहीं कुछ ने कहा कि यह मुन्ना कुमार के व्यक्तित्व और जीवों के प्रति उनके प्रेम की पहचान है। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक, मुन्ना कुमार अक्सर पशु-पक्षियों की मदद करते थे।

अब जब यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और लोग इसे इंसान और जानवर के रिश्ते की एक मिसाल के तौर पर देख रहे हैं। ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर लोग इस घटना को साझा कर रहे हैं।

# गिरिडीह जेल में डीसी-एसपी ने मारा छापा, खैनी किया जब्त

गिरिडीह, 11 जून (एजेंसियां)। गिरिडीह के मोहनपुर स्थित केंद्रीय कारा में बीती रात जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। गिरिडीह डीसी रामनिवास यादव और एसपी डॉ. बिमल कुमार के नेतृत्व में यह छापामारी रात 11.30 बजे शुरू हुई और करीब दो घंटे तक चली। अचानक हुई इस कार्रवाई से जेल परिसर में हड़कंप मच गया। पूरे जेल के प्रत्येक वार्ड की बारीकी से तलाशी ली गई।

छापेमारी के दौरान कई वार्डों से खैनी, तंबाकू और गुटखा जैसे आपत्तिजनक पदार्थ बरामद किए गए। इस पर डीसी और एसपी ने जेल प्रशासन पर कड़ी नाराजगी जताई और तत्काल जिम्मेदारों को फटकार लगाई। प्रशासन का कहना है कि लगातार शिकायत मिल रही थी कि जेल के अंदर प्रतिबंधित वस्तुएं पहुंचाई जा रही हैं। इसी सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

छापेमारी के दौरान एक बार फिर जेल सुप्रिंटेंडेंट हिमानी प्रिया गायब पाई गईं। प्रशासन ने इस पर गंभीर आपत्ति जताई और उनकी अनुपस्थिति को लापरवाही बताया। इससे पहले भी कई बार उनकी गैरहाजिरी को लेकर सवाल उठते रहे हैं। डीसी और एसपी ने कहा कि जेल की सुरक्षा और व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

इस कार्रवाई में डीसी-एसपी के अलावा सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत, डीएसपी वन नीरज कुमार सिंह, डीएसपी टू कौशर अली, एसडीपीओ सदर जीत वाहन उरांव, साइबर डीएसपी आबिद खान और दोनों प्रशिक्षु डीएसपी शामिल थे।

साथ ही मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, बेंगाबाद इंस्पेक्टर ममता कुमारी, पचम्बा थाना प्रभारी राजीव कुमार, ताराटांड़, गांडेय और अहिल्यापुर थाना के अधिकारी व पुलिस जवानों की टीम भी मौजूद रही।

# मस्क ने ट्रम्प से माफी मांगी

## कहा– पोस्ट में कुछ ज्यादा ही बोल गया, 7 जून को राष्ट्रपति बोले थे– इलॉन से रिश्ता खत्म

वॉशिंगटन, 11 जून (एजेंसियां)। टेस्ला चीफ इलॉन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से माफी मांग ली है। उन्होंने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी गलती मानी है। मस्क ने इसे लेकर X पर एक पोस्ट किया है।

मस्क ने पिछले कुछ पोस्ट में उन्होंने ट्रम्प के बयानों और नीतियों का समर्थन भी किया है। उन्होंने लॉस एंजिलिस में अवैध अप्रवासियों पर हुई छापेमारी को लेकर खुशी भी जताई।

इससे पहले एक इंटरव्यू में जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प से मस्क को लेकर सवाल पूछा गया था, तो उन्होंने बेहद शांत लहजे में जवाब दिया। ट्रम्प ने कहा, हमारे बीच अच्छे संबंध थे और मैं बस उनके अच्छे होने की कामना करता हूं।


मस्क पहले ट्रम्प के खिलाफ की गई अपनी कुछ पुरानी पोस्ट हटा चुके हैं। उन पोस्ट में ट्रम्प का रिश्ता एक यौन अपराधी एप्स्टीन से जोड़ा गया था। इसके अलावा ट्रम्प के महाभियोग की भी मांग की थी।

इससे पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने 7 जून को कहा था कि उनका इलॉन मस्क के साथ रिश्ता खत्म हो गया है। ट्रम्प ने मस्क को चेतावनी दी थी कि अगर विपक्षी डेमोक्रेट्स का साथ दिया तो गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे।

बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर भिड़े थे मस्क और ट्रम्प

ट्रम्प और मस्क 'बिग ब्यूटीफुल बिल' को लेकर आमने-सामने आ गए थे। ट्रम्प इस बिल के समर्थन में हैं, जबकि मस्क खिलाफ। यह बिल हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 22 मई को सिर्फ 1 वोट के अंतर से पास हो चुका है।

इसके समर्थन में 215 और विरोध में 214 वोट मिले थे। अब यह सीनेट में विचाराधीन है, जहां इसे 4 जुलाई 2025 तक पास किया जाना है। मस्क अब ट्रम्प के इस विधेयक के रास्ते में बड़ी रुकावट बनते दिख रहे हैं।



ट्रम्प का दावा है कि यह 'देशभक्ति से भरा हुआ' कानून है। इसके पारित होने से अमेरिका में निवेश बढ़ेगा और चीन पर निर्भरता घटेगी। जबकि मस्क इसे पोर्क फिल्ड यानी कि बेकार खर्चों से भरा बिल मानते हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बिल को पास होने से रोकने के लिए मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के 3 सांसदों को अपनी तरफ कर लिया है।

ट्रम्प और मस्क के बीच 5 जून को बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर बहस तब शुरू हुई जब ट्रम्प ने मीडिया से बात करते हुए मस्क को लेकर नाराजगी जताई थी। ट्रम्प ने कहा था कि जब हमने अनिवार्य तौर पर इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के कानून में कटौती करने की बात कही तो मस्क को दिक्कत होने लगी। मैं इलॉन से बहुत निराश हूं। मैंने उनकी बहुत मदद की है।

इसके बाद मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर ट्रम्प को एहसान फरामोश बताते हुए लगातार कई ट्वीट किए। मस्क ने कहा कि मैं नहीं होता तो ट्रम्प चुनाव हार जाते। उन्होंने ट्रम्प पर महाभियोग चलाने तक की बात कही थी। इसके बाद ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर मस्क को निशाने पर लिया। उन्होंने लिखा- जब मैंने उनका ईवी मैंडेट (कानूनी आदेश) वापस लिया तो मस्क पागल हो गए। ट्रम्प ने मस्क की कंपनी को दी जाने वाली सब्सिडी खत्म करने की धमकी दी थी।

# बिलावल बोले-अब भारत-पाक जंग हुई तो ट्रम्प रोक नहीं पाएंगे

## कहा- पाकिस्तान में 2025 सबसे खूनी साल हो सकता है, भारत को जलयुद्ध की धमकी

वॉशिंगटन, 11 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने आशंका जताई कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच फिर से युद्ध छिड़ा तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के पास इसे रोकने के लिए वक्त नहीं होगा। उन्होंने वॉशिंगटन डीसी में मिडिल ईस्ट इंस्टीट्यूट में यह बात कही। बिलावल ने भारत पर बलूचिस्तान में दखलंदाजी और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे संगठनों को सपोर्ट देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- क्या हर आतंकी हमले के बाद भारत के साथ युद्ध छेड़ देना चाहिए? पाकिस्तान शांति चाहता है, जो दोनों देशों के हित में है।

बिलावल ने कहा कि इस साल पाकिस्तान में आतंकवाद बढ़ा है। अगर हिंसा इसी तरह जारी रही, तो 2025 सबसे खूनी साल हो सकता है। बिलावल ने कहा कि कश्मीर मुद्दे का हल किए बिना स्थायी शांति संभव नहीं है। उन्होंने पानी विवाद को भी उठाया और चेतावनी



दी कि अगर भारत ने पाकिस्तान का पानी रोका, तो यह जल युद्ध की वजह बन सकता है। उन्होंने कहा- चाहे देश छोटा हो या बड़ा, वह पानी और अपनी जिंदगी के लिए लड़ेगा।

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि स्थगित कर दी है। पाकिस्तान की 80% खेती इसी नदी पर निर्भर है। सिंधु नदी को पाकिस्तान की लाइफलाइन कहा जाता है। बिलावल ने भारत पर संयुक्त राष्ट्र चार्टर तोड़ने करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने कश्मीर को ग्लोबल मुद्दा माना है, न कि भारत का आंतरिक मामला।

बिलावल ने भारत से बातचीत की अपील की और कहा कि भारत को पाकिस्तान से कई शिकायतें हो सकती हैं, लेकिन बातचीत बंद करने से समस्याएं हल नहीं होंगी।

बिलावल ने दावा किया कि अमेरिका के अफगानिस्तान से अचानक हटने और वहां छोड़े गए हथियारों की वजह से पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा- हम आतंकवाद, अफगानिस्तान और अन्य मुद्दों पर बात करते हैं।

पिछले कुछ दशकों से अमेरिका के साथ हमारे रिश्तों में यही मुख्य मुद्दा रहा है। बिलावल ने आरोप लगाया कि अफगानिस्तान में छोड़े गए हथियार काला बाजारी के जरिए आतंकियों के हाथ लग गए।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री शेरी रहमान ने स्काई न्यूज को दिए इंटरव्यू में स्वीकार किया कि पाकिस्तान अतीत में आतंकवाद से जुड़ा रहा है। हालांकि, जब उनसे अल-कायदा से जुड़े आतंकी संगठन ब्रिगेड 313 के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस सवाल को टाल दिया।

स्काई न्यूज की पत्रकार याल्दा हकीम के साथ बातचीत में रहमान ने कहा- आप बार-बार अतीत की बात करती हैं, क्योंकि वह ऐसा था।

लेकिन अब पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहा है और यह एक बदला हुआ देश है।

ब्रिगेड 313 की स्थापना 2000 के दशक की शुरुआत में हुई थी। इसका नाम पैगंबर मुहम्मद के 313 साथियों से प्रेरित है, जो बैटल ऑफ बदर में लड़े थे। इसकी लीडरशिप इलियास कश्मीरी के पास थी, जिसे पाकिस्तानी सेना ने ट्रेनिंग दी थी।

यह संगठन लश्कर-ए-तैयबा, लश्कर-ए-झांगवी, हरकत-उल-जिहाद-इस्लामी, जैश-ए-मोहम्मद जैसे समूहों का गठजोड़ है। यह अल-कायदा की लश्कर अल-जिल (शैडो आर्मी) का हिस्सा है।

# राष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद समर्थन जुटाने की कवायद

## पीएम टस्क संसद में साबित करेंगे बहुमत

वारसॉ, 11 जून (एजेंसियां)। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क बुधवार को संसद में बहुमत साबित करेंगे। बीते दिनों राष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद डोनाल्ड टस्क समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। टस्क ने ही विश्वास मत पेश किया है। इससे पहले एक जून को टस्क समर्थित वारसॉ के मेयर रफाल ट्राजोस्कोवस्की को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समर्थित दक्षिणपंथी करोल नवरोकी के सामने हार मिली थी।

ट्राजोस्कोवस्की की हार को पीएम टस्क की हार माना गया था और इसे टस्क की लोकप्रियता में कमी के तौर पर देखा गया था। नवरोकी की जीत से टस्क की यूरोपीय समर्थक नीतियों को झटका लग सकता है क्योंकि राष्ट्रपति के पास वीटो और विदेश नीति में दखल देने की शक्ति होती है। राष्ट्रपति चुनाव में हार से डोनाल्ड टस्क की ताकत कम हुई है। पोलैंड में साल 2027 में संसदीय चुनाव होने हैं। ऐसे में बदले ही राजनीतिक परिदृश्य में टस्क का आगे भी ताकतवर बने रहेंगे या नहीं, ये बड़ा सवाल है। कई राजनीतिक जानकार इसे डोनाल्ड टस्क के राजनीतिक करियर का अंत भी मान रहे हैं।

संख्याबल को देखते हुए माना जा रहा है कि टस्क आसानी से बहुमत साबित कर देंगे। पोलैंड की 460 सदस्यों वाली संसद में टस्क के सत्ताधारी गठबंधन के पास 242 सीटें हैं। बहुतम परीक्षण से पहले टस्क ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'विश्वास मत एक नई शुरुआत है'।

टस्क ने बहुमत परीक्षण को अपनी आक्रामक चाल बताई। अगर टस्क किसी वजह से बहुमत साबित नहीं कर पाते हैं तो सत्ताधारी गठबंधन में टूट होना तय है और उस स्थिति में कार्यकारी सरकार का गठन हो सकता है और समय से पहले चुनाव होने की संभावना है।

# अमेरिका हिंसा- 12 राज्यों के 25 शहरों में प्रदर्शन

## लॉस एंजिलिस में शाम 6 बजे के बाद कर्फ्यू, ट्रम्प बोले- सुरक्षाबल पूरी ताकत से निपटेंगे

लॉस एंजिलिस, 11 जून (एजेंसियां)। अमेरिका के लॉस एंजिलिस में 5 दिनों से जारी प्रदर्शन के कारण शाम 6 बजे के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है। लॉस एंजिलिस की मेयर कैरन बैस ने इमरजेंसी की घोषणा की है। अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने के फैसले के खिलाफ हो रहा प्रदर्शन अमेरिका के 12 राज्यों के 25 शहरों तक फैल चुका है। सैन फ्रांसिस्को, डलास, ऑस्टिन, टेक्सास और न्यूयॉर्क जैसे शहरों में भी प्रदर्शन हो रहे हैं। हालात पर काबू पाने के लिए ट्रम्प ने लॉस एंजिलिस में 4 हजार नेशनल गार्ड के अलावा 700 मरीन कमांडो को भी तैनात कर दिया है। उन्होंने कहा कि हालात खराब हो रहे हैं। जरूरत पड़ने पर वे पूरी ताकत से निपटेंगे। वहीं, सोमवार-मंगलवार को लॉस एंजिलिस पुलिस ने करीब 1100 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर लॉस एंजिलिस में हिंसा जारी रही तो वे पूरे शहर में विद्रोह कानून लागू



कर सकते हैं। यह कानून सरकार को हिंसा रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल करने की इजाजत देता है। ट्रम्प ने कहा, पिछले 2 दिन से हालात बेहद बिगड़ रहे हैं, अगर बगावत हुई तो मैं जरूर विद्रोह कानून लागू करूंगा।

इस हिंसा में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। यह हिंसक प्रदर्शन अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने के फैसले के खिलाफ हो रहे हैं। फिलहाल लॉस एंजिलिस में हिंसा थमती नजर आ रही है। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी ने लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनों को लेकर डेमोक्रेट नेताओं और चीन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रिपब्लिकन सांसद बिल एसेयली ने एक पोस्ट में लिखा- इन प्रदर्शनों की फंडिंग डेमोक्रेट समर्थित संगठनों और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़ी संस्थाओं द्वारा की जा रही है।

एसेयली ने कहा कि आईसीई के खिलाफ यह प्रदर्शन चिरला ने आयोजित किया था। जिसे 2023 में बाइडेन प्रशासन के दौरान करीब 285 करोड़ रुपए की ग्रांट मिली थी। मार्च 2025 में होमलैंड सिक्योरिटी ने उनकी फंडिंग पर रोक लगाई और बकाया राशि वापस ले ली। रिपब्लिकन नेताओं ने पीएसएल पर भी शक जताया है कि उसे चीनी अरबपति नेविल सिंगहम से फंडिंग मिलती है। जो अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों को पैसे देते हैं।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने लॉस एंजिलिस में हालात को काबू करने के लिए 2000 नेशनल गार्ड्स को भेजा है। हालांकि, कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम और लॉस एंजिलिस की मेयर कैरन बैस ने नेशनल गार्ड्स भेजने का विरोध किया है। यह पहला मौका है जब किसी राज्य में नेशनल गार्ड को बिना गवर्नर की अनुमति के भेजा गया। लॉस एंजिलिस में 6-7 जून को सरकार ने अवैध अप्रवासियों के खिलाफ एक अभियान चलाया था। इसी का विरोध हो रहा है। छापेमारी राष्ट्रपति ट्रम्प की डिपोर्टेशन पॉलिसी का हिस्सा है।

ट्रम्प के नेशनल गार्ड और मरीन्स को भेजने की आलोचना करते हुए लॉस एंजिलिस मेयर बास ने कहा- अभी हम अंधेरे में हैं। हमें नहीं पता कि कब क्या होने वाला है।

# चीन के बाद ताइवान ने भारतीय नेवी को शुक्रिया कहा

## अरब सागर में जलते जहाज से 18 क्रू मेंबर को रेस्क्यू किया था

ताइवान, 11 जून (एजेंसियां)। ताइवान सरकार ने सिंगापुर के कंटेनर जहाज हुए हादसे के बाद मदद करने के लिए इंडियन नेवी और कोस्टल गार्ड का आभार जताया है। ताइवान इन इंडिया ने सोशल मीडिया X पर लिखा- ताइवान सरकार इंडियन नेवी और कोस्टल गार्ड के तेजी से किए गए बचाव कार्य के लिए आभारी है। हम लापता के सदस्यों की सुरक्षित वापसी और घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं।

आग तेजी से फैली जिसके बाद जहाज में और भी कई विस्फोट हुए, जिससे यह डूबने की कगार पर पहुंच गया था। विस्फोट की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

ये जहाज श्रीलंका के कोलंबो से मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह की ओर जा रहा था। 10 जून को वहां पहुंचने वाला था। इस जहाज में जहाज में लगभग 650 कंटेनर थे जिनमें 2000 टन तेल और 240 टन डीजल था। भारतीय नौसेना को शिप के हादसे की जानकारी 9 जून को सुबह 9:30 बजे मिली। इसके रेस्क्यू ऑपरेशन में लगभग 7 घंटे का समय लगा। खराब मौसम के कारण इसके रेस्क्यू में काफी दिक्कतें आईं। इससे पहले चीन ने भी सोशल मीडिया X पर भारतीय नेवी और मुंबई कोस्टल गार्ड को धन्यवाद दिया था।

चीन की राजदूत यू जिंग ने कहा, हम भारतीय नौसेना की तेजी और बहादुरी की सराहना करते हैं। उनके प्रयासों से 18 लोगों की जान बची। हम घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करते हैं।

जहाज पर 22 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें 8 चीनी, 6 ताइवानी, 5 म्यांमार और 3 इंडोनेशियाई नागरिक शामिल थे। विस्फोट के बाद आग तेजी से फैल गई, जिसके कारण चालक दल को जहाज छोड़ना पड़ा।

भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल ने तुरंत कार्रवाई की और 18 लोगों को सुरक्षित बचा लिया, जिनमें और पांच लोग घायल हैं।

# मोहम्मद यूनुस वापस जाओ

## लंदन पहुंचे बांग्लादेश अंतरिम सरकार के प्रमुख के खिलाफ भारी विरोध प्रदर्शन, लगे नारे

लंदन, 11 जून (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को लंदन दौरे के दौरान भारी गुस्से का सामना करना पड़ा है। गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने उनके खिलाफ जमकर नारे लगाए। मोहम्मद यूनुस के होटल के बाहर सैकड़ों ब्रिटिश बांग्लादेशी जमा हुए थे और उन्हें यूके से जाने के लिए कह रहे थे। अवामी लीग की यूके शाखा और अन्य संबंधित संगठनों से जुड़े प्रदर्शनकारियों ने यूनुस के प्रशासन पर मानवाधिकारों के उल्लंघन, लोगों की हत्या करने और बांग्लादेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया है।

मोहम्मद यूनुस जब लंदन पहुंचे तो लोगों ने तख्तियां पकड़ी हुई थीं, जिन पर लिखा था कि यूनुस "भीड़तंत्र के निर्माता हैं, जिहादियों को रिहा करते हैं और देशभक्तों को जेल में डालते हैं।" लोग उनके इस्तीफे की मांग कर रहे थे।



मोहम्मद यूनुस की लोकप्रियता बांग्लादेश में काफी कम होती जा रही है। सिर्फ अवामी लीग ही नहीं, बेगम खालिदा जिया दी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानि बीएनपी भी उनके खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। उनके ऊपर सत्ता से चिपकने के आरोप लग रहे हैं। इसके अलावा अंतरिम सरकार और बांग्लादेश की सेना के बीच तनाव बढ़ गया है, कई लोग यूनुस पर आरोप लगा रहे हैं कि पिछले साल शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद उन्होंने देश को बेहतर बनाने के लिए कोशिशें नहीं की हैं। सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने महत्वपूर्ण फैसला लेने की प्रक्रियाओं से सेना को बाहर रखने के लिए अंतरिम सरकार की आलोचना की है।

उन्होंने दावा किया है कि सरकार कई ऐसे फैसले ले रही है, जिसमें सेना से बिल्कुल परामर्श नहीं किया जा रहा है। इसको लेकर बांग्लादेश की सेना में भारी गुस्सा है। इसके अलावा बांग्लादेश की सेना ने देश में तत्काल चुनाव कराने की जरूरतों पर जोर दिया है और प्रभावशाली बाहरी अभिनेताओं के साथ जुड़ने और सार्वजनिक जनादेश के बिना महत्वपूर्ण फैसला लेने में एक अनिर्वाचित अंतरिम सरकार की वैधता पर सवाल उठाया है। आरोप लग रहे हैं कि मोहम्मद यूनुस ऐसे फैसले ले रहे हैं जो चुनी सरकार को ही लेने चाहिए। बिना चुनी हुई सरकार भला कैसे देश की विदेश नीति पर अहम फैसले ले सकती है?

हालांकि मोहम्मद यूनुस ने वादा किया है कि देश में चुनाव अप्रैल 2026 तक करवाए जाएंगे, लेकिन बीएनपी के समर्थकों, जिन्हें लगता है कि उनके पास सरकार में आने का सबसे अच्छा मौका है, क्योंकि शेख हसीना बांग्लादेश में नहीं हैं, वो तत्काल चुनाव चाहते हैं।

# यूएस एयरपोर्ट पर पकड़े गए भारतीय का वीजा अवैध था

## इलाज के बाद भारत भेजा जाएगा अमेरिका ने कहा था- अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं

वॉशिंगटन, 11 जून (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क में इंडियन कॉन्सुलेट ने बुधवार को पुष्टि की है कि न्यू जर्सी के न्यूअर्क एयरपोर्ट पर हरियाणा के जिस भारतीय छात्र को हिरासत में लिया गया था, उसके पास वैध वीजा नहीं था। इस छात्र को अमेरिकी कोर्ट के आदेश के तहत भारत वापस भेजा जाएगा। पहले खबर आई थी कि छात्र को भारत भेज दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक छात्र के व्यवहार को एयरपोर्ट ट्रांजिट के दौरान सफर के लिए ठीक नहीं माना गया, इस वजह से उसे हिरासत में लेकर मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए भर्ती किया गया। इस घटना का वीडियो दो दिन पहले वायरल हुआ था, जिसमें एयरपोर्ट पर दो लोगों एक भारतीय को जमीन पर पटककर दबोचे हुए थे और उसके हाथ में हथकड़ी लगाकर रखी थी।

# अमेरिकी ग्रीन कार्ड चाहने वाले भारतीयों के लिए अच्छी खबर

## कई कैटेगरी में गिरी कट ऑफ डेट

वॉशिंगटन, 11 जून (एजेंसियां)। अमेरिका में ग्रीन कार्ड का आवेदन करने वाले भारतीयों के लिए अच्छी खबर है। यूनाइटेड स्टेट्स सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआईएस) ने जुलाई 2025 के लिए जारी वीजा बुलेटिन में ग्रीन कार्ड आवेदकों के लिए राहत दिखाई है। फैमिली स्पांसर और ईबी-3 कैटेगरी के लिए अंतिम कार्रवाई की कट ऑफ डेट में अहम बदलाव किया गया है। हालांकि, प्रमुख रोजगार आधारित वीजा कैटेगरी ईबी-1 और ईबी-2 की तारीखों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। आइए जानते हैं कि अमेरिका का ग्रीन कार्ड पाने की चाह लिए लोगों के लिए बुलेटिन में क्या खास है।

खास बात ये है कि परिवार प्रायोजित और रोजगार आधारित दोनों कैटेगरी के लिए अंतिम कार्रवाई की तारीख (फाइनल ऐक्शन डेट) समान रूप से आगे बढ़ी है, जो भारतीय आवेदकों के




बैकलॉग में धीरे-धीरे कमी को दिखाता है। परिवार-प्रायोजित वर्ग में सबसे जबर्दस्त फायदा एफ2ए श्रेणी (स्थायी निवासियों के पति/पत्नी और बच्चे) को हुआ है, जिसमें 8 महीने का सीधा फायदा हुआ है। इसकी कटऑफ 1 जनवरी 2022 से उछलकर 1 सितम्बर 2022 तक पहुंच गई।

रोजगार आधारित तीसरी वरीयता और अन्य श्रमिक कैटेगरी ईबी-3 में सात दिन की बढ़त देखी गई। इनके लिए अंतिम कार्रवाई तिथि अब 22 अप्रैल 2013 हो जाएगी। रोजगार आधारित श्रेणियों के लिए दाखिल करने की तिथियां बिना किसी बदलाव के जारी रहेंगी, जिससे अंतिम कार्रवाई की तिथियों में स्थिरता बनी रहेगी।

भारत के लिए ईबी-1 कैटेगरी के लिए अंतिम कार्रवाई की तारीफ 15 फरवरी 2022 रहेगी।

इसी तरह भारत के लिए ईबी-2 श्रेणी (एडवांस डिग्री रखने वाले प्रोफेशनल या असाधारण योग्यता वाले व्यक्ति) में भी कोई बदलाव नहीं हो रहा है और यह 1 जनवरी 2013 को ही रहेगी। ईबी-5 श्रेणी में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# अमेरिका में यहूदियों का कत्लेआम करना चाहता था पाकिस्तानी नागरिक

## हमास स्टाइल में हमले की प्लानिंग थी, कनाडा से यूएस डिपोर्ट किया गया

वॉशिंगटन, 11 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान के एक नागरिक को ब्रुकलिन के यहूदी सेंटर पर गोलाबारी की साजिश रचने के आरोप में कनाडा से अमेरिका डिपोर्ट किया गया। मोहम्मद शाहजेब खान नाम के इस पाकिस्तानी की प्लानिंग 7 और 11 अक्टूबर को हमास स्टाइल में हमला करने की थी। इसके साथ ही वह कनाडा में शरणार्थी का दर्जा भी चाहता था। बता दें कि 2 साल पहले 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला करके 1200



लोगों का कत्ल कर दिया था। अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट के मुताबिक, खान को पिछले साल अमेरिका-कनाडा बॉर्डर के पास से गिरफ्तार किया गया था और उसे इस हफ्ते न्यूयॉर्क लाया गया।

खान ने यहूदी सेंटर पर एआर-स्टाइल राइफल और चाकुओं से हमला करने की प्लानिंग की थी। उसने अमेरिका के दो अंडरकवर एजेंटों को बताया कि वो ज्यादा से ज्यादा यहूदियों का कत्ल करना चाहता है।

सरकारी वकीलों ने कोर्ट को बताया कि खान ने अपनी इस प्लानिंग के बारे में अंडर कवर एजेंट्स को बताया था। उसने ब्रुकलिन के उस यहूदी धार्मिक सेंटर की तस्वीरें भी शेयर की थी, जहां वो हमला करना चाहता था। आरोपी की प्लानिंग 9/11 के बाद अमेरिकी धरती पर सबसे बड़ा आतंकी हमले करने की थी।

# स्विट्जरलैंड की तकनीक से भारत को फायदा मिलेगा

## पीयूष गोयल बोले– एफटीए पर कई देशों के साथ चल रही बातचीत

बर्न, 11 जून (एजेंसियां)। भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल स्विट्जरलैंड दौरे पर हैं। भारत और स्विट्जरलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हाल ही में मुहर लगी है और सितंबर से यह समझौता लागू हो जाएगा। इसी को लेकर बात करने के लिए पीयूष गोयल स्विट्जरलैंड में हैं। गोयल ने समझौते को लेकर कहा कि इससे दोनों देशों को फायदा होगा और भारत, स्विट्जरलैंड का विश्वसनीय सहयोगी बनकर उभरेगा। गोयल ने कहा है कि 'स्विट्जरलैंड में 100 अरब डॉलर का निवेश आने की उम्मीद है। आज स्विट्जरलैंड की 1500 से ज्यादा कंपनियां रिसर्च, प्रीसिशन, मैन्युफैक्चरिंग और इंजीनियरिंग के काम में लगी हुई हैं। इन कंपनियों को उपकरण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हैं।' गोयल ने कहा कि 'मेरी यहां कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई, जो काफी अच्छी रही। दोनों देशों में कई क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं हैं, जिनमें अंतरिक्ष, इंजीनियरिंग और खाद्य प्रसंस्करण और कृषि जैसे क्षेत्र शामिल हैं। भारत को स्विट्जरलैंड की तकनीक से फायदा मिल सकता है। हमारे पास दक्ष लोग हैं हमारे यहां श्रम सस्ता भी है। भारत स्विट्जरलैंड का विश्वसनीय सहयोगी बनेगा।' पीयूष गोयल ने बताया कि 'भारत की कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत हो रही है। यूरोपीय संघ के साथ हमारी मंत्री स्तर की तीन बैठकें हो चुकी हैं और जल्द ही मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति बनने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के साथ भी जल्द बातचीत पूरी हो सकती हैं। अमेरिका के साथ भी चर्चा चल रही है और सितंबर 2025 तक इसके होने की उम्मीद है।

पेरू और चिली के साथ भी बात चल रही है।' स्विट्जरलैंड की आर्थिक मामलों की मंत्री हेलेना एर्टीडा से सवाल किया गया कि क्या वे भारत को चीन के विकल्प के तौर पर देखती हैं?

# पाकिस्तान से सीरिया तक 'खलीफा शासन' स्थापित करना है एर्दोगन का मकसद

अंकारा, 11 जून (एजेंसियां)। तुर्की सालों से पश्चिमी देशों का अहम सहयोगी रहा है। लेकिन पिछले कुछ सालों में तुर्की ने पश्चिम एशिया और काकेशस क्षेत्र में अपने प्रभाव का तेजी से विस्तार किया है। तुर्की ने इसके लिए इस्लामिक भाईचारे का इस्तेमाल किया है। राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन ने इस्लामवादी विचारधारा को अपनी विदेश नीति में शामिल किया है और मुस्लिम देशों को अपने पाले में करने के लिए उसका इस्तेमाल किया है। सबसे दिलचस्प बात ये है कि एर्दोगन ने ऐसा तुर्की को पश्चिमी देशों के ब्लॉक में बनाए रखते हुए किया है। सीरिया में इस्लामवादी संगठन हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के सत्ता में आने से अंकारा को इजरायली सीमा के करीब अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिली है। तुर्की पहले ही कतर में अपनी सैन्य पहुंच का विस्तार कर चुका है, जो इस क्षेत्र में इसके बढ़ते रणनीतिक कदम को दिखाता है। भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष के दौरान पाकिस्तान के साथ जिस तरह से तुर्की खड़ा हुआ है और जिस तरह से तुर्की ने अत्याधुनिक ड्रोन भारत पर हमला करने के लिए भेजे, वो उसी इस्लामिक विचारधारा का हिस्सा है।

# आखिर तंबाकू में ऐसा क्या होता है, जिसकी वजह से यह कैंसर का सबसे बड़ा कारण माना जाता है

जब कभी भी तंबाकू के नुकसान पर खूब बातचीत होती है. लेकिन इसके थोडे दिनों बाद हम सब इस कही गई बातों को भूल जाते हैं. जो लोग धूम्रपान करते हैं, वह फिर से करने लगते हैं. जो लोग तंबाकू का सेवन करते हैं, वह फिर से खाने लगते हैं. साल में एक दिन नो टोबैको डे मनाकर हम खुश तो हो सकते हैं, लेकिन इससे कोई फायदा नहीं होता. जरूरी है कि हम तंबाकू से दूरी बनाएं. क्योंकि तंबाकू को कैंसर जैसी खातक बीमारी का सबसे बड़ा कारण माना जाता है. ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि आखिर तंबाकू में ऐसा क्या होता है, जिसकी वजह से कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है. चलिए जानते हैं.

**तंबाकू का पौंधा और उसके उपयोग**

अगर आपको पता हो कि तंबाकू के सेवन से घातक बीमारियां हो सकती हैं तो संभव है कि आप इसका सेवन न करें. हालांकि, इसके तमाम बुराइयों और खतरों को जानते हुए लाखों-करोड़ों लोग तंबाकू का सेवन किसी न किसी रूप में करते ही हैं. लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने से खतरा कई गुना बढ़ जाता है. दरअसल तंबाकू एक पौंधा है, जिसकी पत्तियों का इस्तेमाल किया जाता है. इसे धूम्रपान के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और चबाकर भी सेवन किया जाता है. यहां तक कि सूंघकर भी तंबाकू का सेवन किया जाता है.

**तंबाकू में कौन से केमिकल होते हैं?**

तंबाकू में हजारों केमिकल होते हैं, जिनमें से कुछ कैंसर का कारण बनते हैं. तंबाकू के धुंए में 7 हाजर से ज्यादा केमिकल पाए जाते हैं. इन 7 हजार में से कम से कम 70 केमिकल कैंसर के कारण बनते हैं. इसके अलावा तंबाकू में निकोटीन नामक केमिकल होता है, जिसकी वजह से इसकी आदत लग जाती है और लोग चाहकर भी इसे छोड़ नहीं पाते. निकोटीन एटिक्टिव सब्सटांस




है और जो लोग तंबाकू का सेवन छोड़ना चाहते हैं, वह भी कई बार इसकी तलब के आगे हार मान लेते हैं.

**स्मोकलेस तंबाकू भी है घातक**

जिस तंबाकू को जलाया नहीं जाता है, उसे स्मोकलेस टोबाको कहा जाता है. जिस तंबाकू का सेवन धूम्रपान की बजाय सीधे चबाने के लिए किया जाता है यह वही स्मोकलेस तंबाकू है. इसमें गुटखा, चूने के साथ घिसने वाला तंबाकू या गीला तंबाकू भी शामिल हैं. इस तरह के स्मोकलेस तंबाकू में कम से कम 30 तरह के ऐसे केमिकल होते हैं, जो कैसर का कारण बन सकते हैं.

**तंबाकू की दिल और रक्त वाहिकाओं से जुड़ी समस्याएं**

दिमाग की रक्त वाहिकाओं में ब्लड क्लॉट जमना या उनका कमजोर होना, जिसकी वजह से स्ट्रोक हो सकता है.

पैरों में ब्लड क्लॉट बनना, जो आपके फेफड़ों तक पहुंच सकता है.

दिल से जुड़ी बीमारियां इलमें एंजिना और हार्ट अटैक भी शामिल हैं.

धूम्रपान के बाद कुछ समय के लिए ब्लड प्रेशर बढ़ना.

पैरों तक ब्लड सप्लाई होने में दिक्कत आना.

पुरुष जननांग तक ब्लड सप्लाई कम होने से इरेक्शन में समस्या।

**तंबाकू के कारण होने वाली अन्य स्वास्थ्य समस्याएं**

कई तरह के कैंसर जैसे फेफड़ों का, मुंह का, नाक का, गले का, पेट का, किडनी का, सर्विक्स का, कोलन कैंसर होना.

सर्जरी के बाद घाव भरने में अधिक समय लगना.

फेफड़ों से जुड़ी समस्या, जैसे COPD या अस्थमा होना, जिसे कंट्रोल करना मुश्किल हो.

प्रिगनेंसी में समस्या जैसे जन्म के समय बच्चे का वजन कम होना, प्रीमिच्योर बर्थ, गर्भपात होना और कटे होंट (क्लेफ्ट लिप) की समस्या होना.

टेस्ट और स्मेल न आना.

स्पर्म काउंट कम होना, इससे व्यक्ति बांझ हो सकता है.

मैक्यूलर डिजेनरेशन की वजह से आंखों की रोशनी खोना.

दांतों और मसूड़ों से जुड़ी बीमारी.

स्किन पर रिंकल्स आना.

स्मोकलेस तंबाकू के नुकसान

बहुत से लोग ऐसे हैं जो धूम्रपान छोड़कर स्मोकलेस तंबाकू का सेवन करने लगे हैं. लेकिन इसके भी कई तरह के नुकसान हैं. चलिए जानते हैं.

मुंह, जीभ, इसोफेगस (भोजन नली) और पैंक्रियाज का कैंसर

मसूड़ों से जुड़ी समस्या, दांतों में समस्या और कीड़ा लगना

हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ा और एंजीना

**सेकंडहैंड स्मोक के खतरे**

अगर आप धूम्रपान नहीं करते हैं, लेकिन ऐसे लोगों के बीच रहते हैं तो भी आपको तंबाकू से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं. उनमें से कुछ का हम यहां जिक्र कर रहे हैं.

**हार्ट अटैक और दिल से जुड़ी अन्य बीमारियां**

फेफड़ों का कैंसर

अचानक और गंभीर रिएक्शन. इसमें आंख, नाक, गले और सांसों से जुड़ी समस्या हो सकती है.

इनके अलावा छोटे बच्चे भी सेकेंडहैंड स्मोक के खतरे में रहते हैं. ऐसे बच्चों को अस्थमा हो सकता है. उनके मुंह, गले, साइनस, कान और फेफड़ों में इंफेक्शन हो सकता है. सेकेंडहैंड स्मोक की वजह से उनके फेफड़े खराब हो सकते हैं और सडन इंफेंट डेथ सिंड्रोम हो सकता है, जिसमें बच्चे की मौत हो सकती है.

**कैसे छोड़ें तंबाकू का सेवन**

तमाम तरह के नशे की तरह तंबाकू का सेवन छोड़ना भी आसान नहीं होता. लेकिन कहते हैं न... जहां चाह होती है, वहीं राह भी होती है... यहां हम आपको कुछ उपाय भी बता रहे हैं.

तंबाकू का सेवन छोड़ने के लिए अपने परिवार, दोस्तों और ऑफिस के साथियों की मदद लें.

अपने डॉक्टर से बात करें और निकोटीन रिप्लेसमेंस थेरेपी और धूम्रपान छुड़ाने वाली दवाओं के बारे में पूछें

धूम्रपान छुड़ाने वाले कार्यक्रमों का हिस्सा बनें. ऐसे कार्यक्रम अस्पतालों,

# पीरियड्स बंद होने के बाद महिलाओं को करना चाहिए ये काम, वरना ओवेरियन कैंसर की हो जाएंगी शिकार

**पीरियड्स बंद** होता है तब शरीर के अंदर कई हार्मोनल उतार-चढ़ाव आते हैं उस दौरान ऐसा क्या करें या किस तरह से अपना ख्याल रखें कि आपकी सेहत पर इसका बुरा असर न दिखें.

**मेनोपॉज में महिलाओं को समस्याएं**

महिलाएं अपने 45 से 50 उम्र के बीच मेनोपॉज से गुजरती हैं. मेनोपॉज का मतलब है महिलाओं के पीरियड्स का बंद होना. जैसे पीरियड्स आना हर महिला या लड़की के हेल्दी लाइफस्टाइल का सूचक है ठीक उसी तरह एक सही टाइम पर पीरियड्स बंद होना भी यह दर्शाता है कि आप शारीरिक रूप से हेल्दी हैं. लेकिन इन सभी बातों के बीच सबसे जरूरी बात यह है कि हर महिला को पीरियड्स बंद होने के बाद अपने शरीर का खास ख्याल रखना. जब पीरियड्स बंद होता है तब शरीर के अंदर कई हार्मोनल उतार-चढ़ाव आते हैं उस दौरान ऐसा क्या करें या किस तरह से



अपना ख्याल रखें कि आपकी सेहत पर इसका बुरा असर न दिखें.

**मेडिकल चेकअप**

पीरियड्स बंद होने के बाद आपको हमेशा हॉस्पिटल भागने या बार-बार दवाई लेने के बजाय आपको अपनी लाइफस्टाइल में कुछ सुधार करने की जरूरत है. आप अपने बॉडी पर ध्यान दें साथ ही खुद से भी ध्यान दें कि आपके शरीर में कुछ बदलाव तो नहीं हो रहे हैं.जिससे आपको आगे जाकर तकलीफ का सामना न करना पड़े.

**डाइट का खास ध्यान रखें**

पीरियड्स बंद होने के बाद यानि मेनोपॉज के बाद महिलाओं को अपने डाइट का खास ध्यान रखना चाहिए. ज्यादा से ज्यादा हेल्दी चीजों को अपने डाइट में शामिल करें. वैसी चीजें ज्यादा खाएं जिसमें फाइबर, कैल्शियम ज्यादा हो क्यों 30 के बाद महिलाओं की हड्डी कमजोर होने लगती है. पत्तेदार सब्जियां, फ्रूट्स जरूर से जरूर खाएं. साथ ही कोशिश करें कि नमकीन और सोडियम कम खाएं. पीरियड्स बंदे होने के बाद शरीर में कई तरह की परेशानियां बढ़ने लगती है.

**कैल्शियम जरूर लें**

मेनोपॉज के बाद डाइट में ज्यादा से ज्यादा कैल्शियम को शामिल करें. मेनोपॉज के वक्त कैल्शियम काफी ज्यादा जरूरी होता है. जिससे हड्डियां कमजोर न हो. इसलिए ज्यादा से ज्यादा दूध, दही, अंडा और मछली खाएं.

**एक्सरसाइज और योग वक्त निकालकर जरूर करें**

बहुत सारी हाउसवाइफ खुद के हेल्थ के लिए एकदम वक्त नहीं निकाल पाती हैं. लेकिन आपको मेनोपॉज के बाद किसी भी तरह वक्त निकालकर एक्सरसाइज करना चाहिए. यह आपको काफी राहत देगी. पीरियड्स बंद होने के बाद मेडिटेशन और योग अच्छी हेल्थ की कुंजी है. इससे आपका तनाव और स्ट्रेस दूर रहता है. और आपका ब्रेन पॉवर बढ़ता है.

**मेनोपॉज के बाद ओवेरियन कैंसर का खतरा**

ओवेरियन कैंसर महिलाओं के ओवरी में शुरू होता है और बाद में शरीर के दूसरों भागों में फैल जाता है. हालांकि ओवेरियन कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है. वैसे तो 50 साल की महिलाओं में यह बीमारी बेहद आम है. 'अमेरिकन कैंसर सोसायटी' के मुताबिक ओवेरियन कैंसर के आधे मामले 63 या उससे अधिक उम्र की महिलाओं में पाए जाते हैं. मेनोपॉज के उम्र में ही ओवेरियन कैंसर का खतरा बढ़ जाता है.

# गर्मियों में आपके माथे पर पडी टैनिंग को इन उपायों से दूर करें

**गर्मियों में खूबसूरत** और बेदाग स्किन पाना कठिन होता है. क्योंकि गर्मी के मौसम में सूरज की तेज किरणे हमारे स्किन को कई तरह से नुकसान पहुंचती है. इसके अलावा धूल और मिट्टी के सीधे संपर्क में आने से भी स्किन की समस्या होती है. कुछ लोगों के माथे पर जबरदस्त टैनिंग हो जाती है. तमाम स्किन केयर प्रोडक्ट उसे करने के बाद भी माथा काला नजर आता है. ऐसे में हम आपको कुछ आसान तरीका बता रहे हैं, इसके इस्तेमाल से आप माथे की डार्कनेस रिमूव करके त्वचा पर निखार ला सकते हैं. आईए जानते हैं वो कौन से तरीके हैं.

**माथे की टैनिंग दूर करने के उपाय**

**हल्दी**-हल्दी अपने एंटीसेप्टिक के एंटीबैक्टीरियल और रंगत निखारने वाले गुण के लिए जाना जाता है. ऐसे में अगर आपके माथे पर जबरदस्त टैनिंग हो गई है तो आप इसका इस्तेमाल करके कालेपन को दूर कर सकते हैं. इसके लिए कच्चे दूध में हल्दी



मिलाकर माथे पर लगाकर 20 मिनट तक सूखने दें. फिर हल्के हाथों से रगड़ कर साफ कर लें. ऐसा नियमित रूप से करने से आपके माथे की टैनिंग दूर हो जाएगी.

**शहद और नींबू**-माथे की टैनिंग दूर करने के लिए आप शहद और नींबू का मिश्रण भी लगा सकते हैं. एक चम्मच नींबू के रस को एक चम्मच शहद में मिला लें और उंगलियों की मदद से इसे सिर पर लगाकर एक घंटा छोड़ दें. यह टैनिंग को हल्का कर देता है. दरअसल नींबू में ब्लीचिंग गुण पाए जाते हैं जो मैल को हटाकर स्किन के टोन को सही करता है.

**बेसन और हल्दी**-बेसन और हल्दी न सिर्फ त्वचा की रंगत सुधारने में मदद करता है, बल्कि टैनिंग को भी दूर करता है, इसके लिए आप एक कटोरी में दो चम्मच बेसन ले लें और उसमें आधा चम्मच हल्दी मिला लें. इसे आप पानी या दूध के साथ मिक्स करके पैक बना लें. अब माथे पर इसे लगाकर 20 मिनट तक के लिए छोड़ दें. ये स्किन को एक्स्पोलिएट करेगा. डेड स्किन सेल्स निकल जाएंगे और टैनिंग की समस्या दूर हो जाएगी.

**बादाम का तेल**- बादाम का तेल भी टैनिंग हटाने में मदद कर सकता है. इसके लिए आप एक कटोरी में बादाम का एक चम्मच तेल, शहद और दूध का पाउडर मिलाएं. इस पेस्ट को अपने माथे पर लगा लें और सूखने के लिए छोड़ दें. फिर रगड़कर माथे को साफ कर लें. नियमित रूप से ऐसा करने पर माथे का कालापन कुछ ही दिनों में दूर हो जाएगा.

**कच्चा दूध** - आप कच्चे दूध में गुलाब जल को मिलकर भी माथे पर लगा सकते हैं. यह टैनिंग दूर करने में मददगार साबित हो सकता है. क्योंकि दूध में लैक्टिक एसिड मौजूद होता है लैक्टिक एसिड त्वचा की रंगत में सुधार करने और कालेपन को दूर करने में मदद कर सकता है.

**खीरा**-खीरे का रस भी टैनिंग की समस्या को दूर कर सकता है. खीरे में विटामिन सी की मात्रा होती है, जो त्वचा के ग्लो को बढ़ावा देता है. ऐसे में खीरे का रस नियमित रूप से माथे पर लगाने से टैनिंग की समस्या दूर हो सकती है.

# तेज़ी से बदलती दुनिया में टिके रहने का एक ही उपाय है आगे बढ़ते रहना

**तेज़ी से बदलती** दुनिया में कुछ भी स्थायी नहीं है। आज का अनिवार्य कौशल कल अनावश्यक हो सकता है। लेकिन निराश न हों। लगातार सीखते रहें, नए कौशल अर्जित करें और ख़ुद को निखारते रहें। अब टिके रहने का एकमात्र उपाय है आगे बढ़ते रहना।

रोज़ नए आविष्कार सामने आ रहे थे। जो जवाब एक साल पहले सही माने जाते थे, उनमें से बहुत सारे अब ग़लत हो चुके थे क्योंकि वह क्षेत्र तेज़ी से प्रगति कर रहा था।

आपकी परिस्थिति भी यही है। आपके जीवन के अनेक क्षेत्रों में आपके जवाब बदल गए हैं। जो एक साल पहले सच था, हो सकता है कि अब वह पूरी तरह से या आंशिक तौर पर बदल गया हो अथवा समाप्त ही हो गया हो। हो सकता है कि आज के बाज़ार में उस उपाय या विचार का कोई मोल ही न रहा हो।

परिवर्तन से जुड़े सभी क्षेत्रों में तेज़ी से प्रतिक्रिया व प्रत्युत्तर देने की योग्यता ही लचीलापन है। यहां आपको इस बात के लिए हामी भरनी होती है कि अब उत्तर बदल गए हैं। इस तरह व्यक्ति या संस्थान को अपने कट्टर या अ-लचीले प्रतिस्पर्धियों की तुलना में कहीं अधिक लाभ मिल सकता है।

**बदलाव तेज़, बहुत तेज़ हैं**

हम सब बहुत तेज़ी से बदल रही दुनिया और मनुष्य के इतिहास में सबसे अधिक उथल-पुथल से भरे दौर में जी रहे हैं, जिसमें आने वाला कल, अगला सप्ताह और आने वाला अगला साल शामिल नहीं है। बीसवीं सदी के मध्य तक, कोई इंसान अपनी पढ़ाई पूरी करके किसी कम्पनी में नौकरी करता और फिर विवाह करके चैन से जीवन बसर



करता।

वर्तमान में, चालीस प्रतिशत वयस्क स्वतंत्र रूप से काम करने वाले लोग हैं जो आजीवन अलग-अलग कम्पनियों से जुड़कर काम करते हैं। उनमें से अनेक तो ऐसे हैं जो कभी किसी कम्पनी से स्थायी तौर पर नहीं जुड़ेंगे।

**80/20 का नियम और आय**

लोगों के पास जो भी कौशल थे, उनमें से अधिकांश अब चलन से बाहर हैं और बहुत से ऐसे लोग सामने हैं जो उनसे कहीं बेहतर कौशल रखते हैं। नोबल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री गैरी बेकर ने वॉल स्ट्रीट जर्नल में एक अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि शिकागो यूनिवर्सिटी में अध्ययन करके पता लगाया गया कि अस्सी प्रतिशत लोगों की वार्षिक औसत आय में प्रतिवर्ष तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जो कि मुद्रास्फीति की दर से थोड़ी-सी आगे या उसके बराबर थी।

जबकि शीर्ष बीस प्रतिशत लोगों की आय में प्रतिवर्ष औसतन 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस तरह वे छह-सात साल के भीतर अपनी आय को दोगुना करने में सफल रहे।

बीस और अस्सी प्रतिशत लोगों के बीच प्रमुख अंतर क्या था? यह निरंतर सीखने और कौशलों को निखारने की वचनबद्धता थी। बीस प्रतिशत लोगों ने किताबें पढ़ीं, सत्रों में हिस्सा लिया, ऑडियो प्रोग्राम सुने और अपनी नौकरी को बेहतर बनाने के सारे उपाय तलाशते रहे।

**सीखते रहें या बाहर हो जाएं**

अस्सी प्रतिशत के निचले तल में रहने वाले लोग इसके ठीक विपरीत थे। उन्होंने कभी कोई पुस्तक नहीं पढ़ी, किसी सत्र का हिस्सा नहीं बने, कोई कोर्स नहीं किया, अपने कौशल या हुनर को निखारने की दिशा में भी कोई क़दम नहीं उठाया। उन्होंने अपना समय ऐसी गतिविधियों में बिताना पसंद किया जो लक्ष्य की ओर ले जाने के बजाय केवल तनाव घटाने का काम करती थीं। नतीजन, वे जानबूझकर ही पीछे, और पीछे होते चले गए।

अंततः उन्होंने अपनी नौकरियां खो दीं। उन्होंने कभी लगातार कुछ सीखने या अपने कौशल को बढ़ाने पर ध्यान नहीं दिया था इसलिए अब उनके लिए इस बाहरी दुनिया में जगह नहीं थी। उनका काम यही था कि वे घर बैठें और टीवी देखें। नतीजतन वे कई माह और वर्षों तक बेरोज़गार बने रहे।

आज भी आय के सभी स्तरों और कॅरियर की सभी श्रेणियों के बीच, बहुत से ऐसे लोग हैं जो यह नहीं जानते कि उनके लिए अपने कौशल या हुनर को निखारना कितना महत्व रखता है। बास्केटबॉल कोच पैट रिले के शब्दों में, 'अगर आप बेहतर नहीं हो रहे तो निश्चित रूप से आप बदतर हो रहे हैं।'

कोई भी एक स्थान पर लम्बे समय तक नहीं टिका रहता। अगर आप लगातार अपने हुनर और कौशल को नहीं निखारते तो आप भी वहीं नहीं टिके रहेंगे। दरअसल, आप नीचे की ओर गिरने लगेंगे। जो लोग लगातार सीखते हुए अपने

# अधिक पसीना आना भी आपको बना सकता है बीमार, इससे बचना है याद रख लीजिए ये टिप्स

गर्मी में पसीना हर किसी को आता है लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें कुछ ज्यादा ही पसीना निकलता है. इससे बदबू की समस्या भी होने लगती है. इससे बचने के लिए आप कुछ देसी उपाय की मदद ले सकते हैं.

पसीना आना एक नेचुरल प्रॉसेस है. गर्मी के दिनों में उमस के चलते यह काफी निकलता है. शरीर के टेंपरेचर को कंट्रोल करने के लिए रोमछिद्रों से पसीना बाहर आता है. इससे शरीर ठंडा बना रहता है और गंदगी आसानी से बाहर आ जाती है. इसलिए पसीना निकलना सेहत के लिए अच्छा माना जाता है. लेकिन अगर यही पसीना जरूरत से ज्यादा निकले तो परेशानी का कारण बन सकती है. बॉडी से अधिक पसीना निकलने से बदबू आने लगती है.

**योगा**



अगर किसी को अधिक पसीना निकलता है तो योग सबसे अच्छा ऑप्शन हो सकता है. रोजाना योग करने से पसीने की समस्या से छुटकारा मिल सकता है. पसीना कंट्रोल करने का यह नेचुरल तरीका है. हर दिन योगा करने से सेहत से जुड़ी कई समस्याएं भी कम हो सकती हैं.

**कॉटन के कपड़े ही पहनें**

गर्मी के मौसम में पसीना आना आम बात है लेकिन ज्यादा पसीना न आए, इसके लिए सूती के कपड़े ही ज्यादा पहनें. कॉटन के कपड़े टी-शर्ट्स, कुर्ते, पैंट्स पसीने को सोख लेते हैं और इसे परेशानी का कारण नहीं बनने देते हैं. इसलिए हल्के और सूती के कपड़े ही यूज करें.

**कैफीन से दूरी**

ज्यादा पसीना आ रहा है और उसे कंट्रोल करना चाहते हैं तो आप कैफीन से परहेज करें. ऐसी चीजों का सेवन बिल्कुल भी न करें, जिससे पसीना ज्यादा निकलता है. चाय-कॉफी काफी कम मात्रा में पिएं. अगर ज्यादा चाय पीते हैं तो उसे कम करने की कोशिश करें.

**जूस का सेवन करें**

गर्मी में जूस पीना काफी फायदेमंद होता है. इससे शरीर ठंडा रहता है. जूस पसीना निकलने की समस्या से भी छुटकारा दिला सकते हैं. अधिक पसीने से परेशान हैं तो रोज जूस पिएं. यह शरीर के टेंपरेचर को कंट्रोल कर उसे ठंडा रखता है. इन उपायों से आप गर्मी में शरीर को सेफ रख सकते हैं और इससे पसीना भी काफी कम निकलता है.

# अभिव्यक्ति केवल एक कविता-संग्रह नहीं

अभिव्यक्ति केवल एक कविता-संग्रह नहीं, बल्कि एक



**पुस्तक का नामः अभिव्यक्ति (कविता-संग्रह)**
**लेखिकाः संजुला सिंह (संजू)**

## पुस्तक समीक्षा

स्त्री के भीतर गूंजते अनुभवों, भावनाओं और जीवन के गहरे रंगों की आवाज़ है। संजुला सिंह 'संजू' की लेखनी में सहजता है, पर वह सरल नहीं—वह पाठक को सोचने, ठहरने और भीतर झांकने पर विवश करती है।

पुस्तक की कविताएं जीवन के विविध पहलुओं को छूती हैं—माँ की ममता, आत्म-संघर्ष, समाज की विडंबनाएं, प्रेम की पीड़ा और आत्म-मंथन। कहीं-कहीं शब्द जैसे खुद पाठक से संवाद करते हैं और उसकी अपनी ही भावनाओं को उजागर कर देते हैं।

संजू की शैली में एक आत्मीयता है—जैसे कोई अपना दर्द, अपनी खुशियाँ आपके कान में फुसफुसा रहा हो। हर कविता एक चित्र की तरह बनती है, जिसे पाठक अपनी संवेदनाओं के रंग से भरता जाता है।

विशेषकर कुछ कविताएं जैसे मैं और मेरी खामोशी, औरत की बात, और सन्नाटे की आवाज़ पाठक को देर तक सोचने पर मजबूर करती हैं।

अभिव्यक्ति उन पाठकों के लिए एक भावनात्मक यात्रा है, जो कविता को सिर्फ पढ़ते नहीं, महसूस करना जानते हैं।

निष्कर्षतः, यह संग्रह आज की संवेदनशील युवा कवियत्री की एक सार्थक पहल है, जो साहित्यिक दुनिया में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराती हैं। हमें गर्व है कि ऐसी सशक्त लेखनी हमारे बीच से निकल रही है।

**समीक्षकः अशोक कुमार तिवारी**





# वेटिंग टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं, 24-घंटे पहले पता चलेगा

*> अभी 4 घंटे पहले चार्ट बनने पर पता चलता है > देशभर में जल्द लागू होगा नियम*

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे ने वेटिंग लिस्ट वाले पैसेंजर्स के लिए नए नियम लेकर आई है। अब यात्रियों को सीट कन्फर्म हुई या नहीं इसकी जानकारी ट्रेन निकलने के एक दिन पहले पता चल जाएगी। रेलवे ने अब चार्ट बनाने का समय ट्रेन के चलने से 24 घंटे पहले कर दिया है। अभी सिर्फ 4 घंटे पहले रिजर्वेशन चार्ट बनाया जाता था। ऐसे में वेटिंग टिकट वालों को आखिरी वक्त तक कंफर्मेशन का इंतजार करना पड़ता था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह नियम 6 जून से बीकानेर डिवीजन में लागू किया गया है। धीरे-धीरे इसे देशभर के अन्य डिवीजनों में भी लागू किया जाएगा।

**तत्काल टिकट बुकिंग पर लागू नहीं होगा ये नियम**

रेलवे ने यह भी कहा कि नए नियम से तत्काल टिकट बुकिंग या अन्य नियमों में कोई बदलाव नहीं होगा। तत्काल टिकट यात्रा से एक दिन पहले बुक किए जाएंगे और उनकी कंफर्मेशन प्रक्रिया पहले के जैसे ही रहेगी।

**वेटिंग टिकट पर स्लीपर-एसी कोच में सफर नहीं कर सकेंगे**

इससे पहले भारतीय रेलवे ने 1 मई से वेटिंग टिकट के लिए नए नियम लागू किए थे। इनके अनुसार, वेटिंग लिस्ट टिकट वाले यात्रियों को अब स्लीपर या एसी कोच में यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी। जिन यात्रियों के टिकट वेटिंग लिस्ट में हैं, वे अब सिर्फ जनरल कोच में ही सफर कर सकेंगे। अगर कोई यात्री वेटिंग टिकट पर एसी या स्लीपर कोच में यात्रा करता हुआ पाया जाता है, तो उस पर जुर्माना लगेगा।




**कन्फर्म न होने पर टिकट अपने-आप रद्द हो जाएंगे**

रेवले ने बताया कि आईआरसीटीसी के जरिए बुक किए गए टिकट कन्फर्म न होने पर अपने आप रद्द हो जाते हैं, लेकिन काउंटर से बुक किए गए टिकट का इस्तेमाल लोग ट्रेन में चढ़ने के लिए करते हैं। इस वजह से कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को असुविधा होती है। 1 मई, 2025 से लागू होने वाला एक और नियम यह है कि आईआरसीटीसी की वेबसाइट या ऐप से बुक की जाने वाली हर ट्रेन टिकट के लिए ओटीपी-आधारित मोबाइल सत्यापन की आवश्यकता होगी। इस उपाय का उद्देश्य सुरक्षा बढ़ाना और बुकिंग प्रणाली के दुरुपयोग को रोकना है।

**वेटिंग टिकट का स्लीपर क्लास से फर्स्ट-एसी में अपग्रेड भी बंद**

21 मई को भारतीय रेलवे ने वेटिंग लिस्ट टिकट से जुड़े ऑटो अपग्रेड प्रक्रिया में बदलाव किए थे। आईआरसीटीसी के अनुसार, स्लीपर क्लास के टिकट फर्स्ट एसी में अपग्रेड नहीं किए जाएंगे, भले ही बर्थ खाली हों। अब तक, वेटिंग लिस्ट वाले यात्री का टिकट सीट अवेलेबल न होने पर बुकिंग की गई कैटेगरी से ऊपर की कैटेगरी में अपग्रेड कर दिया जाता था, लेकिन इस नियम को बदल दिया गया है। यह बदलाव ट्रेन में रिजर्व्ड कोचों में सीट बांटने को अधिक व्यवस्थित करने और हायर कैटेगिरी के कोचों में भीड़ को कंट्रोल करने के लिए किया गया है। सेंटर फॉर रेलवे इन्फॉरमेशन सिस्टम (सीआरआईएस) इस नए नियम को लागू करने के लिए अपने सॉफ्टवेयर को अपडेट कर रही है।

### उल्लंघन के लिए जुर्माना

> **एसी के लिए जुर्माना :** 440 रुपये
> **स्लीपर के लिए जुर्माना :** 250 रुपये

इसके अलावा, आपको ट्रेन के शुरुआती स्टेशन से लेकर उस स्टेशन तक का किराया देना होगा, जहां आप पकड़े गए हैं।

# एक्साइज ड्यूटी 50% बढ़ने से शराब महंगी होगी

*मैकडॉवल्स व्हिस्की बनाने वाली कंपनी का शेयर 6% टूटा, सुला का शेयर 12% चढ़ा*

मुंबई, 11 जून (एजेंसियां)। शराब कंपनियों के शेयरों में आज यानी, 11 जून को गिरावट है। मैकडॉवल्स व्हिस्की बनाने वाली कंपनी यूनाइटेड स्पिरिट्स से लेकर एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स और रेडिको खेतान जैसी प्रमुख शराब कंपनियों के शेयर 6% तक की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। दूसरी तरफ, सुला वाइनयार्ड्स, जीएम ब्रुअरीज और सोम डिस्टिलरीज के शेयरों में 12% तक की तेजी है। कीमतों में इस उछाल की वजह ये है कि निवेशक उम्मीद कर रहे हैं कि महाराष्ट्र में बनी शराब की नई कैटेगरी के ऐलान से इन कंपनियों को फायदा होगा।

**एक्साइज ड्यूटी 50% बढ़ी, इसलिए गिरे शेयर**

महाराष्ट्र सरकार ने भारत में निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) पर एक्साइज ड्यूटी 50% बढ़ा दी है जिस कारण शराब कंपनियों के शेयरों में ये गिरावट आई है। राज्य में एक्साइज ड्यूटी इसे बनाने के कॉस्ट की तीन गुना थी जिसे बढ़ाकर 4.5 गुना कर दिया गया। इससे शराब महंगी हो जाएगी। खासकर जिन प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट 260 रुपये प्रति बल्क लीटर है, उन पर ये लागू होगा। देसी शराब की ड्यूटी भी बढ़कर 180 रुपये से 205 रुपये प्रति प्रूफ लीटर हो गई है। इस फैसले से राज्य की सालाना एक्साइज कमाई में करीब 14,000 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।



**आईएमएफएल और प्रीमियम विदेशी शराब के दाम 50% बढ़ेंगे**

- > 180 एमएल देसी शराब की बोतल अब कम से कम 80 रुपये की होगी, जो पहले 60-70 रुपये थी।
- > भारत में निर्मित विदेशी शराब के दाम 115-130 रुपए से बढ़कर 205 रुपए हो जाएंगे।
- > प्रीमियम विदेशी शराब अब 210 रुपए की बजाय 360 रुपए की हो सकती है।
- > नई पहल महाराष्ट्र मेड लिकर एमएमएल के दाम 148 रुपए होंगे।

नई घोषित महाराष्ट्र मेड लिकर (एमएमएल) कैटेगरी का मकसद देसी शराब और आईएमएफएल के बीच की कीमत का फासला भरना है। ये अनाज से बनी शराब होगी, और इसमें सिर्फ वही प्रोडक्ट्स शामिल होंगे जो महाराष्ट्र में बनाए और रजिस्टर्ड हों। राष्ट्रीय या विदेशी ब्रांड्स इसके लिए योग्य नहीं होंगे।

एमएमएल पर देसी शराब जैसा टैक्स स्ट्रक्चर लागू होगा, लेकिन इसे सिर्फ एफएल-2 और एफएल-3 लाइसेंस वालों के जरिए बेचा जाएगा।

सरकार का अनुमान है कि इस सेगमेंट का मौजूदा साइज 5-6 करोड़ लीटर है, जो बढ़कर 10-11 करोड़ लीटर हो सकता है, और इससे 3,000 करोड़ रुपए तक का अतिरिक्त रेवेन्यू आ सकता है।

**देश का सबसे ज्यादा टैक्स वाला राज्य है महाराष्ट्र**

महाराष्ट्र पहले से ही इस इंडस्ट्री में देश का सबसे ज्यादा टैक्स वाला राज्य था। इस नए फैसले से हालात और खराब होने की संभावना है। किसी खास राज्य में शराब के दाम ज्यादा होने की वजह से कम टैक्स वाले राज्यों या पड़ोसी राज्यों से शराब की तस्करी बढ़ जाती है।

## सेंसेक्स 123 अंक बढ़कर 82,515 पर बंद

मुंबई, 11 जून (एजेंसियां)। शेयर बाजार में आज यानी 11 जून को तेजी रही। सेंसेक्स 123 अंक बढ़कर 82,515 के स्तर पर बंद हुआ है। वहीं निफ्टी में भी 37 अंक की तेजी रही, ये 25,141 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में ही गिरावट रही। आज आईटी और ऑटो शेयर्स में तेजी रही। वहीं एनर्जी, बैंकिंग और एफएमसीजी शेयर्स पर दबाव देखने को मिला। ओसवाल पंप्स का आईपीओ 13 जून को ओपन होगा जो 17 जून तक खुला रहेगा। इसके शेयर बीएसई और एनएसई दोनों पर लिस्ट होंगे।

## अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में सहमति ट्रम्प-शी जिनपिंग की मंजूरी बाकी

**अमेरिकी कंपनियों को रेयर अर्थ मिनरल मिलेंगे, चीनी सामान पर टैरिफ कम होगा**

लंदन, 11 जून (एजेंसियां)। अमेरिका और चीन के बीच चल रही व्यापार वार्ता पर लगभग सहमति बन गई है। न्यूज के मुताबिक दोनों देशों के अधिकारियों ने बताया कि वे एक व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमत हो गए हैं। अब इस समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मंजूरी का इंतजार है।

अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि दोनों देश जिनेवा में पहले हुए समझौते और नेताओं की आपसी बातचीत को अमल में लाने के लिए तैयार हो गए हैं। चीन के व्यापार मामलों के वरिष्ठ अधिकारी ली चेंगगांग ने भी यही बात दोहराई। दरअसल, हाल ही में दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच फोन पर बातचीत हुई थी, जिससे दोनों के बीच चल रहा तनाव थोड़ा कम हुआ। इससे पहले दोनों एक-दूसरे पर व्यापार समझौते के नियम तोड़ने का आरोप लगा रहे थे। इसी साल मई में स्विट्जरलैंड में हुई एक बैठक में यह तय हुआ था कि अप्रैल में जोड़े गए नए टैरिफ को 90 दिनों के लिए रोका जाएगा और कुछ पुराने फैसले भी वापस लिए जाएंगे।

**इस डील से अमेरिका को अर्थ मिनरल्स मिलने की उम्मीद**

अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लुटनिक ने मंगलवार को कहा कि इस सहमति से रेयर अर्थ मिनरल्स और मैग्नेट्स से जुड़ी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि यह फ्रेमवर्क पिछले महीने जेनेवा में हुए समझौते को मजबूती देता है। लुटनिक ने बताया इस समझौते में कुछ अमेरिकी एक्सपोर्ट रिसट्रिक्शन को हटाने की भी बात हुई।

# आज सोने-चांदी के दाम में गिरावट

**सोना 304 रुपये घटकर 96,055 रुपये पर आया, चांदी 1,06,194 रुपये किलो बिक रही**

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 11 जून को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सोना 304 रुपये घटकर 96,055 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 96,359 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। वहीं चांदी की कीमत 806 रुपये कम होकर 1,06,194 रुपये किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,07,000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई थी। ये इसका ऑल टाइम हाई भी है। सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 रुपये का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 24 कैरेट सोने की कीमत 98,550 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,350 रुपये

**मुंबई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 98,400 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,200 रुपये

**कोलकाता :** 24 कैरेट सोने की कीमत 98,400 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,200 रुपये

**चेन्नई :** 24 कैरेट सोने की कीमत 98,400 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,200 रुपये



**भोपाल :** 24 कैरेट सोने की कीमत 98,450 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,250 रुपये

**इस साल अब तक 19,893 रुपये महंगा हो चुका है सोना**

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 19,893 रुपए बढ़कर 96,055 रुपए पर पहुंच गया है।

वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 20,177 रुपए बढ़कर 1,06,194 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

**इस साल 1 लाख 3 हजार रुपए तक जा सकता है सोना**

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। हालांकि, आगे जियो पॉलिटिकल टेंशन कम होने के आसार हैं। इससे चांदी की इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ेगी। इससे चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

**सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें**

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी एचयूआईडी कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है-एजेड4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

## अनिश्चितताओं के बावजूद दुनिया में सबसे तेज रहेगी भारतीय अर्थव्यवस्था की गति; विश्व बैंक का अनुमान

वाशिंगटन, 11 जून (एजेंसियां)। वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इसके साथ ही, विश्व बैंक ने 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 6.3 फीसदी पर बरकरार रखा है।

विश्व बैंक ने अप्रैल में 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि दर अनुमान को 6.7 फीसदी से घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया था। विश्व बैंक की मंगलवार को जारी ताजा वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि 2024-25 में धीमी हो गई, जो औद्योगिक उत्पादन में आंशिक नरमी को दर्शाती है। हालांकि, निर्माण और सेवा गतिविधियों में वृद्धि स्थिर रही। ग्रामीण क्षेत्रों में लचीली मांग से कृषि उत्पादन में सुधार हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, बढ़े व्यापार तनाव और नीतिगत अनिश्चितता के चलते इस साल वैश्विक वृद्धि दर घटकर 2.3 फीसदी रह सकती है, जो 2008 के बाद से सबसे धीमी है। इस उथल-पुथल के कारण सभी क्षेत्रों और आय समूहों में करीब 70 फीसदी अर्थव्यवस्थाओं के लिए वृद्धि पूर्वानुमान में कटौती की गई है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2025 में 4.5 फीसदी रह सकती है।

## आपूर्ति अटकने से प्रभावित होगा यात्री वाहनों का उत्पादन, कंपनियों के पास है भंडार

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। चीन से रेयर अर्थ मैग्नेट की आपूर्ति में एक महीने से अधिक समय तक व्यवधान रहने से इलेक्ट्रिक सहित यात्री वाहनों के उत्पादन पर असर पड़ सकता है। इससे घरेलू वाहन उद्योग की रफ्तार धीमी हो सकती है। क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश वाहन निर्माताओं के पास वर्तमान में चार से छह सप्ताह का ही भंडार है। ऐसे में लंबे समय तक मैग्नेट की आपूर्ति में देरी से कंपनियों को ईवी मॉडलों के उत्पादन को जुलाई से टालना पड़ सकता है।

अगर आपूर्ति संबंधी बाधाएं लंबे समय तक बनी रहीं तो दोपहिया और आईसीई यात्री वाहनों पर इसका ज्यादा प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही, कम लागत वाला यह महत्वपूर्ण मैग्नेट घरेलू वाहन क्षेत्र के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। रेयर अर्थ मैग्नेट आपूर्ति में कमी ऐसे समय आई है, जब वाहन क्षेत्र ईवी को गति देने की तैयारी में है। कंपनियों की आने वाले समय में एक दर्जन से अधिक नए ईवी मॉडल लॉन्च करने की योजना है।

# रेपो दर में कटौती दो साल जारी रही तो और घटेगी ब्याज लागत

*> परिवारों को हर साल होगी 60000 रुपये तक बचत*

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। रेपो दर में कटौती के बाद बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के कर्ज पर ब्याज दर घटाने से भारतीय परिवारों की सालाना 50,000 से 60,000 रुपये की बचत होगी। यह स्थिति तब होगी, जब हम यह मान लें कि खुदरा और छोटे, मझोले एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के 80 फीसदी कर्ज ईबीएलआर से जुड़े हैं। ईबीएलआर का मतलब बाहरी बेंचमार्क लेंडिंग रेट है, जो रेपो दर से जुड़ा होता है।

एसबीआई ने एक रिपोर्ट में कहा, रेपो दर घटने के तुरंत बाद ईबीएलआर से जुड़े कर्ज सस्ते होने लगे हैं। अगर आरबीआई की नरम दर की यह रणनीति अगले दो साल तक जारी रहती है, तो इससे परिवारों की ब्याज लागत में और गिरावट आएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्याज दरों में ढील के मौजूदा चक्र में आरबीआई इस साल फरवरी से अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। इससे ईबीएलआर ब्याज दरें अपने आप कम हो गई हैं। नकद आरक्षित अनुपात और लिक्विडिटी कवरेज रेश्यों आदि जैसे सभी सेगमेंट को हटा दें तो बैंकों के पास 100 रुपये की प्रत्येक जमा राशि पर वाणिज्यिक कर्ज देने के लिए सिर्फ 44.4 रुपये बचते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में घरेलू कर्ज अन्य उभरते देशों के 49.1 फीसदी की तुलना में सिर्फ 42 फीसदी है। हालांकि, तीन




| एमपीसी बैठक | रेपो रेट (%) पहले | रेपो रेट (%) बाद में | कटौती आधार अंकों में |
|---|---|---|---|
| फरवरी 2025 | 6.50% | 6.25% | 25 |
| अप्रैल 2025 | 6.25% | 6.00% | 25 |
| जून 2025 | 6.00% | 5.50% | 50 |

वर्षों में इसमें वृद्धि हुई है। दिलचस्प बात है कि यह वृद्धि कर्ज के बजाय ग्राहकों की संख्या बढ़ने से हुई है। परिवारों पर बढ़ता कर्ज इसलिए चिंताजनक नहीं है क्योंकि पोर्टफोलियो का दो तिहाई हिस्सा बेहतर गुणवत्ता वाला है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ज्यादातर लोग क्रेडिट कार्ड, कंज्यूमर ड्यूरेबल और अन्य पर्सनल लोन ले रहे हैं। इन सभी का हिस्सा कुल खुदरा और एमएसएमई कर्ज में 45 फीसदी है। होम और ऑटो लोन की हिस्सेदारी 25 फीसदी है। उत्पादक उद्देश्यों जैसे कृषि, कारोबार और शिक्षा क्षेत्र का कुल कर्ज में हिस्सा 30 फीसदी है।

**2008 से 2013 के बीच ब्याज दर में सर्वाधिक 4.5% कटौती**

रिपोर्ट में आरबीआई के आंकड़े के हवाले से बताया गया है, रेपो दर में सबसे अधिक 4.5 फीसदी की कटौती सितंबर, 2008 से सितंबर, 2013 के बीच हुई थी। इस दौरान रेपो दर में सर्वाधिक 4 फीसदी वृद्धि भी हुई। उसके बाद दिसंबर, 2018 से दिसंबर, 2024 के बीच में 2.5 फीसदी की कमी की गई थी। 2003 से 2024 तक हर गवर्नर ने अपने कार्यकाल में रेपो दर में दो फीसदी से ज्यादा की कटौती की।

**दास के कार्यकाल में बराबर रही दर**

पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास के छह साल के कार्यकाल में रेपो दर शुद्ध रूप से बराबर रही। कोरोना के कारण दास ने अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए उस दौरान जरूर 2.50 फीसदी की कटौती की थी, लेकिन बाद में उतनी ही बढ़ा भी दी। इस तरह से जिस दर पर उन्हें जिम्मेदारी मिली, उसी स्तर पर उन्होंने विदाई भी ली।

**रेपो दर घटने से बैंकों में बढ़ जाती है नकदी**

आंकड़े बताते हैं कि जब भी रेपो दर में कमी की गई है, बैंकिंग सिस्टम में नकदी बढ़ी है। 2008 से 2025 के बीच पांच गवर्नर के कार्यकाल में केवल रघुराम राजन को छोड़ दें तो हर बार नकदी बढ़ी है। यही हाल संजय मल्होत्रा के कार्यकाल में हुई है। इस समय बैंकों के पास 9.5 लाख करोड़ रुपये की नकदी है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | वृष मे | वृष... | 04-36 बजे |
| चंद्र- | धनु मे | मिथुन... | 05-56 बजे |
| मंगल | सिंह मे | कर्क... | 08-09 बजे |
| बुध- | मिथुन मे | सिंह... | 10-20 बजे |
| गुरु- | मिथुन मे | कन्या... | 12-27 बजे |
| शुक्र- | मीन मे | तुला... | 14-34 बजे |
| शनि- | मीन मे | वृश्चिक... | 16-42 बजे |
| राहु- | कुंभ मे | धनु... | 18-56 बजे |
| केतु- | सिंह मे | मकर... | 21-06 बजे |
| | | कुंभ... | 22-53 बजे |
| | | मीन... | 00-31 बजे |
| | | मेष... | 02-07 बजे |

श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे, ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000 | सूर्योदय 05-44
भोग्य कलि वर्ष-426874 | सूर्यास्त 18-46
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126
दिशाशूल - दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले
तिथि- प्रतिपदा 14-27 तक उपरान्त द्वितीया
मास - आषाढ़ कृष्ण, गुरुवार 12 June
नक्षत्र - मूल 21-56 तक उपरान्त पूर्वाषाढ़ा
योग - शुभ 14-04 तक उप शुक्ल
करण- कौलव 14-27 तक उप तैतिल
विशेष- आषाढ़ मास प्रारंभ
व्रत-त्योहार - गुरु तारा अस्त रात मे

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है। सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 13:54 से 15:33 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05:44 - 07:21 | शुभ | अमृत | 18:46 - 20:11 | शुभ |
| रोग | 07:21 - 08:59 | अशुभ | चंचल | 20:11 - 21:33 | शुभ |
| उत्पात | 08:59 - 10:38 | अशुभ | रोग. | 21:33 - 22:54 | अशुभ |
| चंचल | 10:38 - 12:16 | शुभ | काल | 22:54 - 00:16 | अशुभ |
| लाभ | 12:16 - 13:54 | शुभ | लाभ | 00:16 - 01:38 | शुभ |
| अमृत | 13:54 - 15:33 | शुभ | उत्पात | 01:38 - 02:59 | अशुभ |
| काल | 15:33 - 17:11 | अशुभ | शुभ. | 02:59 - 04:21 | शुभ |
| शुभ | 17:11 - 18:46 | शुभ | अमृत. | 04:21 - 05:44 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,) — संचार कुशलता आपकी विशेषता है,आप किसी दोस्त या करीबी से आज कोई ऐसी बात बांटना चाहेंगे जो आप काफी लम्बे समय से सोच रहे हैं । आज अपने गुस्से और निराशा को बाहर निकलने दें । बात करते हुए कोई समाधान भी मिल सकता है ,लेकिन बातें दिल खोलकर करें । दिन के अंत में कोई चोंकाने वाली खबर मिल सकती है ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,) — आप अन्दर से डरे हुए से हैं । यह जान लें कि इन मुद्दों से घबराने की जरूरत नही है। इन वर्तमान समस्याओं के कई कारण हैं और इनके लिए दुसरे जिम्मेदार हैं,आप नहीं । ये छोटी बातें जल्दी ही सुलझ जायेंगी । अपने आपको राहत देने के लिए किसी मनोरंजक कार्यकलाप की योजना बनाएं ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,) — ऐसी स्थितियां आ सकती हैं जो आपको बिना सोचे काम करने के लिए उकसायें । यह सही समय है जब आपको सब कुछ अपने नियंत्रण में रखकर युद्ध स्तर पर काम करना है । अपने बच्चों या छोटे बहन भाइयों के लिए सुरक्षात्मक रवैया अपनाएँ । आप बहुत अच्छी तरह सामाजिक गतिविधियों में शामिल होंगे और यहां आपका बहुत अच्छा स्वागत होगा ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,) — आज आप बहुत जल्दी में हैं । आपको अपने सब कामों को निपटाने की गति जरा धीमी करनी होगी क्योकि जल्दी मे काम निपटाने के चक्कर में आपसे गलतियाँ हो सकती हैं । इसीलिए धीमे चलें । इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आप क्या कह और कर रहें हैं । आपको अपने कार्य को संतोषजनक ढंग से पूरा करने के लिए सभी बारीकियों पर ध्यान देने की जरुरत है ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,) — नकारात्मकता से भरे छली लोगों से दूर रहें । ये आपको भी नकारात्मक बनाकर असफल कर देने की कोशिश में हैं जबकि आप अपनी मंजिल के बहुत करीब हो । शांति के लिए आज अपना अधिकतर समय परिवार के साथ घर पर बिताएं और सारा बाकी काम पूरा कर लें । कुछ मीठी यादें सहेजने के लिए अपने कमरे में उनका फोटो लगा दें ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — काफी समय से जिन्दगी एक ही ढर्रे पर चल रही है,कुछ मजेदार भी नही हो रहा । अपनी नीरस जिंदगी में कुछ साहसिक गतिविधि शामिल करें । अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल पर जा सकते हैं या कहीं भी बाहर घूम आयें । महत्वपूर्ण कामों को पूरा करने के लिए कुछ समय तक खुद को कुछ सामाजिक और निजी गतिविधियों से दूर कर लें ताकि एकाग्रता से काम कर पायें ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,) — इस बात की सम्भावना है कि कोई आपके आसपास आपके विचार चुराकर आने करियर में प्रगति करना चाहता है । इसीलिए किसी से बात करते हुए सावधान रहें । आपको इस समय बड़ी गंभीरता से अपने हित के बारे में सोचना है । अपने लम्बे सहकर्मी रह चुके लोगों के साथ भी अपनी जानकारियां साझी न करें ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,) — वित्तीय लाभ की सूचना से आपको और आपके परिजनों को ख़ुशी होगी । इससे ये भावना आएगी कि सब अच्छा हो रहा है । आप खुशमिजाज और आकर्षक हैं,नए लोगों से मिलें । इससे आपको नए अवसर मिलेंगे जो अंतत आपके लिए फायदे का सौदा साबित होंगे । आप परिवार या घर की बनावट में कोई बदलाव लाने के बारे में सोच सकते हैं ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे) — आज किसी अनियोजित रोमांचक यात्रा पर जाने की सम्भावना है । हो सकता है कि शहर में ही घूमना चाहें,लेकिन आपका विचार खूब मजे करने का है और ऐसा ही होगा भी । आप किसी करीबी के साथ हुए गिले-शिकवे दूर कर सकते हैं । आपको पहले ही ऐसा करना चाहिए था,परन्तु आज सामने आने पर सब बातें साफ़ हो जायेंगी ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) — आप आज ऐसे लोगों से मिलेंगे जो आपकी कमियों के बारे में जानते तो हैं लेकिन उन्हें स्वीकार करना नही चाहते जैसे कि उनमें खुद में कोई कमियां नही हैं । ऐसे लोगों से दूरी बनाये रखें ।उन अच्छे लोगों पर अपना ध्यान केन्द्रित करें जो आपको पिछले कुछ वर्षों में मिले हैं और उनसे दुबारा संपर्क साधने की कोशिश करें ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,) — आपके परिवारवालों को नजदीकी संबंधियों से होने वाली परेशानी के कारण आपको भी प्रतिबंधों का सामना करना होगा । ये लम्बे समय तक नही रहेंगे लेकिन आपको काफी प्रभावित करेंगे,इसीलिए इनके प्रभाव से बचने की कोशिश करें । आज आप कोई घरेलू उपयोग का उपकरण खरीदेंगे ,या घर की नियमित साफ़-सफाई के चलते कम उपयोगी सामान को बेच देंगें ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची) — आज का दिन कुछ अजीब सा रहेगा । कोई ऐसी घटना घट सकती है जिसकी आपने कभी कल्पना भी ना की होगी । आप गृहों से मिलने वाली ऊर्जा का ध्यान रखें और यह समझने की कोशिश करें कि वे आपको किस दिशा में ले जाना चाहती हैं । जीवन के इस मोड़ पर आपको सही रास्ता मिलना ही आपका आगे का भविष्य तय करेगा ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

## वीडियो वायरल मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष पार्टी से निष्कासित



गोंडा, 11 जून (एजेंसियां)। वायरल वीडियो मामले में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय नेतृत्व ने बड़ी कार्रवाई की है। गोंडा के जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। 25 मई को सोशल मीडिया पर भाजपा कार्यालय का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह एक महिला कार्यकर्ता के साथ नजर आए थे। यह वीडियो 12 अप्रैल की रात का था। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने सामने आकर कहा था कि वायरल वीडियो उनका है। वह पार्टी की एक महिला कार्यकर्ता को चक्कर आने पर सहारा दे रहे थे। महिला ने भी सामने आकर खुलकर अपनी बात कही थी। उसने जिलाध्यक्ष को अपना भाई बताते हुए गलत तरीके से वीडियो वायरल करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले की जांच मनकापुर पुलिस कर रही है। इन सबके बीच पार्टी नेतृत्व ने भी जिलाध्यक्ष से जवाब मांगा था। इस पर 28 मई को जिलाध्यक्ष ने अपना जवाब दिया था। बीते सात मई को भाजपा जिला प्रभारी विजय बहादुर पाठक दौरे पर आए थे। उस वक्त पार्टी पदाधिकारियों ने खुलकर नाराजगी जाहिर की थी। यही नहीं, कुछ लोगों ने तो बैठक का भी बहिष्कार किया था। इसके बाद जिला प्रभारी ने पूरी रिपोर्ट प्रांतीय नेतृत्व को सौंपी थी। बुधवार की सुबह भाजपा के प्रदेश महामंत्री व मुख्यालय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला ने जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप को पार्टी से निष्काषित कर दिया है।

# होटल में जलकर मरे थे 8 लोग, अब बीएमसी परिजनों को देगा 50-50 लाख रुपए, बॉम्बे हाई कोर्ट का आदेश

मुंबई, 11 जून (एजेंसियां)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) को आदेश दिया कि वह 2015 में होटल में लगी आग में मारे गये आठ लोगों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये का मुआवजा दे। कोर्ट ने बीएमसी पर कर्तव्य का पालन करने में पूरी तरह विफल रहने का आरोप भी लगाया। कुर्ला स्थित 'होटल सिटी किनारा' में 16 अक्टूबर, 2015 को आग लग गई थी, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में से सात 18-20 वर्ष की आयु के छात्र थे और आठवां पीड़ित विरार का 31-वर्षीय डिजाइन इंजीनियर था। हाई कोर्ट पीड़ितों के माता-पिताओं की उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिनमें लोकायुक्त के फरवरी 2017 के आदेश को रद्द करने की मांग की गई थी। लोकायुक्त ने आग की घटना की जांच का अनुरोध खारिज कर दिया था।



**बीएमसी को कब तक देना होगा मुआवजा?**

लोकायुक्त ने उनकी याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि प्रत्येक को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है। पीड़ित परिवारों ने मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग की। हाई कोर्ट ने मंगलवार को अपने फैसले में बीएमसी को 12 सप्ताह के भीतर प्रत्येक पीड़ित के परिवार को 50 लाख रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा,''कार्रवाई करने में बीएमसी की विफलता के कारण होटल किनारा में अवैध गतिविधि बेरोकटोक जारी रही और अंततः आग की घटना घटित हुई तथा लोगों की जान चली गई।''

**बीएमसी को ठहराया गया जिम्मेदार**

न्यायमूर्ति बी। पी। कोलाबावाला और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की पीठ ने कहा कि यह "चौंकाने वाला" है कि बीएमसी होटल के खिलाफ कोई कार्रवाई शुरू करने में विफल रही, जबकि उसे पता था कि होटल के पास अग्निशमन विभाग से अपेक्षित अनुमति नहीं है। न्यायालय ने कहा, ''अगर बीएमसी ने तुरंत कार्रवाई की होती, तो आग की घटना निश्चित रूप से नहीं होती।''पीठ ने कहा, ''बीएमसी द्वारा बरती गयी लापरवाही और वैधानिक कर्तव्यों का उल्लंघन आग का एक संभावित कारण रहा और नगर निकाय को उसके अधिकारियों के कृत्य और चूक के लिए उत्तरदायी ठहराया जा सकता है।'' कोर्ट ने कहा कि आठ लोगों की जान जाने से उनके परिवारों के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का घोर उल्लंघन हुआ है।

**दोषियों पर कार्रवाई**

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि होटल ने लाइसेंस की कई शर्तों का उल्लंघन किया है, जिसमें 'मेजेनाइन फ्लोर' पर एक सेवा क्षेत्र का संचालन करना शामिल है।

इस क्षेत्र को भंडारण क्षेत्र माना जाता था। पीठ ने कहा है कि होटल के पास अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) भी नहीं था। कोर्ट ने कहा कि होटल को अग्निशमन विभाग से कोई भी अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना खानपान और आवास संबंधी लाइसेंस दिया गया था। जिस वक्त आग लगी तब आठ पीड़ित इस तल पर बैठे थे और उनकी मृत्यु हो गई। हाई कोर्ट ने कहा कि होटल में आग और आठ व्यक्तियों की मृत्यु रोकने में लापरवाही बरतने के लिए नगर निकाय के अधिकारियों को कोई सजा नहीं भुगतनी पड़ी।

## गोवा सरकार ने डॉक्टरों की सभी मांगें मानी, सीएम ने हड़ताल खत्म करने के लिए कहा धन्यवाद

पणजी, 11 जून (एजेंसियां)। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा है कि उनकी सरकार ने हड़ताल कर रहे डॉक्टरों की सभी सात मांगें मान ली हैं। सीएम ने गोवा मेडिकल कॉलेज में हड़ताल कर रहे डॉक्टरों से मुलाकात की। मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमने डॉक्टरों की सभी मांगें मान ली हैं। ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए। हाल ही में गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे गोवा मेडिकल कॉलेज में औचक निरीक्षण पर पहुंचे थे। इस दौरान शिकायतें मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री ने गोवा मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ। रुद्रेश कुट्टीकर को डांट दिया था। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टर के खिलाफ सख्त भाषा का इस्तेमाल किया। साथ ही डॉक्टर को निलंबित भी कर दिया।

## राजोरी में एक माह में 44 लोगों ने की आत्महत्या की कोशिश, जहर और फंदे के बीच उलझा सवाल

राजोरी, 11 जून (एजेंसियां)। राजोरी आत्महत्या के प्रयासों के मामले में देश में पहले नंबर पर है। यहां की आत्महत्या दर राष्ट्रीय औसत से 6 गुना से ज्यादा है। इस सूची में 13 से 65 वर्ष तक की उम्र के लोग शामिल हैं। प्रशासनिक स्तर पर तैयार कराए गए आंकड़ों के मुताबिक मई में 44 लोगों ने आत्महत्या का प्रयास किया, जिनमें से अधिकांश मामले शादीशुदा महिलाओं से जुड़े हुए हैं। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि इससे पहले भी आत्महत्या के मामले सामने आते थे। पर अचानक जब यह ट्रेंड बढ़ने लगा तो प्रशासन ने आंकड़े एकत्र करना शुरू किया। इसमें पाया गया कि मई के महीने में (1 मई से 31 मई तक) 44 लोगों ने आत्महत्या का प्रयास किया। आंकड़ों के अनुसार इनमें 13 वर्ष से 65 वर्ष तक के




लोग शामिल हैं। इन 44 मामलों में सबसे अधिक शादीशुदा महिलाओं से जुड़े हुए पाए गए। पुलिस की जांच में पाया गया कि शादीशुदा महिलाओं की ओर से आत्महत्या के ज्यादातर प्रयास ससुराल की ओर से अत्याचारों के चलते सामने आए। ससुराल में पति या सास-ससुर की प्रताड़ना से तंग आकर या घरेलू कलह के कारण महिलाओं ने आत्महत्या का प्रयास किया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अधिकांश मामलों में आत्महत्या करने वालों ने घरों में रखी गई चूहा मार दवाई या अनाज भंडारण के लिए इस्तेमाल की जाने वाली अन्य हल्की जहरीली वस्तुएं खाईं। जहर खाने के बाद आत्महत्या का दूसरा सामान्य तरीका फंदा था। जहर खाने वालों में से अधिकांश को समय पर अस्पताल पहुंचाकर बचा लिया गया, लेकिन फंदा लगाने वालों को नहीं बचाया जा सका। राजोरी में आत्महत्या दर सर्वाधिकचूंकि हमारे पास राजोरी की वार्षिक आत्महत्या दर नहीं बल्कि प्रयासों की दर है, सीधी तुलना संभव नहीं। फिर भी मई माह के आधार पर आत्महत्या के प्रयासों की दर 6.85 प्रति लाख निकलकर आई है, जो वार्षिक राष्ट्रीय औसत आत्महत्या दर के मासिक हिसाब से काफी अधिक है। मासिक राष्ट्रीय औसत आत्महत्या दर 1.075 प्रति लाख है। 2022 में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार 1.71 लाख लोगों ने आत्महत्या की,

## नवी मुंबई में आईपीओ और इंडेक्स ट्रेडिंग के नाम पर 4.71 करोड़ की साइबर ठगी

मुंबई, 11 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नवी मुंबई साइबर पुलिस ने आईपीओ और इंडेक्स ट्रेडिंग में निवेश कराने के नाम पर 4.71 करोड़ की धोखाधड़ी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि आरोपी महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में भी कई साइबर अपराधों में शामिल पाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 30 नवंबर 2024 से 5 मार्च 2025 के बीच, उसे साइबर ठगों में संपर्क किया और फिर उसे फर्जी निवेश योजनाओं में भारी रिटर्न का लालच देकर झांसे में लिया गया। आरोपियों ने आईपीओ और इंडेक्स ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का वादा कर पीड़ित से कुल 4,71,65,000 अलग अलग बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। जैसे ही ठगी का मामला सामने आया, नवी मुंबई साइबर पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 319(2), 318(4), 3(5) और आईटी एक्ट की धारा 66(डी) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दीं। पुलिस अधिकारी के अनुसार साइबर क्राइम टीम ने बैंक ट्रांजैक्शन, डिजिटल फुटप्रिंट और अन्य तकनीकी सुरागों की मदद से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके नाम विकास प्रकाश गव्हाणे जो कि पेशे से एस्टेट एजेंट है और नवी मुंबई के करंजडे, का रहने वाला है। वहीं दूसरे आरोपी का नाम मनोज विष्णु कलापड़ जो कि मालेगांव, का रहने वाला है। दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया।

## दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह पर कांग्रेस का बड़ा एक्शन, पार्टी से किया बाहर



भोपाल, 11 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह को कांग्रेस ने 6 सालों के लिए पार्टी से निकाल दिया है। लक्ष्मण सिंह पर यह एक्शन उनके हाल ही में राहुल गांधी, सीएम उमर अब्दुल्ला और कारोबारी और सांसद प्रियंका गांधी के पति रोबर्ट वाड्रा पर की गई टिप्पणी को लेकर लिया गया है। लक्ष्मण सिंह के राहुल गांधी, उमर अब्दुल्ला और रोबर्ट वाड्रा को लेकर दिए गए बयानों को पार्टी ने अनुशासनहीनता मानता है। इसी के चलते अब उन्हें पूरे 6 साल के लिए पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया है। दरअसल, कांग्रेस पार्टी से लक्ष्मण को 6 साल के लिए निष्कासित करने के लिए कांग्रेस की डिसिप्लिनरी कमिटी के अध्यक्ष सांसद तारिक अनवर ने आला कमान को सिफारिश भेजी थी। लगातार यह बात सामने आ रही थी कि उन्हें पार्टी से बाहर निकाला जा सकता है, हालांकि अब यह एक्शन लिया जा चुका है। कश्मीर के पहलगाम में 26 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को लेकर लक्ष्मण सिंह ने जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला पर हमला किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला आतंकवादियों से मिले हुए हैं। साथ ही उन्होंने कहा था कि कांग्रेस को तुरंत नेशनल कॉफ्रेंस से समर्थन वापस ले लेना चाहिए।

लक्ष्मण सिंह ने राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को लेकर भी टिप्पणी करने की भी गुस्ताखी की थी। उन्होंने कहा था, रॉबर्ट वाड्रा जीजा जी, राहुल जी का, उन्होंने क्या कहा, मुसलमानों को सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने देते इसलिए आतंकवादियों ने हमला किया। ये बचपना हम लोग कब तक झेलेंगे। राहुल गांधी सोच समझकर बात करें, वो नेता प्रतिपक्ष हैं। मध्य प्रदेश के राघोगढ़ सीट से कांग्रेस विधायक रह चुके लक्ष्मण सिंह के इस बयान ने कांग्रेस पार्टी के लिए असहज माहौल पैदा कर दिया था।

## विरोध प्रदर्शन के बाद कार्रवाई

### सुरक्षाबलों पर गोलीबारी करने के आरोप में मैतेई संगठन का नेता गिरफ्तार

इंफाल, 11 जून (एजेंसियां)। मणिपुर में मैतेई नेता की गिरफ्तारी के विरोध में हुए प्रदर्शन और हिंसा के मामलों में सुरक्षा बलों ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी करने के आरोप में मैतेई संगठन अरामबाई तेंगगोल को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा प्रदर्शनों के दौरान हिंसा मामले में 19 अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया है। अफसरों ने बताया कि विरोध प्रदर्शनों के दौरान नौ जून को जब सुरक्षाकर्मी इंफाल पश्चिम जिले के तेरा सपाम इलाके में एक सड़क अवरोध को हटाने की कोशिश कर रहे थे तो उन पर गोलीबारी की गई। इस मामले में अरामबाई तेंगगोल के सदस्य राज उर्फ बोइनाओ पंगेइजम (39) को मणिपुर पुलिस ने पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया।

उसे मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया और उसे आठ दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि अरामबाई तेंगगोल के प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों पर उस समय हमला कर दिया, जब वे इंफाल पश्चिम जिले के तेरा सपाम में सड़क अवरोध हटाने का प्रयास कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों में से एक ने वहां सुरक्षा बलों पर गोलियां चला दीं और मौके से भाग गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सड़क हिंसा में शामिल होने के आरोप में 19 लोगों को हिरासत में भी लिया है। ये लोग सड़कें अवरुद्ध करते थे और यात्रियों को परेशान करते। साथ ही सार्वजनिक अशांति पैदा करते पाए गए। ज्यादातर नशे की हालत में थे। उल्लेखनीय है कि शनिवार को मणिपुर पुलिस ने अरमबाई तेंगगोल संगठन के एक सदस्य कानन सिंह को इंफाल एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। मणिपुर में 2023 में भड़की हिंसा में इस मैतई नेता की संलिप्तता का दावा किया जा रहा है।

# दिल्ली में अवैध प्रवासियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई पुलिस ने अरेस्ट किए 242 बांग्लादेशी



नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। दिल्ली की बाहरी जिला पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई करते हुए कुल 242 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी बिना वैध दस्तावेजों के भारत की सीमा में प्रवेश कर विभिन्न इलाकों में रह रहे थे। बाहरी जिले के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (एडिशनल डीसीपी) मनोज कुमार मीणा ने इस ऑपरेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**विदेशी सेल को गुप्त सूचना मिली- मनोज कुमार**

मनोज कुमार मीणा ने बताया कि बाहरी जिले की विदेशी सेल को गुप्त सूचना मिली थी कि मंगोलपुरी रेलवे लाइन के आसपास कुछ बांग्लादेशी नागरिकों की संदिग्ध गतिविधियां चल रही हैं। इस सूचना के आधार पर सेल की एक विशेष टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों को देखा, जो पुलिस की मौजूदगी देखकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने तुरंत उन्हें रोककर उनकी जांच शुरू की। उन्होंने आगे कहा कि जांच के दौरान यह पाया गया कि सभी लोग बांग्लादेशी नागरिक हैं और उनके पास भारत में रहने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं हैं। इसके बाद पुलिस ने बाहरी जिले के विभिन्न इलाकों में छापेमारी तेज कर दी।

इस कार्रवाई में मंगोलपुरी और अन्य आसपास के क्षेत्रों से कुल 242 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। सभी अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर यहां रह रहे थे।

**पकड़े गए सभी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज**

मनोज कुमार ने बताया कि पकड़े गए सभी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने इनके दस्तावेजों की गहन जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ये लोग किन परिस्थितियों में और कब भारत में दाखिल हुए। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि क्या इनका किसी संगठित नेटवर्क से संबंध है, जो अवैध प्रवास को बढ़ावा देता हो। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस तरह की कार्रवाइयां भविष्य में भी जारी रहेंगी ताकि अवैध प्रवास पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके। बाहरी जिला पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि वे अपने आसपास किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

## 'शनि शिंगणापुर मंदिर से तुरंत हटाए जाएं 114 मुस्लिम कर्मचारी', हिंदू संगठन ने दी चेतावनी

मुंबई, 11 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री क्षेत्र शनि शिंगणापुर मंदिर में मुस्लिम कर्मचारियों की नियुक्ति का विवाद बढ़ गया है। शनि शिंगणापुर मंदिर ट्रस्ट में काम करने वाले 114 मुस्लिम कर्मचारियों के खिलाफ हिंदू संगठन आक्रामक हो गया है। संगठन की मांग है कि ट्रस्ट सभी मुस्लिम कर्मचारियों को तत्काल काम से निकाले वरना 14 जून को मंदिर के बाहर सकल हिंदू समाज द्वारा विराट मोर्चा निकाला जाएगा।

**मंदिर ट्रस्ट का क्या है पक्ष?**

वहीं, इस पर मंदिर ट्रस्ट का कहना है कि ये सही है कि मंदिर ट्रस्ट में कुल 114 मुस्लिम कर्मचारी नौकरी करते हैं लेकिन मंदिर परिसर में एक भी मुस्लिम कर्मचारी की ड्यूटी नहीं है। मंदिर ट्रस्ट के कृषि विभाग, कुड़ा व्यवस्थापन विभाग और शिक्षा विभाग में ये मुस्लिम कर्मचारी काम करते हैं। 114 मुस्लिम कर्मचारियों में से 99 कर्मचारी पिछले 5 महीने से काम पर नहीं आ रहे हैं। इन सभी कर्मचारियों की तनख्वाह रोक दी गई है। बचे हुए 15 कर्मचारियों में से कुछ कर्मचारी पिछले 20 साल से ट्रस्ट में काम कर रहे हैं।

**कैसे शुरू हुआ विवाद?**

मामला 21 मई 2025 को तब गरमाया जब मंदिर के पवित्र चबूतरे पर मुस्लिम कारीगरों द्वारा ग्रिल लगाने और शनिदेव भगवान के चबूतरे की सफाई और रंगरोगन का कार्य किया गया। इस घटना का पता लगने के बाद महाराष्ट्र मंदिर महासंघ और हिंदुत्ववादी संगठनों ने तीव्र आपत्ति जताई। जिसके बाद अब मंदिर के ट्रस्ट बोर्ड ने परिसर के सभी मुस्लिम कर्मचारियों को काम से हटा दिया है।

# गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को धमकी देने वाला इसरार खान उर्फ छोटे गिरफ्तार



सूरत, 11 जून (एजेंसियां)। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को धमकी देने वाले शख्स को हत्या के प्रयास के एक अन्य मामले में सूरत पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, सलमान खान के करीबी माने जाने वाले महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की मुंबई में गोली मारकर हत्या करने के बाद सूरत में रहने वाले सिरफिरे इसरार खान उर्फ छोटे का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह कार में सफर करते हुए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को धमका रहा था। इसरार खान उर्फ छोटे को हत्या के प्रयास के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। स्थानीय कुख्यात माने जाने वाले इसरार खान ने अपने भाई के साथ मिलकर 10 हजार की फिरौती न देने पर बेकरी मालिक पर जान लेवा हमला किया था। सूरत की भेस्तान पुलिस की जानकारी के मुताबिक उन पाटिया स्थित ख़लीकुल मेहताब शेख नामक शख़्स बैकरी चलाते है। रविवार शाम ख़लीकुल शेख अपनी दुकान पर थे तभी इसरार और उनका भाई सहित 4 लोग दुकान पर आए और कहा कि हमारे इलाके में अगर उसे बैकरी चलानी हो तो हर महीने 10 हजार का हफ्ता देना होगा। हालांकि जब ख़लीकुल शेख ने हफ्ता देने से इनकार कर दिया तो चारो आरोपियों ने एक दूसरे की मदद से उन पर जानलेवा हमला कर चाकू मार दिया। सूरत की भेस्तान पुलिस ने ख़लीकुल शेख की शिकायत के आधार पर इसरार उर्फ छोटे और इरशाद उर्फ बड़े सहित 4 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास ओर फिरौती मांगने का मामला दर्ज किया ओर इसरार खान उर्फ छोटे को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

**पुलिस ने घटना का किया रिक्रिएशन**

भेस्तान पुलिस ने आरोपी छोटे को लेकर उस इलाके में पहुंची और पूरी घटना स्थल का रिक्रिएशन किया गया। आरोपी हाथ जोड़कर लोगों से माफी मांगता नजर आया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी मौके पर मौजूद थे।

## आईएएस अधिकारी धीमान चकमा निलंबित, 10 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए थे



धरमगढ़, 11 जून (एजेंसियां)। आईएएस अधिकारी और धरमगढ़ के उप-कलेक्टर धीमान चकमा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्हें ओडिशा विजिलेंस के अधिकारियों ने 10 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था। इसके बाद उनके घर पर छापेमारी की गई, जिसमें 47 लाख रुपए की अतिरिक्त नकदी बरामद हुई। ओडिशा विजलेंस ने 2021 बैच के आईएएस अधिकारी धीमान चकमा (36) को रविवार को कालाहांडी जिले के एक व्यवसायी से 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसके बाद उनके सरकारी आवास की तलाशी के दौरान विजिलेंस के अधिकारियों ने 47 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी भी बरामद की थी। रिपोर्ट् में पता लगा कि त्रिपुरा निवासी चकमा ने अपने आवास पर टेबल की दराज में करेंसी नोट रखे थे। इसके बाद से प्रशासन ने चकमा पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। चकमा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले व्यवसायी ने आरोप लगाया था कि आईएएस अधिकारी ने मांगी गई राशि का भुगतान न करने पर उसके व्यवसाय के खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी दी थी। शिकायत के अनुसार, उप-कलेक्टर ने उन्हें ओडिशा के धरमगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास पर बुलाया, रिश्वत की रकम ली और उसे एक मेज की दराज में रख दिया। चकमा ने शिकायतकर्ता को धरमगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास पर बुलाया, रिश्वत की रकम ली और उसे अपनी टेबल की दराज में रख लिया। अधिकारी ने कथित तौर पर अलग-अलग मूल्यवर्ग के 100 रुपये के नोटों के सभी 26 बंडलों की गिनती की और फिर नकदी को अपने आवास कार्यालय की मेज की दराज में रख दिया।

# कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार पर क्यों उठाए सवाल

### सीएम रेखा गुप्ता के 100 दिन के कार्यकाल की गिनाई खामियां



नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार राजधानी में सुरक्षा, महंगाई, बेरोजगारी जैसे हर मोर्चे पर 100 दिनों के शासन में विफल रही है। वहीं दिल्ली के प्रति गंदगी और प्रदूषण से निजात दिलाने और स्वच्छ जल उपलब्ध कराने जैसी नैतिक जिम्मेदारी को निभाने में भी पूरी तरह फेल साबित हुई है। दिल्ली में लगातार बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण पाने में भाजपा नेता बयानबाजी कर रहे है जबकि महिलाओं और छोटी लड़कियों का राजधानी में रहना दूभर हो गया है। पुलिस खुलेआम जघन्य अपराधों, दर्दनाक घटनाओं को रोकने में भी नाकाम साबित हो रही है। यादव के नेतृत्व में मंगलवार को पार्टी की सभी 14 जिला कमेटियों की कार्यकारिणी बैठकें आयोजित की गई। इन बैठकों संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया और जिला के क्षेत्रीय मुद्दों पर भी बैठकों में चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने बाबरपुर जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी बैठक में हिस्सा लेते हुए जिला कांग्रेस कमेटी की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया। वेबसाइट पर संगठन की सभी गतिविधियों का विवरण उपलब्ध कराया जाएगा। यादव ने बाबरपुर जिला कांग्रेस के तहत आने वाले राम नगर ब्लाक और नंद नगरी ब्लाक कांग्रेस कमेटी दोनों के ब्लाक अध्यक्ष कर्ण धीगिंया व कुलदीप भाटी के कार्यालयों का उद्घाटन भी किया। कार्यकारिणी की बैठक में जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन ने प्रदेश अध्यक्ष को संविधान की कापी भी भेंट की। यादव ने सभी जिला एवं ब्लाक अध्यक्ष सहित लोक सभा तथा जिला आब्जर्वर को हिदायत देते हुए कहा कि ब्लाक कांग्रेस कमेटियों की कार्यकारिणी और मंडलम-सेक्टर बनाकर अगले दो दिनों में प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के जन्मदिन 19 जून को तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने जा रहे रोजगार मेले में दिल्ली भर के बेरोजगार युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने में भी अहम भूमिका निभाएं। जिला बैठकों में पूर्व मंत्री डा नरेंद्र नाथ, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ राव, विरेन्द्र कसाना, इंद्रजीत सिंह और दिनेश कुमार एडवोकेट सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे।

### पूर्व मुखिया की हत्या हिरासत में 3 लोग

औरंगाबाद, 11 जून (एजेंसियां)। औरंगाबाद के ओबरा थाना क्षेत्र के खरांटी गांव में बुधवार की सुबह करीब चार बजे बभनडीहा पंचायत के पूर्व मुखिया की हत्या कर दी गई। टांगी से ताबड़तोड़ कई वार किए गए। मृतक की पहचान खरांटी गांव के ही 47 वर्षीय अजीत कुमार सिन्हा के रूप में की गई है। सूचना मिलते ही परिजन के साथ पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक अजीत कुमार सिन्हा के 13 वर्षीय बेटे अंश कुमार ने बताया कि रात में उसकी तबीयत खराब हुई थी और वे (पिता) पुराने घर से दवा लाने के लिए निकले थे। इसी बीच उन्हें अगवा कर लिया गया और हत्या कर दी गई। परिजनों ने सवाल खड़ा किया है कि जब अजीत घर से दवा के लिए निकले थे तो फिर आरोपी के घर कैसे पहुंच गए? परिजनों ने अगवा कर हत्या का आरोप लगाया है।

# अपहरण के बाद हत्या होने पर

## पुलिस अधिकारी की भी तय होनी चाहिए जिम्मेदारी' हाईकोर्ट ने मांगा हलफनामा



प्रयागराज, 11 जून (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा, अपहरण के मामलों में पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी तय न होने से वह उदासीन और निष्क्रिय बने रहते हैं। ऐसे में अगवा व्यक्ति का समय पर पता नहीं चल पाता और उसकी हत्या हो जाती है। प्रथम दृष्टया ऐसे मामले में जिस थाना क्षेत्र में एफआईआर दर्ज हुई थी, उस पुलिस अधिकारी को भी जिम्मेदार बनाना चाहिए। कोर्ट ने यह टिप्पणी कर वाराणसी के पुलिस आयुक्त से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा है। पूछा है कि बताएं अगवा व्यक्ति को अभी तक क्यों खोजा नहीं जा सका। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर व न्यायमूर्ति अनिल कुमार की खंडपीठ ने नितेश कुमार की याचिका पर दिया। वाराणसी के नितेश कुमार का भाई 31 मार्च 2025 से लापता है। उन्होंने अपहरण की आशंका जताते हुए तहरीर दी। पुलिस ने तीन अप्रैल 2025 को एफआईआर दर्ज की। वहीं, पुलिस के पता नहीं लगा पाने पर नितेश हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। कोर्ट ने कहा कि ऐसे कई मामले आ रहे हैं। पुलिस अपहरण हुए व्यक्ति का पता नहीं लगा पाती और इसके गंभीर परिणाम सामने आते हैं। कोर्ट ने शासकीय अधिवक्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही वाराणसी के पुलिस आयुक्त से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा है।

**हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी मामले में दर्ज मुकदमे का रद्द करने से किया इन्कार**

वहीं, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एटीएम बूथ में धोखे से पीड़ित का पिन देखने और उसका कार्ड बदलकर रुपये निकालने के आरोपी पर दर्ज मुकदमे को रद्द करने से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग कर इस तरह के मामलों की जांच में नहीं कर सकते। ऐसे मामलों में गहन जांच की आवश्यकता है। यह टिप्पणी कर न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और अनिल कुमार की खंडपीठ ने नसरुद्दीन और अन्य की याचिका खारिज कर दी। मुजफ्फरनगर के आरोपी नसरुद्दीन, बादशाह और अन्य पर पीड़ित ने 18 दिसंबर 2024 को मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि वह एटीएम बूथ में रुपये निकालने गया था। इस दौरान वह एटीएम मशीन से रुपये निकाल नहीं पा रहा था।

बूथ में मौजूद आरोपी और उसके साथ धोखे से उसका पिन नंबर देख लिया और उसका एटीएम बदलकर उसे दूसरा एटीएम दे दिया। जब वह घर पहुंचा तो मैसेज आने पर पता चला कि उसके साथ ठगी हो गई। इस संबंध में उसने मुकदमा दर्ज कराया। आरोपियों ने दर्ज मुकदमे को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की।

# सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर की पिटाई, युवक ने की थप्पड़ों की बरसात



जौनपुर, 11 जून (एजेंसियां)। यूपी के जौनपुर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर की एक युवक ने पिटाई कर दी है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि आरोपी युवक पहले महेंद्र राजभर को माला पहनाता है और फिर उनके ऊपर थप्पड़ों की बरसात कर देता है। इस घटना पर यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव का बयान भी सामने आया है। जौनपुर में आज सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर को एक युवक ने भरी सभा में पीट दिया। युवक ने पहले उन्हें माला पहनाई और फिर उनके ऊपर थप्पड़ों की बरसात कर दी। मामला जौनपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के नहोरा आशापुर गांव में एक स्वागत समारोह के दौरान सामने आया। दरअसल यहां महेंद्र राजभर को माला पहनाकर स्वागत करने का सिलसिला चल रहा था। इसी दौरान पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजेश राजभर ने पहले उनको माला पहनाई और फिर उन पर थप्पड़ों की बरसात कर दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'वयोवृद्ध और वरिष्ठ नेता महेंद्र राजभर पर हुआ हिंसक हमला भाजपा के राज में 'पीडीए समाज' पर लगातार बढ़ते जा रहे अपमानजनक व्यवहार और अत्याचार का एक और निंदनीय उदाहरण है। भाजपा अगर सोचती है कि वो किसी समाज को अंदर से तोड़कर अपनी विभाजनकारी राजनीति को बनाए रखेगी तो ये उसकी गलतफहमी है। अगर इस हमले में भाजपा की नजरअंदाजी शामिल नहीं है तो इस हमलावर को तत्काल गिरफ्तार करके, उसके किए की सजा दी जाए।' खिलेश ने कहा, 'हिंसा हताशा का ही एक रूप होता है। भाजपा याद रखे ऐसे कृत्यों से पीडीए का मनोबल टूटेगा नहीं बल्कि और भी शक्तिशाली होगा। जय संविधान, जय पीडीए!' इस संबंध में कार्यक्रम आयोजक संतोष राजभर से जब पूछा गया तो उन्होंने कार्यक्रम का ब्यौरा देते हुए पूरे घटनाक्रम को बताया। उन्होंने बताया कि आज महाराजा सुहेलदेव की जयंती के अवसर पर यहां सुहेलदेव जी मूर्ति स्थापना के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम रखा गया था।

# चाचा शिवपाल ने लालू प्रसाद यादव को इस अंदाज में किया बर्थडे विश, मुलायम को भी किया याद



लखनऊ, 11 जून (एजेंसियां)। बिहार के पूर्व सीएम और राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का आज जन्मदिन है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के महासचिव और अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल यादव ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनकी लंबी उम्र की कामना की। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने जिस तरह से मुलायम सिंह यादव के साथ मिलकर सामाजिक बदलाव की नींव डाली उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव आया है। शिवपाल यादव ने लालू प्रसाद यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'जननायक, समाजवाद के अप्रतिम स्तंभ और गरीबों-दलितों की बुलंद आवाज़ लालू प्रसाद जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपका संघर्ष, सामाजिक न्याय के लिए आपकी निष्ठा, और जनहित में लिया हर निर्णय आज भी प्रेरणास्रोत है। नेताजी मुलायम सिंह यादव जी के साथ मिलकर आपने सामाजिक बदलाव की जो बुनियाद रखी, वह आज भी करोड़ों लोगों के जीवन में न्याय, समानता और सम्मान का आधार है।' सपा महासचिव ने इस दौरान लालू यादव के लंबी उम्र की कामना करते हुए आगे लिखा- 'आप दीर्घायु हों, स्वस्थ रहें और यूँ ही समाजवादी आंदोलन को दिशा देते रहें।' समाजवादी पार्टी की ओर से भी लालू प्रसाद यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई है। पार्टी के अधिकारिक सोशल मीडिया पर हैंडल पर पोस्ट किया गया और कहा कि- 'बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय लालू प्रसाद यादव को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। ईश्वर से आपकी दीर्घायु एवं सदैव स्वस्थ और प्रसन्न रहने की प्रार्थना है।'

# वोट नहीं देने पर कर दी थी हत्या अब 20 साल बाद मिली सजा

आगरा, 11 जून (एजेंसियां)। आगरा की एक अदालत ने साल 2005 के एक ऐसे केस से पर्दा उठाया, जिसको सुनकर लोगों का दिल दहल जाए। 20 साल बाद अदालत ने उन 6 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जिसने अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देने से इनकार करने वाले एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। आरोपी की पहचान जितेंद्र सिंह, बबलू सिंह, पवन सिंह, सत्तू सिंह, गिर्राज सिंह, गोविंद सिंह और बलबीर सिंह के रूप में हुई थी और मृतक की पहचान धर्मपाल के रूप में हुई थी। आगरा के लाडम मनखेड़ा में पंचायत चुनाव के दौरान 35 वर्षीय धर्मपाल और उनके भाई धर्मवीर को कुछ लोगों ने उनके पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देने के लिए कहा। जांच के दौरान मृतक के भाई धर्मवीर ने पुलिस बताया कि हम दोनों भाईयों ने उस उम्मीदवार को वोट देने से मना कर दिया। जिसके बाद 6 लोगों ने मिलकर भाई धर्मपाल पर पहले लाठी से हमला किया फिर उसे गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया। जिसके बाद उसे एसएन मेडिकल कालेज ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अगले ही दिन आईपीसी की धारा 147, 148,149, और 302 के तहत एफआईआर दर्ज की। जिसके बाद आरोपी को 15 सितंबर 2005 को गिरफ्तार कर लिया गया।

# हनीमून मनाने सिक्किम गया कपल लापता, घरवालों को हो रही चिंता



प्रतापगढ़, 11 जून (एजेंसियां)। हनीमून मनाने मेघालय के शिलांग गए राजा रघुवंशी की हत्या का मामला सुर्खियों में बना हुआ है। इसी बीच, हनीमून मनाने के लिए सिक्किम गए दंपती की लापता होने का मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले कौशलेंद्र और अंकिता की शादी बीती 5 मई को हुई थी और 26 मई को दोनों हनीमून मनाने के लिए सिक्किम गए थे। 29 मई को खबर आई कि सिक्किम में बारिश के कारण 11 पर्यटकों से भरी कार खाई में गिर गई। इस घटना के बाद दोनों लापता हैं। नवदंपती के लापता होने से परिजन परेशान हो उठे हैं। धनगढ़ सराय छिवलहा पट्टी निवासी राजेश सिंह की बेटी अंकिता की शादी पांच मई को सांगीपुर राहाटीकर गांव के शेर बहादुर के पुत्र कौशलेंद्र के साथ हुई थी। कौशलेंद्र के पिता शेर बहादुर समेत परिजनों ने बताया कि वहां लगातार मौसम खराब है। पानी बरस रहा है। सड़कें कट गई हैं। मुश्किलों के बीच भी रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है, अब तक दंपती का कोई सामान नहीं मिला है। वहां के गवर्नर ने शासन के अधिकारियों को फोन पर रेस्क्यू में तेजी लाने के निर्देश दिए। इधर घर पर परिवार के लोग अब भी इंतजार में हैं। सिक्किम में बेटे-बहू को खोज रहे पिता व परिवार के सदस्य मायूस होकर अब घर लौट आए हैं। अनहोनी की आशंका बढ़ चली है, लेकिन मन अभी भी उम्मीद का दामन नहीं छोड़ रहा है। बेटे-बहू की तलाश में कौशलेंद्र के पिता शेर बहादुर सिंह, अंकिता के भाई व परिवार के अन्य सदस्यों समेत आधा दर्जन लोग 31 मई से सिक्किम में गए थे। अवसाद के कारण पिता की तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजन उनको लेकर वापस प्रतापगढ़ आ गए हैं।

# युवक ने किया मासूम से दुष्कर्म

## चिल्लाने पर ईंट से सिर पर किए कई वार में अस्पताल में मौत से लड़ रही बच्ची

कानपुर, 11 जून (एजेंसियां)। कानपुर में घाटमपुर कस्बे के एक मोहल्ले से शाम एक युवक छह साल की बच्ची को उठा ले गया और सुनसान जगह ले जाकर दुष्कर्म करने लगा। जब बच्ची शोर मचाने लगी, तो आरोपी ने चेहरे पर ईंट मारकर लहूलुहान कर दिया। शोरगुल सुनकर पहुंचे परिजनों को देखकर आरोपी मौके से भाग निकला। परिजन घायल बच्ची को सीएचसी ले गए, जहां से गंभीर हालत में हैलट रेफर किया गया है। कस्बा के एक मोहल्ला निवासी छह साल की बच्ची घर के बाहर शाम के समय अकेली खेल रही थी। इसी दौरान मोहल्ले का ही सिरफिरा युवक उठा ले गया। वह बच्ची को सुनसान जगह मजार के पीछे ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के शोर मचाने पर आरोपी ने पहले उसके मुंह में पत्ते भर दिया। इसके बाद भी बच्ची चुप नहीं हुई तो आरोपी ने पास में पड़ी ईंट से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया, जिससे मासूम बेहोश हो गई। शोरगुल सुनकर जब परिजन और मोहल्ले के लोग दौड़े तो आरोपी बच्ची को छोड़कर भाग गया। परिजन बच्ची को लेकर गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचे, जहां से उसे हैलट रेफर कर दिया गया। पिता के अनुसार, मासूम के चीखने चिल्लाने पर मुंह में पत्ते भरकर ईंट से सिर पर वार किए गए हैं। कस्बा चौकी प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी मानसिक बीमार बताया जा रहा है। मामले की जांच के साथ आगे की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। साथ ही आसपास के थानों का फोर्स भी मोहल्ले में तैनात है।

# अब्बास अंसारी की विधायकी के मामले में आया अब नया अपडेट, 21 जून को क्या होगा?



गाजीपुर, 11 जून (एजेंसियां)। दो साल की सजा और विधायकी रद्द होने के बाद अब्बास अंसारी की अपील पर फैसले की घड़ी अब 21 जून को आएगी। सोमवार को इस मामले की सुनवाई होनी थी, लेकिन सरकारी वकील ने लिखित आपत्ति दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा, जिसे मंजूर करते हुए कोर्ट ने अगली तारीख 21 जून 2025 तय की है। यह मामला मऊ की दीवानी कचहरी स्थित फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या-1 (एमपी-एमएलए कोर्ट) में चल रहा है, जहां जज राजीव कुमार वत्स की अदालत में अब्बास अंसारी की ओर से दाखिल की गई अपील पर सुनवाई होनी थी।

**क्या है मामला?**

31 मई 2025 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) ने अब्बास अंसारी को विवादित हेट स्पीच मामले में दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई थी। साथ ही 11,000 का जुर्माना भी लगाया गया था। यह मामला मऊ शहर कोतवाली क्षेत्र का है, जहां 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान 3 मार्च को पहाड़पुरा मैदान में आयोजित एक जनसभा में अब्बास अंसारी ने प्रशासन के खिलाफ उकसाने वाले बयान दिए थे। जनसभा में उन्होंने कथित रूप से कहा था कि चुनाव जीतने के बाद प्रशासन से हिसाब-किताब किया जाएगा और सबक सिखाया जाएगा। इस भाषण के बाद तत्कालीन एसआई गंगाराम बिंद की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई थी।

**किस-किस पर केस?**

इस मामले में अब्बास अंसारी, उनके भाई उमर अंसारी और इलेक्शन एजेंट मंसूर अंसारी (गाजीपुर निवासी) के खिलाफ आईपीसी की धारा 506, 171-एफ, 186, 189, 153-ए, 120-बी के तहत चार्जशीट दाखिल की गई थी। अभियोजन अधिकारी हरेंद्र सिंह ने कुल 6 गवाहों के जरिए केस को अदालत में पेश किया और कोर्ट ने अब्बास और मंसूर अंसारी को दोषी पाया।

**क्या हुआ कोर्ट में अब तक?**

सजा के तुरंत बाद अब्बास अंसारी को अंतरिम ज़मानत मिल गई थी।

सजा के खिलाफ उनके वकील दरोगा सिंह ने जिला जज की अदालत में अपील दाखिल की। यह अपील फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या-1 (सांसद/विधायक कोर्ट) में ट्रांसफर कर दी गई। सोमवार को होनी थी सुनवाई, लेकिन सरकारी वकील ने लिखित आपत्ति दाखिल करने के लिए समय मांगा।

कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 21 जून 2025 तय कर दी और तब तक के लिए ज़मानत भी बढ़ा दी गई।

अब देखना होगा कि 21 जून को कोर्ट क्या रुख अपनाता है - क्या अब्बास अंसारी की सजा रद्द होगी या उन्हें आगे राहत नहीं मिलेगी?

# आरा-छपरा पुल पर ट्रक और पुलिस बस में टक्कर, 17 जवान घायल; दो की हालत नाजुक



आरा, 11 जून (एजेंसियां)। बिहार में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यह हादसा आरा-छपरा को जोड़ने वाले वीर कुंवर सिंह सेतु पर हुआ, जहां बालू लदा ट्रक और पुलिसकर्मियों से भरी बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बिहार स्पेशल आर्म्ड पुलिस (बीएसएपी) के 17 जवान घायल हो गए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। यह हादसा उस समय हुआ जब बीएसएपी के जवानों से भरी एक बस डेहरी से सिवान जा रही थी। सभी पुलिसकर्मी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की सुरक्षा ड्यूटी में जा रहे थे। रास्ते में आरा-छपरा पुल पर बस अचानक खराब हो गई। चालक ने सतर्कता बरतते हुए बस को पुल के किनारे खड़ा किया ही था कि तभी आरा की ओर से आ रहा बालू लदा एक तेज रफ्तार ट्रक आकर बस में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद पुल पर अफरा-तफरी मच गई। बस और ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। टक्कर के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जबकि बस चालक रमेश कुमार (35 वर्ष), जो छपरा निवासी हैं, स्टेयरिंग में फंस गए। काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला गया और गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें और एक अन्य गंभीर रूप से घायल पुलिसकर्मी को पटना रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों को छपरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायलों में अनिरुद्ध कुमार पांडे, अनीता कुमारी, प्रमिला कुमारी, पूजा कुमारी, दिलीप कुमार, कंचन कुमारी, अयूब प्रधान, रंजना कुमारी, सोनी कुमारी, सुनील कुमार सिंह, वकील कुमार, अमृता कुमारी, अर्चना कुमारी, सुषमा कुमारी, शर्मिला कुमारी और सुनील कुमार राय शामिल हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है। हादसे को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है और आरा-छपरा पुल पर यातायात व्यवस्था को फिर से सुचारू कर दिया गया है। घायल जवानों के परिजनों को सूचना दे दी गई है और इलाज के सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं।

# 'घर से निकलने वाले लोग भगवान का नाम लेते हैं' अपराध पर बोले आरजेडी सांसद मनोज झा



पटना, 11 जून (एजेंसियां)। आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की ओर से बिहार की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए जाने के बाद सियासत तेज हो गई है। जेडीयू ने लालू यादव को नसीहत दी है कि ट्वीट-ट्वीट खेलना बंद कीजिए। जेडीयू के बयान पर अब आरजेडी सांसद मनोज कुमार झा ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि यह चिंता बिहार की सामूहिक चेतना और राज्य की वर्तमान स्थिति से उपजी है। आरजेडी के राज्यसभा सांसद मनोज कुमार झा ने लालू प्रसाद यादव के बयान पर आईएएनएस से कहा, कृपया इसे ट्वीट न कहें, यह वास्तविक चिंता का प्रतिबिंब है और यह चिंता बिहार की सामूहिक चेतना और राज्य की वर्तमान स्थिति से उपजी है। आप सिर्फ देखिए कि क्या हो रहा है। चाहे वह विपक्ष के नेता हों, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष हों या हमारे पार्टी के सदस्य हों। अगर आप हाल के दिनों में विभिन्न जिलों में गतिविधियों को देखेंगे, तो आपको पैटर्न दिखाई देगा।

**'आंकड़ों पर नजर डालें तो वह दहलाकर रख देंगे'**

मनोज झा ने आगे कहा, एक दिन बलात्कार की घटना होती है, अगले दिन मौत होती है और हत्या के अगले दिन डर का माहौल होता है। बिहार में जिस तरह का माहौल है, उसके कारण घर से निकलने वाले लोग सिर्फ भगवान का नाम लेते रहते हैं। अगर आप कानून-व्यवस्था के आंकड़ों पर नजर डालें तो वह दहलाकर रख देंगे। सवाल उठाया कि चिंता की बात है कि बिहार को कौन चला रहा है? क्या मुख्यमंत्री को ज्ञान है कि यहां क्या हो रहा है? अगर उनको इन घटनाओं का ज्ञान है और उसके बावजूद ऐसा कुछ होता है तो यह चिंता की बात है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उन (नीतीश कुमार) तक बातें पहुंच नहीं रही हैं। कुछ अधिकारियों द्वारा या फिर दिल्ली के इशारे पर उनका विजन ब्लॉक कर दिया गया है और मुझे लगता है कि यह बिहार के लिए चिंता की बात है। बता दें कि लालू यादव ने 'एक्स' पर बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को घेरते हुए लिखा था, नीतीश बतावें कि शाम पांच बजे से पहले घर में घुसकर ही कितनी हत्याएं हो रही हैं? क्या नीतीश जानते, पहचानते व समझते हैं कि उनके शासनकाल में आधिकारिक आंकड़ों में 65,000 हत्याएं हुई हैं? 65,000 लोगों की हत्याएं हुई हैं। नीतीश-बीजेपी ने विधि-व्यवस्था का दम ही नहीं निकाला, बल्कि उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया है।

# बिहार में अवैध हथियार रखने वाले हो जाएं सावधान

## एडीजी कुंदन कृष्णन ने बनाया स्पेशल प्लान होगी सख्त कार्रवाई

पटना, 11 जून (एजेंसियां)। प्रदेश में अपराधियों को अवैध तरीके से प्राप्त होने वाले हथियार और कारतूस की सप्लाई चेन नष्ट की जा रही है। इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाने के लिए पुलिस मुख्यालय ने विशेष रणनीति बनाई है। इसी क्रम में प्रदेश में लाइसेंस सत्यापन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में लाइसेंसी हथियार रखने वालों की संख्या करीब 80 हजार है। सत्यापन के क्रम में यह देखा जाएगा कि लाइसेंस रखने वाले हथियार चलाने योग्य हैं या नहीं। अधिक उम्र या बुजुर्गों के नाम पर लाइसेंस होने पर इसे रद भी किया जा सकता है। साथ ही आर्म्स लाइसेंसों की विस्तृत जानकारी केंद्र सरकार की वेबसाइट नेशनल डाटाबेस ऑफ आर्म्स लाइसेंस इश्यूएंस सिस्टम (एनडीएएल-एएलआइएस) पर होना अनिवार्य है। यहीं से हथियारों को एक विशेष कोड मिलता है। जिन हथियारों का कोड नहीं होगा, उन्हें अवैध माना जाएगा। इस मामले में एडीजी (मुख्यालय) कुंदन कृष्ण ने बताया कि लाइसेंसी हथियारों के सत्यापन का काम चुनाव से पहले शुरू कर दिया जाएगा। राज्य सरकार पहले ही पूर्वोत्तर राज्यों और जम्मू-कश्मीर से बने हथियारों के लाइसेंसों को अवैध या अमान्य घोषित कर चुकी है। उन्होंने कहा कि लाइसेंसधारकों को प्रति वर्ष 200 राउंड गोली या कारतूस खरीदने की अनुमति होती है। अब इसे कम कर 85 गोली किया जा रहा है।

इसमें भी एक बार में ज्यादा से ज्यादा 25 राउंड गोली ही खरीदी जा सकेगी। ज्यादा गोली खरीदने से पहले पुरानी कारतूस का खोखा जमा करना होगा। बता दें कि प्रदेश में लाइसेंसी आर्म्स दुकानों की संख्या 85 है। इन सभी की जांच होगी।

### बाराबंकी में तेज रफ्तार पिकअप ने 3 बच्चियों को रौंदा, एक की मौत

बाराबंकी, 11 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. हादसे में एक मासूम की मौत हो गई है. मृतक मासूम बच्ची की पहचान पलक (7) के रूप में हुई है. ये दर्दनाक सड़क हादसा बाराबंकी जिले के टिकैतनगर कस्बे में हुआ. टिकैतनगर कस्बे में तीन मासूम बच्चियां सैर पर निकली थीं. तीनों बच्चियां तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आ गईं. हादसे में एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य मासूम बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गईं. ये हादसा टिकैतनगर थाने के पास स्थित शहीद भगत सिंह पार्क के पास हुआ है. इस हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुधवार यानी आज सुबह करीब छह बजे सात वर्षीय पलक अपनी सहेलियों शिवांशी और रानी के साथ टहलने निकली थी. इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक पिकअप ने तीनों को कुचल दिया. बताया जा रहा है कि पिकअप में डीजे का सामान लदा हुआ था और वाहन की रफ्तार काफी तेज थी.

# एडीजी जोन लखनऊ एसपी शिरडकर को मिला प्रमोशन



लखनऊ, 11 जून (एजेंसियां)। आईपीएस एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिरडकर को पदोन्नत कर पुलिस महानिदेशक (डीजी) बनाया गया है। वह 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस के 22 पीपीएस अधिकारी जल्द आईपीएस काडर में प्रोन्नत हो जाएंगे। गृह विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार करके संघ लोक सेवा आयोग भेज दिया है। इसका परीक्षण करने के बाद आयोग द्वारा विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें पदोन्नति के लिए उपयुक्त पाए गए अधिकारियों के प्रस्ताव को हरी झंडी दी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक आयोग को भेजे गए प्रस्ताव में 1996, 1997 और 1998 बैच के अधिकारियों के नाम शामिल हैं, जिनकी सेवानिवृत्ति में अभी चार वर्ष से अधिक का समय बचा हुआ है। वहीं जिन अधिकारियों के खिलाफ जांचें लंबित हैं, उनका लिफाफा बंद रखा जाएगा।



# 'गहलोत जादूगर हैं, ताश के 52 पत्तों के अलावा तीन जोकरों का भी उपयोग करते हैं'

## भाजपा विधायक का तंज

जयपुर, 11 जून (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लेकर विधायक गोपाल शर्मा ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि वो जादूगर हैं। ताश के 52 पत्तों के अलावा वह तीन जोकरों का भी उपयोग करना अच्छी तरह जानते हैं।

राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर पूरी कांग्रेस दौसा में एकत्र हुई है। इस सवाल क्या जवाब देते हुए गोपाल शर्मा ने कहा सचिन पायलट को अभी बहुत कुछ सीखना बाकी है। सचिन पायलट राजस्थान के नेता जब ही बन सकते हैं, जब उनके दर्द में राजस्थान की मिट्टी की सुगंध आए। विधायक गोपाल शर्मा ने कहा 2028 ही नहीं 2033 उसके बाद 2038 में भी कांग्रेस का राजस्थान में कोई स्थान न होना कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि क्या पता अशोक गहलोत और सचिन पायलट भी विधानसभा चुनाव हार जाएं।



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सचिन पायलट को लेकर दिए गए बयान पर गोपाल शर्मा ने कहा अगर पायलट और गहलोत का विवाद मीडिया ने पैदा किया तो जब दिल्ली से पर्यवेक्षक आए थे, तब गहलोत उसको ठीक कर लेते हैं। गोपाल शर्मा ने आगे कहा कि गहलोत का मकसद बिल्कुल साफ है। सरकार आ रही है तो गहलोत नेता है, सरकार नहीं है तो गहलोत चेहरा ढूंढ लेते हैं।

गोविंद सिंह डोटासरा पर भी पलटवार करते हुए गोपाल शर्मा ने कहा डोटासरा को सुनना कौन चाहता है। डोटासरा अगर कांग्रेस में ना रहे तो उनकी सभा में एक आदमी नहीं पहुंचेगा, जो व्यक्ति विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष की मर्यादा को तार-तार कर दे उसे व्यक्ति के विषय में क्या बात करनी।

# सरकार की कार्यशैली से बौखलाए डोटासरा

## जोधपुर में बोले उपमुख्यमंत्री बैरवा

जोधपुर, 11 जून (एजेंसियां)। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर जोधपुर पहुंचे, जहां रेलवे स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों की जमकर सराहना की।

उपमुख्यमंत्री बैरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 11 वर्षों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। मोदीजी की दूरदर्शिता, निर्णय क्षमता और राष्ट्रीय नेतृत्व ने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने तीन तलाक, राम मंदिर और ऑपरेशन सिंदूर जैसे कार्यों का उल्लेख करते हुए इन्हें ऐतिहासिक कदम बताया।

उन्होंने कहा कि आज भारत आर्थिक रूप से विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और यह प्रधानमंत्री की रणनीतिक सोच और प्रभावी नेतृत्व का ही परिणाम है। उन्होंने योग के महत्व पर भी बल देते हुए कहा कि योग हमारी प्राचीन परंपरा है और हमें इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और दुनिया को एक सशक्त संदेश दें।



डोटासरा के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और डबल इंजन की सरकार जिस तरीके से विकास के कार्य कर रही है, उससे डोटासरा बौखलाए हुए हैं। उनके पास न तो कोई विजन है, न ही कोई ठोस काम। वे केवल आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा एक संस्कारवान और राष्ट्र निर्माण में समर्पित पार्टी है, जिसकी नीतियां राष्ट्रहित में होती हैं और जनता लगातार भाजपा पर विश्वास जता रही है।

# राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि

## दौसा पहुंचे कांग्रेस के दिग्गज नेता, 2 मिनट मौन रख दी श्रद्धांजलि

दौसा, 11 जून (एजेंसियां)। पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर दौसा जिला मुख्यालय के पास नेशनल हाइवे-21 पर जीरोता-भंडाना स्थित स्मारक पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेशभर से कांग्रेस के दिग्गज नेता पहुंचे। श्रद्धांजलि सभा में राजेश पायलट की पत्नी और पूर्व सांसद रमा पायलट और सचिन पायलट मौजूद रहे।

गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी पहुंचे। माना जा रहा है कि इस कार्यक्रम में दिल्ली से भी पार्टी के कई दिग्गज नेता पहुंचे। राजेश पायलट को श्रद्धांजलि देने के लिए सभास्थल पर उनके जीवन पर आधारित शॉर्ट फिल्म दिखाई गई। जिसके बाद आत्मा की शांति दो मिनट का मौन रखा।

वहीं, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ 12 विधायक, 7 विधायक कैंडिडेट, एक सांसद और 3 सांसद प्रत्याशी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कई पदाधिकारी भड़ाना पहुंचे। जबकि कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी सभास्थल पहुंचे। उनके साथ बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया भी पहुंचे।



11 जून 2000 की शाम नेशनल हाइवे पर सड़क दुर्घटना में राजेश पायलट का निधन हुआ था। तब पायलट गाड़ी चला रहे थे और उनके साथ सिकराय के तत्कालीन विधायक महेंद्र मीणा और कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओढ़ सहित दो अन्य लोग थे। जयपुर एयरपोर्ट जाते समय भंडाना के समीप ट्रक को ओवरटेक करते हुए एक रोडवेज बस कार के सामने आ गई थी। बचने के लिए पायलट ने कार को थोड़ा बायीं तरफ घुमाया, लेकिन उस साइड से जा रहे दूसरे वाहन को बारिश के बीच बचाने के चक्कर में रोडवेज बस ने कार को ड्राइवर साइड में टक्कर मार दी। धमाके के साथ कार हाईवे पर पलट गई। हादसे में राजेश पायलट व उनके सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई थी।

# सपोटरा पंचायत समिति प्रधान के उपचुनाव में खिला कमल

## कलावती देवी ने 16 वोटों से दर्ज की जीत

करौली, 11 जून (एजेंसियां)। पंचायत समिति में प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव में मंगलवार को भाजपा का कमल खिला। भाजपा प्रत्याशी कलावतीबाई मीणा विजयी हुई। कांग्रेस पार्टी से पूर्व प्रत्याशी रही सफेदीबाई ने एक बार फिर अपना भाग्य आजमाने के लिए प्रतिद्वंदी के तौर पर नामांकन भरा, लेकिन उनको केवल आठ वोट ही मिले। जबकि कलावती को 16 वोट मिले। पंचायत समिति में निर्वाचन अधिकारी एसडीओ प्रेमराज मीणा व सहायक रिटर्निंग अधिकारी दिलीप कुमार अग्रवाल के समक्ष नामांकन प्रस्तुत करने के बाद उनकी जांच की गई।

आवेदनों की जांच के बाद प्रधान पद के लिए मतदान कराया गया। जिसमें पंचायत समिति के 25 सदस्यों में से 24 ने मतदान किया। शाम पांच बजे मतदान पूरा होने के बाद मतों की गणना की गई। जिसमें भाजपा की कलावती बाई को 16 मत मिले। वहींकांग्रेस की सफेदी बाई को केवल 8 मत मिले। इधर, विधायक हंसराज मीणा ने कहा कि पंचायत समिति के उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत प्रदेश व केन्द्र सरकार जीत है। भाजपा शासन में क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को लेकर कलावती प्रधान पद पर चुनी गई है। भाजपा की कलावती के प्रधान बनते हुए पंचायत समिति सहित सपोटरा कस्बे की सड़कों पर भारत मां के जयकारे गूंज उठे। भाजपा समर्थकों में उत्साह छा गया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांट आतिशबाजी की। भाजपा जिलाध्यक्ष गोर्वधनसिंह अन्य कार्यकर्ता पहुंच और कलावती को शॉल ओढाकर सम्मान किया गया।

# गुर्जरों के बाद अब जाट समाज की महापंचायत, सरकार की फिर बढ़ेगी मुश्किलें!

भरतपुर, 11 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में गुर्जर समाज के बाद अब जाट समाज की ओर से महापंचायत बुलाई गई। भरतपुर-धौलपुर व डीग जिले के जाट समाज ने बुधवार को कुम्हेर के पेंघोर के चामड़ माता मंदिर पर जाट महापंचायत बुलाई। जिसमें जाट समाज ने केंद्र में ओबीसी में आरक्षण दने की मांग रखी। इसका नेतृत्व जाट आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार कर रहे है।

गौरतलब है कि इस बार जाट समाज के बड़े नेता विश्वेंद्र सिंह ने दूर बनाए रखी। जाट समाज ने महापंचायत बुलाकर राजस्थान सरकार के नाम चार सूत्रीय मांगों को लेकर पत्र लिखा है। जिसमें भरतपुर-धौलपुर डीग के जाटों ने केन्द्र में ओबीसी में आरक्षण सहित चार मांगों रखी हैं।



जाट समाज ने सरकार से चेतावनी देते हुए कहा कि मांगों पर सरकार गम्भीरता पूर्वक विचार करे। अगर सरकार ने इस मामले को गम्भीरता से संज्ञान में नहीं लिया तो समाज आन्दोलन को मजबूर होगा और उस स्थिति में उसकी उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सरकार व प्रशासन की होगी।

-भरतपुर-डीग-धौलपुर के जाटों को ओबीसी आरक्षण की केन्द्र की सूची में शामिल किया जाये। राज्य सरकार द्वारा आपकी पहल पर सकारात्मक वार्ता दिल्ली में हुई। लेकिन अभी तक मांग पूरी नहीं हुई। -वर्ष 2015 से 2017 के बीच विभिन्न विभागों में चयनित अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट के आदेश के बाद अभी तक नियुक्ति नहीं दी गई है। उनको

# एजीटीएफ की एक और बड़ी कार्रवाई चुरू से एके-47 और दो मैग्जीन बरामद

## आरोपी की निशानदेही पर दबिश दी

जयपुर, 11 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में अपराध और गैंगस्टरों के खिलाफ एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स को एक और बड़ी सफलता मिली है। चुरू जिले में टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक और खतरनाक असॉल्ट राइफल एके-47 और 2 मैग्जीन बरामद की हैं।

इस कार्रवाई को ऑपरेशन क्वीन नाम दिया गया था। दरअसल गैंगस्टर एके-47 को आपस में रानी कहकर पुकारते थे। इस ऑपरेशन के तहत लगातार सूचना संकलन और दबिश दी जा रही थी।

इससे पहले धौलपुर जिले में भी एजीटीएफ ने एक एके-47 की बरामदगी की थी। वहीं बीते 21 मई को बहरोड़ में कुख्यात गैंगस्टर पपला गुर्जर से जुड़े एक लाख के इनामी आरोपी राजवीर उर्फ लारा के कब्जे से एके-56 राइफल व 7 जिंदा कारतूस बरामद किए गए थे।

चुरू जिले की ताजा कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू जोड़ी पुत्र खीर सिंह, निवासी गांव जोड़ी, थाना भालेरी, जिला चुरू के रूप में हुई है।

10 जून को आरोपी जितेन्द्र सिंह की निशानदेही पर एजीटीएफ टीम ने चुरू में दबिश देकर एके-47 और 2 मैगजीन बरामद की। इस विशेष ऑपरेशन में कमलेश चौधरी, उपनिरीक्षक की विशेष भूमिका रही।

इस पूरे अभियान का नेतृत्व एडीजी क्राइम और एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के प्रमुख दिनेश एम. एन. के निर्देशन में किया गया। वहीं डीआईजी योगेश यादव और एएसपी सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक रविन्द्र प्रताप, पुलिस निरीक्षक सुनील जांगिड़ और अन्य अधिकारियों ने मिलकर इस ऑपरेशन को सफल बनाया।

एक महीने में अब तक 2 एके-47 और एक एके-56 रायफल के साथ बड़ी संख्या में मैगजीन और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। राजस्थान में लगातार गैंगस्टरों और हथियार तस्करी करने वाले गिरोहों के खिलाफ एजीटीएफ सख्त कार्रवाई कर रही है। हाई सेंसिटिव और ऑटोमैटिक हथियारों की बरामदगी से राज्य में संगठित अपराध पर बड़ा प्रहार किया जा रहा है।

# पुलिस विभाग से यूआर साहू की विदाई

## कार्यवाहक डीजीपी बोले- सरकार ने मुझे जन्मदिन का तोहफा दिया

जयपुर, 11 जून (एजेंसियां)। सेवानिवृत्ति की तारीख से मात्र 19 दिन पहले प्रदेश के पुलिस मुखिया यानी डीजीपी का अतिरिक्त पदभार ग्रहण करने वाले आईपीएस डॉ. रविप्रकाश महरड़ा ने कहा कि सरकार ने मुझे मेरे जन्मदिन का तोहफा दिया है। 13 जून को महरड़ा का जन्मदिन है और वे इसी महीने 30 जून को रिटायर भी हो जाएंगे। मंगलवार को राज्य सरकार के कार्मिक विभाग ने डीजीपी यूआर साहू को आरपीएससी चेयरमैन बनाने के आदेश जारी कर दिए। साहू के स्थान पर पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति से पहले सरकार ने डॉ. रविप्रकाश महरड़ा को डीजीपी का अतिरिक्त चार्ज सौंप दिया है। डॉ. महरड़ा ने बुधवार सुबह पुलिस मुख्यालय पहुंचकर डीजीपी का चार्ज लिया। उन्होंने कहा कि 30 जून को मेरा रिटायरमेंट है।

# एसीबी ने 30 हजार की घूस लेते एएओ और ओईएन को रंगे हाथों किया गिरफ्तार, पीछा करके दबोचा

झुंझुनू, 11 जून (एजेंसियां)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) झुंझुनू ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई कर 30 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए दो अधिकारियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अधिकारियों में नरेन्द्र सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी और आजाद सिंह, सहायक अभियंता शामिल हैं। यह कार्रवाई एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर की गई थी। एसीबी ने नरेन्द्र सिंह को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है, जबकि आजाद सिंह द्वारा रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर उन्हें भी हिरासत में ले लिया गया है।

### सूर्या घर योजना से जुड़ा है मामला

एसीबी महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी झुंझुनूं चौकी को शिकायत मिली थी कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत काम कर रहे परिवादी से दोनों अधिकारी उसकी फाइलों को मंजूरी देने के बदले 40,000 रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। परिवादी को लगातार परेशान किया जा रहा था। शिकायत का सत्यापन करने के दौरान यह सामने आया कि दोनों अधिकारी 30 हजार रुपये की रिश्वत पर तैयार हो गए थे।





### दोनों अधिकारियों को किया गया गिरफ्तार

मंगलवार को योजना के तहत एसीबी टीम ने जाल बिछाया और नरेन्द्र सिंह को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। साथ ही आजाद सिंह द्वारा रिश्वत मांगने और राशि नरेन्द्र सिंह को देने के निर्देश देने की पुष्टि के बाद उन्हें भी हिरासत में ले लिया गया।

# सड़क हादसे में दूल्हे सहित तीन की मौत, दुल्हन गंभीर घायल

जैसलमेर, 11 जून (एजेंसियां)। राजस्थान के जैसलमेर में मंगलवार रात शादी की खुशियां मातम में बदल गई। एक घर जहां कुछ ही घंटे पहले ढोल-नगाड़ों की गूंज थी, वहां अब सन्नाटा पसरा है। बासनपीर गांव के पास मंगलवार रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दूल्हे समेत 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं दुल्हन सहित 4 जने गंभीर घायल हो गए।

सभी को 108 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को जोधपुर रेफर किया गया। हादसे की जानकारी मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे के कारणों की जांच के साथ टक्कर मारकर फरार होने वाली गाड़ी की तलाश शुरू की। सभी लोग शादी करके दूल्हा-दुल्हन समेत कार में लौट रहे थे, उस दौरान अज्ञात गाड़ी की टक्कर से हादसा हुआ।

# कंटेनर में घुसी मध्यप्रदेश से लौट रही बारात की गाड़ी, दुल्हन सहित 5 की मौत

जयपुर, 11 जून (एजेंसियां)। राजस्थान में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जयपुर ग्रामीण इलाके के रायसर थाना क्षेत्र में आज सुबह भीषण सड़क हादसे में दुल्हन सहित 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, दूल्हा सहित 8 बाराती घायल हो गए। घायलों का चंदवाजी स्थित निम्स अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस के मुताबिक हादसा बुधवार सुबह 6 बजे रायसर थाना क्षेत्र के भटकाबास गांव के पास दौसा-मनोहरपुर नेशनल हाईवे 148 पर हुआ। बारातियों से भरी गाड़ी अचानक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे कंटेनर में जा घुसी। हादसे में दुल्हन सहित 5 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना पर रायसर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को निम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, मृतकों के शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस ने परिजनों को सूचना भिजवा दी है। परिजनों के आने के बाद शवों का पोस्टमार्टम होगा। गुड्डापौक थाना उदयपुरवाटी जिला झुंझुनूं निवासी बराती मध्य प्रदेश से सवारी गाड़ी में दुल्हन लेकर दौसा मनोहरपुर हाईवे होते हुए वापस लौट रहे थे। हाईवे पर रायसर थाना क्षेत्र के भट्टकाबास कट के समीप सामने से आ रहे कंटेनर ने एक ट्रक को ओवरटेक करते समय टक्कर मार दी। हादसे में मंजांली जिला सैडोल मध्य प्रदेश निवासी दुल्हन भारती मीणा(18), जीतू कुमावत (33) एवं सुभाष मीणा (28) आसपुर थाना श्रीमाधोपुर जिला सीकर, रवि कुमार मीणा (17) बुगाला थाना गुढ़ागौड़जी झुंझुनू सहित पांच की मौत हो गई। वहीं, आठ लोग गंभीर घायल है।

# हाईटेक डीजल चोरी का भंडाफोड़

## सुरंग बनाकर पाइपलाइन में सेंधमारी, एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

जयपुर, 11 जून (एजेंसियां)। जयपुर ग्रामीण के बगरू थाना क्षेत्र के दहमी कला गांव में डीजल चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। डीजल माफिया के एक गिरोह ने एचपीसीएल की भूमिगत पाइपलाइन से डीजल चोरी के लिए 25 फीट लंबी सुरंग खोदी और हाईटेक तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने इस गोरखधंधे का पर्दाफाश करते हुए मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि गिरोह का मास्टरमाइंड समेत अन्य साथी फरार हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरोह ने करीब डेढ़ माह पूर्व दहमी कला गांव में परमेश्वर दयाल नामक व्यक्ति का मकान किराए पर लिया था। बाहरी तौर पर मकान में मिनरल वाटर की बोतल का व्यवसाय दिखाया जा रहा था, लेकिन भीतर ही भीतर गैंग डीजल चोरी का बड़ा ऑपरेशन चला रहा था। गिरोह के सदस्यों ने मकान से लगभग 25 फीट दूर गुजर रही एचपीसीएल की पाइपलाइन तक पहुंचने के लिए गुप्त सुरंग खोदी और पाइपलाइन में सेंध लगाकर डीजल निकाला जा रहा था।

मामले की भनक लगते ही डीसीपी पश्चिम अमित कुमार के निर्देशन में डीसीटी वेस्ट व बगरू थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दबिश दी। पुलिस ने मौके से एक आरोपी राजेश को हिरासत में लिया है, जबकि मास्टरमाइंड श्रवण सहित अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से डीजल चोरी में प्रयुक्त पिकअप वाहन भी जब्त किया है। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि गिरोह चोरी किया गया डीजल सस्ते दामों में बाजार में बेचता था। हैरानी की बात यह है कि गिरोह का मास्टरमाइंड श्रवण पूर्व में भी कालवाड़ थाना क्षेत्र में इसी तरह की डीजल चोरी की वारदात में पकड़ा जा चुका है। फिलहाल पुलिस राजेश से गहन पूछताछ कर रही है तथा फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

इस पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे डीसीपी जयपुर पश्चिम अमित बुडानिया ने बताया कि गिरोह ने बड़े ही सुनियोजित तरीके से पूरी वारदात को अंजाम दिया। मामले की हर एंगल से जांच जारी है और जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सड़क हादसा : 4 लोगों की मौत

## दोनों वाहनों के उड़े परखच्चे

जालोर, 11 जून (एजेंसियां)। आहोर थाना प्रभारी करणसिंह ने बताया कि हादसा करीब 12 बजे एनएच-325 पर चरली गांव के पास हुआ। एक गाड़ी तख्तगढ़ से आहोर की तरफ जा रही थी और दूसरी आहोर से तख्तगढ़ जा रही थी। तभी सांड को बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रही गाड़ी में जा घुसी। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में उम्मेदपुर के मोरू निवासी पूरण सिंह, जगदीश सिंह पुत्र सरद वैष्णव, रखमा देवी पत्नी मनसाराम मेघवाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, शारदा पत्नी डूगरदास की इलाज के दौरान मौत हो गई। मरने वालों में दोनों वाहनों के चालक भी शामिल है। वहीं, घायलों का सुमेरपुर व आहोर के अस्पताल में उपचार जारी है।

# ससुर के सामने दो दामाद की गई जान

## एक की पत्नी आठ महीने की गर्भवती

भीलवाड़ा, 11 जून (एजेंसियां)। भीलवाड़ा जिले में हनुमाननगर क्षेत्र के शिवनगर गांव के समीप अवैध खदान ढहने से किशन योगी और मुकेश योगी की दबने से मौत हो गई। दोनों रिश्ते में साढू थे। मिट्टी धंसने से यह हादसा हुआ।

बता दें कि ससुर राजू जोगी और उसके दामाद परिवार के साथ खदान के पास रहते थे। घटना के समय दामाद खदान में काम कर रहे थे। जबकि राजू किसी काम से गांव में दुकान पर गया था। वापस लौटने पर राजू को खदान में मिट्टी धंसी मिली और दोनों दामाद का पता नहीं लगा।

थाना प्रभारी गणेशराम मीणा और ठेकेदार वहां पहुंचे। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर एलएनटी मशीन से मिट्टी बाहर निकालने का काम शुरू हुआ। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। खदान की चौड़ाई कम होने और गहराई अधिक होने के कारण रेस्क्यू में समय लगा। करीब आठ घंटे बाद दोनों शव बाहर निकाले गए। मृतक किशन के दो बेटे और एक माह की बेटी है, जबकि मुकेश की पत्नी आठ माह की गर्भवती है।

### यहां अवैध खदानों की भरमार

क्षेत्र में अवैध खानों की भरमार है। पटवारी सुरेश कुमार ने बताया कि अवैध खान की जमाबंदी के अनुसार धर्मराज, राजवीर, नर्मदा पुत्र ओंकार मीणा, गीता पुत्री भूरी मीणा निवासी शिवनगर के नाम खातेदारी है। जबकि वहां मौजूद लोगों का कहना था कि इस खान को सरसिया गांव का बंटी और राजेंद्र चलाता है।

# वन महोत्सव को उत्सव की तरह मनाया जाएगा: कोंडा सुरेखा

## मंत्री ने वन महोत्सव-2025 के पोस्टर का अनावरण किया



हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। वन, पर्यावरण और बंदोबस्ती मंत्री कोंडा सुरेखा ने वन विभाग से आगामी वन महोत्सव-2025 को एक बड़े अभियान के रूप में आगे बढ़ाने और इसे तेलंगाना राज्य भर में एक भव्य उत्सव की भावना के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में राज्य सरकार व्यापक जन भागीदारी और उचित योजना के माध्यम से वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कोंडा सुरेखा ने बुधवार को जुबली हिल्स स्थित अपने आवास पर वन महोत्सव-2025 के पोस्टर का अनावरण किया। इस कार्यक्रम में तेलंगाना के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एचओएफएफ) डॉ. सी. सुवर्णा, मुख्य वन संरक्षक प्रियंका वर्गीस, सामाजिक वानिकी अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर, मंत्री ने अधिकारियों को नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ काम करने का निर्देश दिया, यह सुनिश्चित करते हुए कि पिछले अनुभवों से सीख लेकर इस वर्ष सभी व्यवस्थाएँ अच्छी तरह से समन्वित हों। उन्होंने बताया कि वन विभाग ने आने वाले दिनों में शुरू होने वाले बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए एक व्यापक रोडमैप भी प्रस्तुत किया है। कोंडा सुरेखा ने इस बात पर जोर दिया कि जिले से लेकर गांव तक हर स्तर पर विस्तृत योजना बनाना महत्वपूर्ण है और वन महोत्सव को एक सहभागी और परिणामोन्मुखी पहल बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जून, जुलाई और अगस्त के मानसून के चरम महीनों के दौरान वृक्षारोपण अभियान गहनता से चलाए जाएंगे। "2024 में, तेलंगाना ने 20.02 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा था, और सफलतापूर्वक 19.04 करोड़ पौधे लगाए, जिससे लक्ष्य का 95 प्रतिशत प्राप्त हुआ। इस वर्ष, अधिकारियों को 100 प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। मंत्री ने कहा कि गांव स्तर पर प्रत्येक नर्सरी को स्थानीय स्तर पर पौधे उगाने और वितरित करने के लिए कार्यात्मक बनाया जाएगा, जिससे समुदायों के बीच स्वामित्व की भावना मजबूत होगी। सुरेखा ने इस बात पर भी जोर दिया कि पिछले वर्षों की कोई चूक नहीं दोहराई जानी चाहिए और सभी अधिकारियों को देरी और कमी से बचने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पौधे हर घर और सार्वजनिक संस्थान तक समय पर पहुँचें। वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत इस वर्ष कई विशेष पहलों पर प्रकाश डालते हुए, कोंडा सुरेखा ने कहा, "घर-घर हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधों को घरों में वितरित किया जाएगा। पौधों के लिए जनता की मांगों को सक्रिय रूप से संबोधित किया जाना चाहिए। गुलाब, हिबिस्कस, ओलियंडर जैसे फूल वाले पौधे और अमरूद, कस्टर्ड एप्पल, आंवला, ब्लैक प्लम, ड्रमस्टिक, तुलसी, पोंगामिया, नीम, इमली, साबुन, ताड़ी, और ईथा पाम जैसे फलदार और औषधीय पेड़ सहित विभिन्न प्रजातियों के मिश्रण की सिफारिश की जाती है। सड़क किनारे के रास्ते, झील के किनारे के बांध, स्कूल परिसर, मंदिर, आंगनवाड़ी, अस्पताल और सार्वजनिक और निजी दोनों जगहें वृक्षारोपण के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र होंगे। इस साल मानसून के समय से पहले आने का उल्लेख करते हुए, मंत्री सुरेखा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए तुरंत वृक्षारोपण अभियान शुरू करें। उन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में स्थानीय मिट्टी और जलवायु परिस्थितियों के लिए सबसे उपयुक्त प्रजातियों की पहचान करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार का लक्ष्य वन महोत्सव 2025 को पारिस्थितिक बहाली और सभी के लिए हरियाली और स्वस्थ भविष्य के लिए एक जन आंदोलन में बदलना है।

### आरटीसी बस की बाइक से टक्कर के बाद दुर्घटना में होमगार्ड की मौत

मेदक, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार को कुलचरम मंडल के किस्तापुर में हैदराबाद-मेदक रोड पर एक आरटीसी बस और दोपहिया वाहन के बीच टक्कर हो जाने से ड्यूटी पर जा रहे एक होमगार्ड की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान कौडीपल्ली मंडल के इब्राहिमबाद दुर्गा थांडा निवासी मेगावत शिवराम (44) के रूप में हुई है। वह मेदक में भरोसा केंद्रम में काम करता था और घटना के समय मेदक शहर जा रहा था। शिवराम को कई चोटें आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामला दर्ज कर लिया गया है।

### प्रशिक्षु एसआई पर व्यक्ति पर हमला करने के आरोप में एससी, एसटी अधिनियम के तहत केस

करीमनगर, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। सैदापुर के प्रशिक्षु उपनिरीक्षक बरघव के खिलाफ एक व्यक्ति पर कथित रूप से हमला करने के आरोप में एससी, एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, सोमाराम गांव निवासी बथुला महेंद्र ने 8 जून को शिकायत दर्ज कराई थी कि प्रशिक्षु एसआई ने उसके साथ मारपीट की। शिकायत के बाद एसआई सीएच तिरुपति ने जांच की और मंगलवार को एससी, एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत बरघव के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

## 20 किलोग्राम हशीश ऑयल जब्त



हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा पुलिस ने अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में पांगी केशव राव उर्फ केशा, निवासी। केन्नारालोया (विल), थेगलवलसा (पंचायत), हुकुमपेटा (एम), अल्लूरी सीता रामाराजू (जिला), एपी, जयराम खेमुंडू, निवासी बेलगुडा (ग्राम), पीटा (पंचायत), नंथपुर (थाना), कोरापुट (जिला), ओडिशा को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 20 किलोग्राम हशीश आयल मिला है, जिसकी कीमत 1 करोड़ 20 लाख रुपये बतायी जा रही है। पुलिस आयुक्त राचकोंडा सुधीर बाबू ने बताया कि दोनों आरोपी दोस्त हैं जो आसानी से पैसा कमाने के लिए ड्रग तस्करी में शामिल हो गए। वे आंध्र प्रदेश और ओडिशा से हशीश ऑयल खरीदते हुए पाए गए, इसे हैदराबाद के रास्ते बेंगलुरु में खरीदारों को सप्लाई करने के लिए ले जाते थे। हैदराबाद का इस्तेमाल ट्रांजिट रूट के तौर पर किया जा रहा है। जांच से पता चला कि इस मामले में फरार कृष्णा, निवासी गुंटासीमा (ग्राम), डुम्ब्रीगुडा (एम), अल्लूरी सीता रामाराजू (जिला), एपी मुख्य स्रोत है और पंगी केशव राव का बचपन का दोस्त है, जिसने उसे भारी मुनाफे का वादा करके अवैध ड्रग व्यापार से परिचित कराया। बाद में जयराम खेमुंडू कृष्णा से परिचित हो गया और अवैध गतिविधि में शामिल हो गया। आरोपी केशव राव को पहले आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली टाउन पुलिस ने एनडीपीएस मामले में गिरफ्तार किया था। आरोपी कम कीमत पर हशीश ऑयल खरीद रहे थे और इसे बैंगलोर में खरीदारों को भारी मुनाफे पर बेच रहे थे, जो खरीद दर से लगभग 10 गुना अधिक था। गिरफ्तारी से दो दिन पहले, बेंगलुरु के एक खरीदार ने आरोपी को 20 किलोग्राम हशीश ऑयल का ऑर्डर दिया था। तदनुसार, दोनों आरोपियों ने आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीता रामाराजू जिले के हुकुमपेटा में कृष्णा से 20 किलोग्राम हशीश ऑयल खरीदा और बैंगलोर स्थित एक पार्टी को हशीश ऑयल बेचने के लिए हैदराबाद के बाहरी इलाके में पहुंचे। विश्वसनीय सूचना पर बुधवार सुबह, जब दोनों आरोपी पेड्डाम्बरपेट के ओआरआर के पास सम्पूर्णा होटल में रिसीवर का इंतजार कर रहे थे, उन्हें एसओटी एलबी नगर टीम और अब्दुल्लापुरमेट पुलिस ने पकड़ लिया और उनके कब्जे से हशीश ऑयल (हैश ऑयल) - 20 किलोग्राम, मोबाइल फोन - 3 और शुद्ध नकद 870 रुपये जब्त किए। मुख्य स्रोत कृष्णा और बैंगलोर स्थित रिसीवर का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं, जो वर्तमान में फरार हैं। गिरफ्तार व्यक्तियों के पिछले आपराधिक इतिहास की भी पुष्टि की जा रही है।

### सीपी ने घटकेसर पुलिस स्टेशन का दौरा किया

हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा के पुलिस आयुक्त जी. सुधीर बाबू ने पुलिसिंग संचालन की समीक्षा करने के लिए घटकेसर पुलिस स्टेशन और केपल चेक पोस्ट का दौरा किया। दौरे के दौरान, पुलिस आयुक्त राचकोंडा ने स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया, केस डायरी फाइलों की जांच की और चल रही जांच की प्रगति का मूल्यांकन किया। उन्होंने जांच अधिकारियों (आईओ) को मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान किया, जिसमें मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन करने और जांच प्रक्रियाओं में तेजी लाने के महत्व पर जोर दिया गया। आयुक्त ने दोषसिद्धि दर में सुधार करने और पीड़ितों के लिए समय पर न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला, जिससे राचकोंडा पुलिस की प्रभावी और जवाबदेह पुलिसिंग के प्रति प्रतिबद्धता को बल मिला।

### निर्मल में मधुमक्खियों के हमले में 8 खेत मजदूर घायल

निर्मल, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार को थानूर मंडल के झारी गांव में कपास के बीज बोते समय मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे कम से कम आठ खेत मजदूर घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, मधुमक्खियों को तब परेशानी हुई जब छत्तों के पास क्रिकेट खेल रहे बच्चों ने गलती से उन्हें उकसा दिया। पास के कपास के खेत में काम कर रहे मजदूरों को मधुमक्खियों ने डंक मार दिया और उन्हें भैंसा के एक अस्पताल में ले जाया गया। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### बिजली गिरने से 50 वर्षीय महिला की मौत

आदिलाबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। भीमपुर मंडल के लक्ष्मीपुर गांव में मंगलवार शाम बस शेल्टर के पास एक पेड़ के नीचे इंतजार कर रही 50 वर्षीय महिला की बिजली गिरने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि निपानी गांव की कलीमी नागम्मा बिजली गिरने से बेहोश हो गई। उसे रिम्स-आदिलाबाद ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के समय नागम्मा कुछ अन्य महिलाओं के साथ लक्ष्मीपुर में अपनी मौसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद निपानी लौट रही थीं। जब गांव में तेज आंधी के साथ भारी बारिश हुई तो वह पेड़ के नीचे छिप गईं, जबकि अन्य लोग बस शेल्टर के अंदर चले गए। उनके पति और दो बेटे हैं।

### रेलवे मदद ऐप ने गोवा यात्रा के दौरान फंसे व्यक्ति की जान बचाई

काजीपेट, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे अधिकारियों की त्वरित एवं समन्वित प्रतिक्रिया से बुधवार को काजीपेट जंक्शन पर फंसे एक यात्री को उसके समूह से मिलाने में मदद मिली। अधिकारियों के अनुसार, रायपुर से 35 से ज़्यादा लोगों का एक समूह ट्रेन नंबर 17322 में सवार होकर गोवा जा रहा था। मंगलवार रात करीब 9:30 बजे जब ट्रेन घनपुर स्टेशन पर रुकी, तो यात्रियों में से एक कृष्णा पटेल शौच के लिए उतर गया। हालाँकि, इससे पहले कि वह फिर से चढ़ पाता, ट्रेन चल पड़ी और पटेल अंधेरे में भ्रमित होकर पीछे रह गया।

एक अन्य यात्री रूपेश कुमार को तुरंत पता चल गया कि पटेल गायब है और उन्होंने रेलवे मदद हेल्पलाइन (9575343252) पर घटना की सूचना दी। अलर्ट पर कार्रवाई करते हुए रेलवे अधिकारियों ने घनपुर में जीआरपी से संपर्क किया , जिन्होंने जल्द ही कृष्ण पटेल का पता लगा लिया और उसे सुरक्षित रूप से काजीपेट रेलवे जंक्शन पर ले आए। साथ ही, ट्रेन में सवार रेलवे अधिकारियों ने पटेल के समूह का पता लगाने के लिए ट्रेन के साथ मौजूद पुलिस कर्मियों के साथ समन्वय किया। उसके बाद उसके दो दोस्त उससे मिलने के लिए काजीपेट वापस आ गए। बाद में तीनों ने दूसरी ट्रेन से गोवा की यात्रा फिर से शुरू की। जीआरपी कर्मियों उपेंद्र, राघवेंद्र और रेलवे लाइनमैन सदानंदम की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की साथी यात्रियों ने प्रशंसा की।

# एनएफसी में अणुव्रत जीवन विज्ञान-प्रेक्षाध्यान कार्यक्रम





हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। अध्यात्म जगत के आचार्यश्री महाश्रमण जी के आशीर्वाद से उनकी शिष्या साध्वी गवेषणा जी के प्रेरणा से श्रीमती निर्मला बैद ने प्रेक्षाध्यान कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में इसीआईएल के एनएफसी में कार्यक्रम रखा। इसमें सभी अधिकारियों ने भाग लेकर शिविर का लाभ उठाया। अवसर पर योगा और ध्यान के बारे में जानकारी दी गई।

उन्होंने योग से शारीरिक एवं मानसिक लाभ के बारे में जानकारी दी। गर्दन, कंधे और मस्तिष्क की क्रियाएं कराई गई। उन्होंने सभी से नशामुक्त जीवन जीने तथा मैत्री भाव से रह कर शाकाहार को अपनाने की अपील की। कमांडर राहुल ने अंत में आभार व्यक्त किया इस अवसर पर हनुमान जितेंद्र बैद ने पूज्यवरों का साहित्य भेंट किया गया।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का स्वागत



हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय संपर्क अभियान के तहत तेलंगाना भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं ने नामपल्ली स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित एक समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मीर फिरासत अली बाकरी ने किया। भाजपा तेलंगाना के पूर्व राज्य प्रवक्ता मीर फिरासत अली बाकरी ने 11 साल की सेवा के अवसर पर भाजपा राज्य कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का अभिनंदन किया। मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में परिवर्तनकारी शासन के एक दशक का जश्न मनाते हुए एक स्मारिका का विमोचन भी किया।

# बाइक चोरी करने वाला गिरफ्तार, चार वाहन बरामद




हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आयुक्त टास्क फोर्स, दक्षिण पश्चिम क्षेत्र, हैदराबाद और सुल्तान बाजार पुलिस ने एक आदतन अपराधी को पकड़ा जो सुल्तान बाजार, बोराबंडा, चिलकलगुडा और मियापुर पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में शामिल था और उसके कब्जे से चार दोपहिया वाहन जब्त किए। आरोपी शेख दस्तगिरी श, निवासी संतोष नगर, हैदराबाद के वाहन चोरी के कई मामलें दर्ज है। आरोपी नलगोंडा जिले के चिंतापल्ली का मूल निवासी है और रुचि की कमी के कारण उसने 8वीं कक्षा तक अपने पैतृक स्थान पर ही पढ़ाई की। बाद में, वह हैदराबाद आया और अपने मामा के घर, कुक्टपल्ली में रहने लगा और बेकरी में केक बनाने का काम करने लगा। वह इमेटर बेटिंग ऐप में ऑनलाइन सट्टेबाजी के खेल का आदी हो गया और उस ऐप में एक लाख रुपये से अधिक की रकम हार गया और साथ ही वह विलासितापूर्ण जीवन जीने का आदी हो गया। उसकी कमाई उसके निजी खर्चों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त थी। इसके अलावा, उसने दो पहिया वाहनों की चोरी करने की योजना बनाई।आरोपी ने मैकेनिक बनकर शोरूम से बाइक चोरी करने की योजना बनाई। वह होंडा बाइक शोरूम गया और ग्राहकों से उनकी बाइक सर्विसिंग के लिए वाहन प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों की प्रक्रियाओं को देखा। उसने मैकेनिक बनकर ग्राहकों से बातचीत की और उन्हें जॉब कार्ड बनाने के लिए अंदर भेजा। जब ग्राहक जॉब कार्ड लेकर लौटे, तो उसने उन्हें कम कीमत पर सर्विसिंग का आश्वासन दिया और जॉब कार्ड की तस्वीरें लीं, जिससे उसने उनका विश्वास जीत लिया। बाद में वह शोरूम में वापस आया और बाइक मालिक बनकर जॉब कार्ड के साथ आधार कार्ड की फर्जी कॉपी पेश की, 900 रुपये का भुगतान किया और बाइक चोरी कर ली। वह दूसरी कार्यप्रणाली भी अपनाता था। आरोपी शोरूम के सर्विसिंग सेंटर पर गया और देखा कि सर्विसिंग के बाद वाहनों को वाटर सर्विसिंग एरिया में रखा गया था। उसने एक बाइक देखी जिसमें चाबी लगी हुई थी और वहां कोई नहीं था। बाद में वह वाशिंग स्टाफ के पास गया और उनसे तत्काल अपने वाहन को धोने का अनुरोध किया। जब स्टाफ का ध्यान भंग हुआ तो उसने जल्दी से बाइक ली और मौके से भाग गया। कभी-कभी आरोपी शोरूम से पार्किंग स्थल से भी बाइक चोरी करता था। गिरफ्तारी साउथ वेस्ट जोन टास्क फोर्स के पुलिस इंस्पेक्टर जी संतोष कुमार, सुल्तान बाजार थाने के पुलिस इंस्पेक्टर के नरसिम्हा, साउथ वेस्ट जोन टास्क फोर्स के एसआई बी अजीत सिंह, सुल्तान बाजार थाने के ए नरेश और उनके स्टाफ की निगरानी में की गई।

## मचाक्सी-पादुकोण बैडमिंटन स्कूल हैदराबाद में अपना केंद्र करेगा स्थापित



हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। जमीनी स्तर पर कोचिंग और डिजिटल स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान केंद्रित करने वाली स्पोर्ट्स-टेक कंपनी माचाक्सी ने जीरोधा की निवेश पहल रेनमैटर के नेतृत्व में एक दौर में 1.5 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। इस दौर में भारतीय बैडमिंटन के दिग्गज प्रकाश पादुकोण और मौजूदा निवेशकों ने भी हिस्सा लिया। यह फंडिंग मचाक्सी को बेंगलुरु से आगे तीन नए शहरों - हैदराबाद, पुणे और चेन्नई में अपने परिचालन का विस्तार करने में मदद करेगी, साथ ही कंपनी की एआई कोचिंग प्रणाली मानव कोचों को बदलने के लिए नहीं, बल्कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता को मानकीकृत करने, प्रदर्शन ट्रैकिंग में सहायता करने और यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन की गई है कि कोचिंग मॉडल स्केलेबल बना रहे।

विस्तार के हिस्से के रूप में, मैकाक्सी पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन के साथ मिलकर 'मैकाक्सी बनाम पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन प्रोग्राम' शुरू करने जा रहा है। इस पहल का लक्ष्य अगले चार वर्षों में पूरे भारत में 1000 कोचिंग सेंटर स्थापित करना है।

इस साझेदारी की एक प्रमुख विशेषता एआई-आधारित कोचिंग प्रणाली की शुरुआत है जो भौगोलिक स्थिति या विशेषज्ञ कोचों की उपलब्धता की। परवाह किए बिना प्रशिक्षण में निरंतरता बनाए रखने में मदद करेगी।

जीरोधा और रेनमैटर के संस्थापक नितिन कामथ ने कहा , 'हम हमेशा समुदायों को बदलने के लिए जमीनी स्तर के खेलों की शक्ति में विश्वास करते थे। कोचिंग के लिए माचाक्सी का तकनीक-संचालित दृष्टिकोण, एक ठोस ऑन-ग्राउंड रणनीति के साथ मिलकर, रेनमैटर में हमारे मिशन के साथ पूरी तरह से मेल खाता है, जो टिकाऊ और प्रभावशाली उपक्रमों का समर्थन करता है।' अपनी ओर से, बैडमिंटन के दिग्गज प्रकाश पादुकोण ने कहा कि उनका हमेशा से मानना रहा है कि भारतीय बैडमिंटन का भविष्य संरचित जमीनी स्तर के विकास में निहित है।

उन्होंने कहा, 'एआई के माध्यम से गुणवत्ता बनाए रखते हुए कोचिंग को बढ़ाने के लिए माचाक्सी का दृष्टिकोण दूरदर्शी और प्रभावशाली है। मैं अगली पीढ़ी के चैंपियन को आकार देने में उनके साथ भागीदार बनकर रोमांचित हूं।' माचाक्सी के सह-संस्थापक, प्रतीश राज ने कहा, 'यह साझेदारी भारत में हर किसी के लिए गुणवत्तापूर्ण खेल कोचिंग सुलभ बनाने के हमारे मिशन में एक बड़ा कदम है। रेनमैटर के समर्थन और श्री पादुकोण के दूरदर्शी समर्थन के साथ, हम एक ऐसे भविष्य की ओर काम कर रहे हैं, जहाँ हर महत्वाकांक्षी एथलीट चाहे वे कहीं से भी आते हों, निरंतरता, उद्देश्य और विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचे तक पहुँच के साथ प्रशिक्षण ले सकते हैं। हमारा एआई संचालित मॉडल यह सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है कि क्षमता की खोज की जाए और उसका पोषण किया जाए, न कि उसे अनदेखा किया जाए। हमें जमीनी स्तर के खेलों में इस बदलाव में सबसे आगे रहने पर गर्व है।'

### मालदीव में अंडर-16 सबा बास्केटबॉल चैंपियनशिप में करेगी भारत का प्रतिनिधित्व




हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के लिए यह सचमुच एक यादगार घटना है, क्योंकि तीन बास्केटबॉल खिलाड़ी विहा रेड्डी जोन्नालागड्डा, सान्वी कोलीसेट्टी और नेत्रा बिरुदावोलू को 12 से 15 जून तक मालदीव में होने वाली एसएबीए चैंपियनशिप में अंडर-16 वर्ष में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। विजा रेड्डी जोनालागड्डा, रॉकवेल इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा हैं, इससे पहले उन्होंने कॉर्वस अमेरिकल स्कूल में दाखिला लिया था, जिसका बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ गठजोड़ है। वह फॉरवर्ड के रूप में खेलती हैं और उन्हें महेश थोटा से शुरुआती कोचिंग मिली है। सानवी कोलीसेट्टी सब-जूनियर वर्ग से तेलंगाना का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। कीस्टोन बास्केटबॉल अकादमी में राष्ट्रीय कोच पीएस संतोष के तहत प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद, वह कॉर्वस अमेरिकन स्कूल में शामिल होने से पहले एनबीए अकादमी के लिए चुनी गईं। वह एक गार्ड के रूप में खेलती हैं। नेत्रा बिरुदावोलू तेलंगाना की नियमित खिलाड़ी रही हैं और फॉरवर्ड के तौर पर खेलती हैं। उन्होंने ड्रीम बास्केटबॉल अकादमी में प्रशिक्षण लिया है। तीनों खिलाड़ी अंडर-13 वर्ष वर्ग में तेलंगाना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

एफआईबीए कमिश्नर इसहाक नॉर्मन कहते हैं, 'यह राज्य में खेल के लिए बहुत बढ़िया और मनोबल बढ़ाने वाला है और यह कई लड़कियों को इस खेल को करियर के तौर पर गंभीरता से अपनाने के लिए प्रेरित कर सकता है।' तेलंगाना बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष आर. श्रीधर रेड्डी ने भी कहा कि इन लड़कियों ने राज्य को गौरवान्वित किया है और उम्मीद है कि वे विजयी होंगी। टीबीए प्रमुख ने कहा, 'निश्चित रूप से, इस तरह के प्रतिष्ठित आयोजन में खेलने का अनुभव उन्हें बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार करेगा।'

## बीआरएस ने मैनाकिन बायो, येंट्रा टेक निवेश पर कांग्रेस से पूछे सवाल

### वित्तीय विश्वसनीयता की कमी का दिया हवाला



हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस सरकार के झूठे दावों को उजागर करते हुए बीआरएस प्रवक्ता एम. कृषांक ने मंगलवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना के लोगों को गुमराह करने के लिए एक और धोखाधड़ीपूर्ण निवेश घोषणा की गई है। एक बयान में, कृषांक ने कहा कि कंपनी मैनाकिन बायो कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के साथ पंजीकृत भी नहीं थी और इसने 16 मार्च, 2025 को विशिष्ट विवरणों के बिना एक धोखाधड़ी वेबसाइट शुरू की थी। उन्होंने सवाल किया कि ऐसी कंपनी, जिसके पास कोई पारदर्शी वित्तीय विवरण नहीं है, तेलंगाना में 340 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा कैसे कर सकती है।

एक और उदाहरण देते हुए कृषांक ने कहा कि येंट्रा टेक कंट्रोल्स ने 255 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की थी, जबकि इसके 2024 के वार्षिक वित्तीय विवरण से पता चला कि उसे 2,34,950 रुपये का घाटा हुआ है। उन्होंने पूछा, ऐसी कंपनी 255 करोड़ रुपये का निवेश कैसे कर सकती है? कृषांक ने कहा, 'हम इन मुद्दों को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के समक्ष उठाएंगे और पूछेंगे कि कांग्रेस सरकार संदिग्ध कंपनियों के माध्यम से निवेश की घोषणा कैसे कर रही है।' उन्होंने आगे आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद से कांग्रेस सरकार गोदी इंडिया, स्वच्छ बायो, वाल्श कर्रा और उर्सा जैसी कंपनियों से संबंधित संदिग्ध निवेश घोषणाएं कर रही है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# रियान पराग होंगे कप्तान!

## इंग्लैंड सीरीज के बीच नामीबिया के दौरे पर जाएगी भारत की ये टीम

मुंबई, 11 जून (एजेंसियां)। भारतीय टीम इस समय इंग्लैंड में जमकर तैयारी कर रही है. उसे 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. इसी बीच भारतीय क्रिकेट से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है. भारत की एक टीम इस सीरीज के दौरान नामीबिया का दौरा करेगी. नामीबिया क्रिकेट बोर्ड इस दौरे का ऐलान भी कर दिया है, जिसमें 5 वनडे मैच खेले जाएंगे. ये सीरीज काफी ऐतिहासिक रहने वाली है, और दोनों देशों के खिलाड़ियों के पास एक बड़ा मौका होगा.



**नामीबिया जाएगी भारत की ये टीम**

नामीबिया क्रिकेट बोर्ड ने ऐलान किया है कि वे असम क्रिकेट संघ के साथ 5 मैचों की वनडे सीरीज की मेजबानी करेंगे. यानी असम की क्रिकेट टीम इसी महीने नामीबिया के दौरे पर जाने वाली है. यह रोमांचक सीरीज 21 जून 2025 से शुरू होकर 29 जून 2025 तक चलेगी, और सभी मैच विन्डोक स्थित एफएनबी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जाएंगे. जो नामीबिया का प्रमुख क्रिकेट स्टेडियम है. इस सीरीज से पहले नामीबियाई क्रिकेट टीम ने पंजाब और कर्नाटक के खिलाफ भी 50 ओवर के मैचों की सीरीज खेली थी, जो उनकी तैयारियों को मजबूत करने में मददगार रही.

**नामीबिया-असम सीरीज का शेड्यूल**

पहला मैचः 21 जून 2025, दूसरा मैचः 23 जून 2025, तीसरा मैचः 25 जून 2025, चौथा मैचः 27 जून 2025, पांचवां मैचः 29 जून 2025

**रियान पराग होंगे टीम के कप्तान!**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्टार बल्लेबाज रियान पराग नामीबिया के असम टीम की कप्तानी करेंगी. वह घरेलू क्रिकेट में असम की ओर से ही खेलते हैं. आईपीएल में शानदार सीजन बिताने के बाद पराग युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण वाली संतुलित टीम की अगुआई करने के लिए तैयार माने जा रहे हैं. दूसरी ओर, नामीबिया की टीम गेरहार्ड इरास्मस की अगुआई में मैदान पर उतर सकती है.

**असम का संभावित स्क्वॉड**

रियान पराग कप्तान, डेनिश दास, प्रद्युन सैकिया, राहुल हजारिका, ऋषव दास, सिबसंकर रॉय, सुभम मंडल, आकाश सेनगुप्ता, अम्लानज्योति दास, कुणाल सरमा, मृण्मय दत्ता, परवेज मुसरफ, स्वरूपं पुरकायस्थ, अभिषेक ठाकुरी (विकेटकीपर), अनुराग तालुकदार (विकेटकीपर), रूहीनंदन पेगु (विकेटकीपर), सुमित घाडीगांवकर (विकेटकीपर), अविनोव चौधरी, भार्गव दत्ता, दर्शन राजबोंगशी, दीपज्योति सैकिया, मुख्तार हुसैन, राहुल सिंह, सिद्धार्थ सरमा.

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में न पहुंचकर भी टीम इंडिया होगी मालामाल

## मिलेंगे 12.33 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का फाइनल आज से ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच शुरू होने जा रहा है। साउथ अफ्रीका की टीम पहली बार डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंची है तो वहीं टीम के पहली डब्ल्यूटीसी ट्रॉफी जीतने का सुनहरा मौका है। टीम इंडिया इस बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंच नहीं पाई है लेकिन फिर भी टीम पर करोड़ों रुपये की बरसात होने वाली है। डब्ल्यूटीसी फाइनल की पॉइंट्स टेबल में टीम इंडिया इस बार तीसरे पायदान पर रही।



टीम इंडिया को मिलेंगे इतने करोड़ रुपये

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में इस बार टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के हाथों 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके साथ ही टीम इंडिया डब्ल्यूटीसी फाइनल की रेस से भी बाहर हो गई थी। टीम इंडिया इस बार पॉइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर रही। रिपोर्ट के मुताबिक तीसरे पायदान पर रहने के चलते टीम इंडिया को इनाम के तौर पर 12.33 करोड़ रुपये मिलने वाले हैं।

**खिताब का बचाव करने उतरेगी ऑस्ट्रेलिया**

पिछली बार आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल ऑस्ट्रेलिया और टीम इंडिया के बीच खेला गया था। ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया को हराकर पहली बार डब्ल्यूटीसी का खिताब अपने नाम किया था। ऐसे में अब ऑस्ट्रेलिया की टीम खिताब का बचाव करने उतरेगी। अगर ऑस्ट्रेलिया की टीम फाइनल में साउथ अफ्रीका को हरा देती है तो वो डब्ल्यूटीसी का खिताब 2 बार जीतने वाली दुनिया की पहली टीम बन जाएगी।

**इतिहास रचने की दहलीज पर खड़ी साउथ अफ्रीका**

साउथ अफ्रीका की टीम टेस्ट फॉर्मेट में लगातार कमाल का प्रदर्शन कर रही है। टेम्बा बावुमा की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने पिछले 7 मैचों में लगातार जीत हासिल की है। जिसके चलते पहली बार अफ्रीका की टीम डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंची है, अब टेम्बा बावुमा के पास अपनी कप्तानी में अफ्रीका को पहला डब्ल्यूटीसी का खिताब जिताने का सुनहार मौका है।

# इंग्लैंड खेमे में अचानक हुई 6 फुट 4 इंच के तेज गेंदबाज की एंट्री

## बॉलिंग से टीम मैनेजमेंट को किया खुश

लंदन, 11 जून (एजेंसियां)। भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के आगाज से पहले इंग्लैंड के खेमे में 19 वर्षीय युवा तेज गेंदबाज की एंट्री हुई है। इस गेंदबाज को इंग्लिश टीम ने बतौर नेट गेंदबाज अभी टीम से जोड़ा है। 6 फुट 4 इंच के इस गेंदबाज का नाम एडी जैक है। इंडिया-ए के खिलाफ खेले गए अनौपचारिक दूसरे टेस्ट मैच में जैक ने अपनी गेंदबाजी से टीम मैनेजमेंट को खासा प्रभावित किया है। उन्होंने शतकीय पारी खेलने वाले केएल राहुल को पवेलियन की राह दिखाई थी। इसके साथ ही युवा फास्ट बॉलर ने ध्रुव जुरैल का भी विकेट अपने नाम किया था। इंग्लैंड की टीम तेज गेंदबाजों की इंजरी से परेशान है और इसको ध्यान में रखते हुए ही जैक को टीम के साथ रखने का फैसला लिया गया है।



एडी जैक के पास ज्यादा अनुभव मौजूद नहीं है। उन्होंने अभी तक सिर्फ दो ही फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं। वहीं, इंडिया-ए के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच में जैक को अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिला था। जैक अपनी रफ्तार और स्विंग के दम पर इंग्लैंड लायंस के कोचिंग ग्रुप को प्रभावित करने में सफल रहे। उन्होंने केएल राहुल और ध्रुव जुरैल का विकेट अपने नाम किया और अपने स्पेल में 71 रन खर्च किए। जिम्बाब्वे के खिलाफ हाल ही में खेले गए वॉर्मअप मैच में जैक ने कहर बरपाते हुए पांच विकेट अपनी झोली में डाले थे।

इंग्लैंड टीम अपने तेज गेंदबाजों की इंजरी से खासा परेशान है। जोफ्रा आर्चर चोटिल होने की वजह से सीरीज के पहले टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। वहीं, मार्क वुड इंजरी के चलते पूरे समर सीजन से बाहर हो चुके हैं। गस एटकिंसन भी हेमस्ट्रिंग इंजरी से जूझ रहे हैं। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून से होने जा रहा है। पहला टेस्ट मैच लीड्स हेडिंग्ले में खेला जाना है। विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद इस बार टीम इंडिया नए कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में इंग्लैंड पहुंची है। ऐसे में बेन स्टोक्स की आर्मी कप्तान गिल पर सीरीज के शुरुआत से ही दबाव बनाने का प्रयास करेगी।

# अब तक 13 टीमों ने फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया

## ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया ने भी हासिल किया टिकट

ब्रासीलिया, 11 जून (एजेंसियां)। इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया ने अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। तीनों ही अपने-अपने मुकाबले जीतने में कामयाब रहे। वहीं, लियोनल मेसी की अर्जेंटीना को कोलंबिया से ड्रॉ खेलना पड़ा। अर्जेंटीना की टीम पहले ही विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। इसके अलावा चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा।

अब तक कुल मिलाकर 10 टीमों ने क्वालिफाई किया है। 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप में 48 टीमें खेलेंगी। 2022 फीफा विश्व कप तक मेन इवेंट में सिर्फ 32 टीमें खेलती थीं। फीफा विश्व कप 2026 अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाना है। ये तीनों देश मेजबान होने के नाते पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट अगले साल जून और जुलाई में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया फीफा विश्व कप में खेलेगा

कोनोर मेटकाफे ने ऑस्ट्रेलिया के लिये पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में मदद की। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया। ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा, जबकि ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर से गोल किया। सउदी अरब के लिये 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए 100वां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाए, जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी। इससे पहले जापान ने इंडोनेशिया को 6-0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई।

वहीं, दक्षिण कोरिया ने कुवैत को 4-0 से हराकर लगातार 11वीं बार विश्व कप में प्रवेश किया। ओमान से 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद फलस्तीन दौड़ से बाहर हो गया। एशिया ऑस्ट्रेलिया से जापान, ईरान, दक्षिण कोरिया, उजबेकिस्तान, जोर्डन और ऑस्ट्रेलिया क्वालिफाई कर चुके हैं। एशिया से तीसरे चौथे स्थान पर रही छह टीमों में से दो और क्वालिफाई करेंगी और यह दौर अक्तूबर में खेला जाएगा। ये टीमें ओमान, कतर, ईराक, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं।





विनिशियस जूनियर के गोल के दम पर ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल 2026 में जगह बनाई और कोच कार्लो एंसेलोट्टी के लिए ब्राजील में डेब्यू के साथ मिली जीत की खुशी दुगुनी हो गई। रियल मैड्रिड के स्टार विनिशियस ने मैच में एकमात्र गोल दागा। वहीं कोलंबिया से 1-1 से ड्रॉ खेलने वाली गत चैंपियन अर्जेंटीना ने भी अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल के महासमर में जगह पक्की की।

ब्राजील अंकतालिका में अर्जेंटीना से दस अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा। अभी दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग दौर के दो मैच बाकी हैं। दक्षिण अमेरिका से शीर्ष छह टीमों को 48 टीमों के विश्व कप में जगह मिलेगी। ब्राजील सातवें नंबर की टीम से छह से अधिक अंक से आगे है। उरुग्वे ने वेनेजुएला को 2-0 से मात दी और अब उसके 24 अंक हो गए हैं और क्वालिफिकेशन के बेहद करीब है वेनेजुएला के 18 और बोलिविया के 19 अंक है और सातवें स्थान के लिए दोनों में होड़ है, चूंकि उस टीम को अंतर महाद्वीपीय प्लेऑफ खेलने का मौका मिलेगा ।

लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना को ब्यूनस आयर्स में हुए मुकाबले में कोलंबिया ने ड्रॉ पर रोका। मेसी की टीम पहले ही क्वालिफाई कर चुकी है और वह डिफेंडिंग चैंपियन भी है। लुईस डियाज ने कोलंबिया के लिए 24वें मिनट में पहला गोल किया। जूलियन अल्वारेज ने 81वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। एंजो फर्नांडिस को 70वें मिनट में लाल कार्ड दिखाए जाने से स्टेडियम में जमा 80000 से अधिक दर्शकों को निराशा हुई।

# 38 साल के गेंदबाज ने झटके 5 विकेट

## सचिन तेंदुलकर को भी दे चुका है चकमा

मुंबई, 11 जून (एजेंसियां)। मुंबई के ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में 10 जून 2025 को खेले गए टी20 मुंबई लीग 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने ईगल थाने स्ट्राइकर्स को 8 विकेट से हराकर फाइनल में एंट्री कर ली. इस जीत के हीरो रहे 38 साल के अनुभवी तेज गेंदबाज रोहन राजे रहे. रोहन राजे ने कमाल की गेंदबाजी की ओर अकेले के दम पर ही ईगल थाने स्ट्राइकर्स की आधी टीम को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया.

**रोहन राजे का पांच विकेट हॉल**

मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ईगल थाने स्ट्राइकर्स की टीम को मराठा रॉयल्स के गेंदबाजों ने शुरू से ही दबाव में रखा. पिच पर उछाल और स्विंग का फायदा उठाते हुए रोहन राजे ने अपनी शानदार गेंदबाजी से स्ट्राइकर्स की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया. उन्होंने 4 ओवर में 40 रन देकर 5 विकेट झटके, जो इस सीजन का पहला पांच विकेट हॉल और टूर्नामेंट के इतिहास में चौथा है. राजे ने सायराज पाटिल (41 रन), विनय कुनवर और शशांक अटार्डे जैसे बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा.

उनके इस शानदार प्रदर्शन ने स्ट्राइकर्स को 20 ओवर में 8 विकेट पर 131 रनों पर रोक दिया. इसके बाद 132 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मराठा रॉयल्स की शुरुआत सतर्क रही. सायराज पाटिल की इनस्विंगर पर साहिल जाधव जल्दी आउट हो गए, जिससे



टीम को शुरुआती झटका लगा. लेकिन कप्तान सिद्धेश लाड ने अपनी अनुभवी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया. लाड ने 52 गेंदों में 74 रनों की नाबाद पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 1 छक्का शामिल था. उनकी इस शानदार पारी ने मराठा रॉयल्स को 17.5 ओवर में 2 विकेट पर 134 रन बनाकर 13 गेंद शेष रहते 8 विकेट से जीत दिलाई.

**सचिन तेंदुलकर को भी दे चुके हैं चकमा**

38 साल की उम्र में रोहन राजे का यह प्रदर्शन उनके अनुभव और जज्बे का सबूत है. इससे पहले भी राजे ने इस सीजन में अपनी उपयोगिता साबित की थी. उन्होंने टूर्नामेंट के पहले मैच में बारिश से प्रभावित 9 ओवर के खेल में 21 गेंदों में 48 रनों की तूफानी पारी खेली थी और आखिरी ओवर में 18 रनों का बचाव करते हुए 9 रन देकर 1 विकेट लिया था. राजे का यह कमबैक टी20 मुंबई लीग में चर्चा का विषय बना हुआ है. बता दें, रोहन राजे 2008-09 में आईपीएल में मुंबई की टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं. उनकी धीमी गेंदों ने नेट्स में सचिन तेंदुलकर का भी ध्यान खींचा था और वह क्रिकेट के इस दिग्गज को चकमा देने में कामयाब रहे थे. हालांकि, उन्हें मुंबई के लिए अभी तक ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिला है. 2008 में लिस्ट ए में डेब्यू करने वाले रोहन राजे ने मुंबई के लिए 1 फर्स्ट क्लास, 5 लिस्ट ए और 30 टी20 मैच ही खेले हैं.

# बोपन्ना 15 साल में पहली बार शीर्ष 50 से बाहर

## सुमित नागल एटीपी रैंकिंग में 233वें स्थान पर

नई दिल्ली, 11 जून (एजेंसियां)। एटीपी सर्किट पर पिछले कुछ अर्से से खराब प्रदर्शन के कारण भारत के सुमित नागल एकल रैंकिंग में 63 पायदान गिरकर 233वें स्थान पर खिसक गए जो पिछले दो साल में उनकी सबसे खराब रैंकिंग है। 45 वर्ष के रोहन बोपन्ना 15 साल में पहली बार शीर्ष 50 से बाहर हो गए।





पिछली बार 27 वर्ष के नागल जुलाई 2023 में शीर्ष 200 से बाहर हुए थे जब वह 231वीं पायदान पर थे। उसके बाद से वह जुलाई 2024 में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 68वीं रैंकिंग तक पहुंचे। इस सत्र की शुरूआत से वह खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। वह इस साल जनवरी में रैंकिंग में शीर्ष 100 में थे लेकिन पिछले पांच महीने में 142 स्थान नीचे आ गए।

भारत के ससिकुमार मुकुंद 430वें, करण सिंह 445वें , आर्यन शाह 483वें और देव जाविया 621वें स्थान पर हैं। युगल में युकी भांबरी छह पायदान चढकर 35वें स्थान पर हैं जबकि बोपन्ना 20 पायदान खिसककर 53वें स्थान पर आ गए हैं।पिछले साल जनवरी में वह युगल प्रारूप में नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे। एन श्रीराम बालाजी 72वें, रित्विक बोलिपल्ली 72वें और विजय सुंदर प्रशांत 100वें स्थान पर हैं।

# पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने दूसरे देश में खेलने के लिए भरा फॉर्म

## लिस्ट में कप्तान भी शामिल

इस्लामाबाद, 11 जून (एजेंसियां)। बिग बैश लीग (बीबीएल) और विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के आगामी 2025-26 सीजन के लिए पहली ड्राफ्ट लिस्ट जारी कर दी गई है, जिसमें इंटरनेशनल क्रिकेट के सितारों की भरमार देखने को मिल रही है. इस लिस्ट में चार पाकिस्तानी खिलाड़ियों का नाम शामिल होना खास चर्चा का विषय बन गया है, जो इस टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं. ड्राफ्ट की प्रक्रिया 19 जून 2025 को आयोजित की जाएगी, जिसमें ब्रिस्बेन हीट को पहला खिलाड़ी चुनेगी. बीबीएल के जनरल मैनेजर एलिस्टेयर डॉब्सन ने इस बात की पुष्टि की है कि इस साल के ड्राफ्ट के लिए कुल 600 से ज्यादा विदेशी खिलाड़ियों ने अपने नाम दिए थे. वहीं, पहली ड्राफ्ट लिस्ट में जिन पाकिस्तानी खिलाड़ियों का नाम शामिल है, वो शाहीन शाह अफरीदी, शदाब खान, हारिस रऊफ और मोहम्मद रिजवान हैं. इन खिलाड़ियों ने बीबीएल 15 के लिए अपनी उपलब्धता दर्ज कराई है. माना जा रहा है कि इन खिलाड़ियों को नवंबर से फरवरी तक कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेलना है, ऐसे में वह पूरे सीजन में उपलब्ध रहेंगे. इनके अलावा इंग्लैंड के सैम करन और एलेक्स हेल्स , न्यूजीलैंड के लॉकी फर्ग्यूसन और टिम साउथी , श्रीलंका के कुसल परेरा और वेस्टइंडीज के शमर जोसेफ भी दस खिलाड़ियों की पहली ड्राफ्ट लिस्ट में शामिल हैं. बता दें, ड्राफ्ट में चार राउंड होते हैं, जिसमें सभी टीमों को हर राउंड में एक पिक मिलती है. यानी वह हर बार किसी एक खिलाड़ी को चुन सकती हैं. विमेंस बिग बैश लीग ड्राफ्ट में भी दिग्गज खिलाड़ियों की लिस्ट में भारत की जेमिमाह रॉड्रिग्स और शिखा पांडे का नाम शामिल है, जो अपनी शानदार फॉर्म के चलते टीमों की नजर में हैं. इसके अलावा, वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डोटिन और पाकिस्तान की फातिमा सना भी इस लिस्ट में जगह बनाने में सफल रही हैं. इंग्लैंड की लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन, हीथर नाइट और डैनी वायट-हॉज, साथ ही साउथ अफ्रीका की शबनिम इस्माइल और च्लोए ट्रायन जैसे नाम भी इसका हिस्सा हैं.

# इंग्लैंड ने टी-20 सीरीज में विंडीज का किया क्लीन स्वीप

## आखिरी टी-20 में 37 रन से हराया; इंग्लैंड ने घर में टी-20 में बनाया रिकॉर्ड

ब्रिस्टल, 11 जून (एजेंसियां)। बेन डकेट के विस्फोटक 84 रन (46 गेंदों में) की बदौलत इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 37 रन से हराकर टी-20 सीरीज में 3-0 की क्लीन स्वीप की। इससे पहले इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज से वनडे सीरीज भी 3-0 से जीती थी।

डकेट ने अपनी पारी में 10 चौके और 2 छक्के जड़े, जिससे इंग्लैंड ने अपने घरेलू मैदान पर अपना संयुक्त-सर्वोच्च टी-20 स्कोर 248/3 का बनाया। साउथैम्प्टन में खेले गए आखिरी टी-20 मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 3 विकेट के नुकसान पर 248 रन बनाए। वहीं, 249 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज 8 विकेट के नुकसान पर 211 रन ही बना सकी। टॉस हार कर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत काफी बेहतर रही। ओपनर जेमी स्मिथ और बेन डकेट ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 53 गेंदों पर 120 रन की साझेदारी हुई। वहीं, पावर प्ले में इंग्लैंड ने बिना विकेट खोए, 83 रन बना लिए थे। इंग्लिश टीम ने 24 गेंद पर ही 50 रन बना लिए थे।

इंग्लैंड की ओर से बेन डकेट ने 46 गेंदों पर 84 रन बनाए। वह इंग्लैंड की ओर से टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने अपने 50 रन 20 गेंद पर ही बना लिए थे। वहीं, स्मिथ इंग्लैंड की ओर से दूसरे टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 26 गेंदों पर 68 रन बनाए। उन्होंने 23 गेंद पर 50 रन बनाए। बकेट और स्मिथ के अलावा हैरी ब्रूक और जैकब बेथेल के बीच भी 50 से ज्यादा रनों की साझेदारी हुई। दोनों के बीच 31 गेंदों पर नाबाद 70 रन की साझेदारी हुई। जैकब ने 16 गेंदों पर नाबाद 36 रन और हैरी ब्रूक ने नाबाद 35 रन बनाए।

## रायदुर्गम होटल में देर रात भीड़ के हमले में तीन घायल

हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार देर रात रायदुर्गम स्थित एक होटल में कुछ लोगों के समूह ने घुसकर एक समुदाय विशेष के तीन लोगों पर हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए। यह घटना रायदुर्गम रोड पर मलकम चेरुवु के पास स्थित चाय चस्का होटल में आधी रात के आसपास हुई। बताया जाता है कि बदमाश दो एसयूवी में सवार होकर होटल में घुसे और होटल के कर्मचारियों और पान की दुकान के कर्मचारियों पर रॉड और हाथों से हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए। इसके बाद उपद्रवियों ने नारेबाजी की और होटल के सामने खड़ी दो मोटरसाइकिलों को क्षतिग्रस्त कर दिया और पुलिस के मौके पर पहुंचने पर भाग गए।

इसके तुरंत बाद मौके पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया और उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर रायदुर्गम पुलिस स्टेशन पर भीड़ जमा हो गई। रायदुर्गम इंस्पेक्टर सीएच वेंकन्ना ने बताया कि पुलिस ने अशोक, संदीप, प्रवीण और अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास, दंगा और अन्य अपराधों का मामला दर्ज किया है। इंस्पेक्टर ने कहा, 'घटना में शामिल सभी संदिग्धों को पकड़ने के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं। हमने क्लोज सर्किट कैमरों की फुटेज एकत्र की है और इसमें शामिल सभी लोगों की पहचान की है।' एहतियात के तौर पर शेखपेट-रायदुर्गम रोड पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# इंदिराम्मा आवास लाभार्थियों के लिए मुफ्त रेत: पोंगुलेटी

### मंत्री ने लाभार्थियों को अनुमोदन दस्तावेज वितरित किए



हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व, आवास और सूचना और जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने घोषणा की कि इंदिराम्मा आवास योजना के लाभार्थियों को उनके घरों के निर्माण के लिए मुफ्त रेत प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुफ्त रेत कूपन वितरित करने की जिम्मेदारी जिला कलेक्टरों की होगी। मंत्री ने मंत्री सीतक्का के साथ बुधवार को मुलुगु जिले के इंचेरला गांव में इंदिराम्मा आवास योजना के लाभार्थियों को अनुमोदन दस्तावेज वितरित किए।इस अवसर पर बोलते हुए, पोंगुलेटी ने बताया कि मुलुगु निर्वाचन क्षेत्र के लिए 3,500 घरों को मंजूरी दी गई है, साथ ही आईटीडीए (एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी) की सीमा के तहत 1,500 अतिरिक्त घर भी स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने आगे घोषणा की कि मंत्री सीतक्का के अनुरोध पर, अन्य 1,000 इंदिराम्मा घरों को विशेष रूप से मंजूरी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि लाभार्थी अगले 10-15 दिनों के भीतर घर का निर्माण शुरू करते हैं, तो उन्हें हर सोमवार को धनराशि जारी की जाएगी। पोंगुलेटी ने यह भी कहा कि वन अधिकारियों को निर्देश दिया जाएगा कि वे वन क्षेत्रों के भीतर छोटे अस्थायी घरों में रहने वाले निवासियों को उसी स्थान पर इंदिराम्मा घर बनाने की अनुमति दें। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के निर्देश के आधार पर, चेंचू आदिवासी समुदाय के लिए विशेष रूप से 10,000 घर स्वीकृत किए गए हैं। पोंगुलेटी ने पिछली बीआरएस सरकार की भी आलोचना की, जो दो कार्यकाल तक सत्ता में रही, जिसने केवल 92,000 घरों को मंजूरी दी और उनमें से केवल 60,000 को पूरा किया, जिनमें से 30,000 से अधिक अधूरे रह गए, केवल दीवारें खड़ी थीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछली सरकार के दौरान ठेकेदारों को उनके काम के लिए भुगतान नहीं किया गया था। मंत्री ने आश्वासन दिया कि हर गांव में इंदिराम्मा घरों के लिए कम से कम 60 पात्र लाभार्थी हैं, और वर्तमान में, प्रति गांव केवल लगभग 25 घरों को मंजूरी दी जा सकती है। हालांकि, उन्होंने वादा किया कि भविष्य में सभी पात्र परिवारों को घर दिए जाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार ने अगले चार वर्षों में 22,500 करोड़ रुपये के बजट के साथ 20 लाख घर बनाने का लक्ष्य रखा है। पोंगुलेटी ने लोगों से कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की जा रही कल्याणकारी योजनाओं का पालन करने और आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में इसका समर्थन करने का आग्रह किया।

## केटीआर ने की कोनाथम दिलीप की गिरफ्तारी की निंदा

हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने पूर्व डिजिटल मीडिया निदेशक कोनाथम दिलीप की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए इसे अवैध बताया। उन्होंने कांग्रेस सरकार को बेशर्म बताते हुए याद दिलाया कि गिरफ्तारी उच्च न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि वे लड़ाकू हैं और कांग्रेस सरकार से कानूनी और लोकतांत्रिक तरीके से लड़ते रहेंगे। दिलीप को अमेरिका से लौटने पर गिरफ्तार किया गया था, जहां वे अपने दिवंगत पिता कोनाथम बक्का रेड्डी को समर्पित एक संस्मरण पुस्तक के विमोचन में शामिल होने गए थे। कथित तौर पर उन्हें हैदराबाद हवाई अड्डे पर पहुंचते ही हिरासत में ले लिया गया, जबकि उच्च न्यायालय ने उन्हें अमेरिका जाने की अनुमति दी थी। पिछले एक साल में दिलीप के खिलाफ करीब 15 मामले दर्ज किए गए हैं, जिन्हें उन्होंने अवैध और कांग्रेस सरकार की विफलताओं पर सवाल उठाने के लिए उत्पीड़न का एक रूप बताया है।

# उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने पर कोनाथम दिलीप फिर से गिरफ्तार

### दिलीप को थाने ले गई पुलिस



हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। एक विवादास्पद कदम के तहत तेलंगाना पुलिस ने राज्य के पूर्व डिजिटल मीडिया निदेशक कोनाथम दिलीप को अमेरिका से लौटते समय हैदराबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया। दिलीप 18 मई को अपने दिवंगत पिता कोनाथम बक्का रेड्डी को समर्पित एक संस्मरण पुस्तक के विमोचन में भाग लेने के लिए वर्जीनिया, अमेरिका गए थे। हैदराबाद पहुंचते ही उन्हें कथित तौर पर हिरासत में ले लिया गया। सूत्रों ने बताया कि तेलंगाना पुलिस ने उन्हें एफआईआर संख्या 353/2025 के सिलसिले में हिरासत में लिया है और आगे की कार्यवाही के लिए उन्हें निर्मल पुलिस स्टेशन ले जाया जा रहा है।

एक पुलिस अधिकारी ने तबादले की पुष्टि की, लेकिन आरोपों के बारे में कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी। यह गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है जब आरोप है कि रेवंत रेड्डी सरकार सोशल मीडिया पर राज्य प्रशासन की आलोचना करने के कारण दिलीप को निशाना बना रही है। पिछले एक साल में उनके खिलाफ कथित तौर पर लगभग 15 मामले दर्ज किए गए हैं, जिन्हें दिलीप ने बार-बार 'अवैध' बताया है और कांग्रेस सरकार की विफलताओं पर सवाल उठाने के लिए उत्पीड़न का एक रूप बताया है।

विवाद को और बढ़ाते हुए पिछले साल दिलीप के खिलाफ एक 'लुक आउट सर्कुलर' जारी किया गया था।

हालांकि, उन्होंने हाई कोर्ट में जाकर सर्कुलर को चुनौती दी, जिससे उन्हें अपने परिवार द्वारा आयोजित पुस्तक विमोचन समारोह में भाग लेने के लिए एक महीने के लिए अमेरिका जाने की अनुमति दी। उनके वकील ने गिरफ्तारी की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस की कार्रवाई उच्च न्यायालय के आदेशों का सीधा उल्लंघन है।

# कपास बीज किसानों को केटीआर ने दिया सहायता का आश्वासन

## सरकार से शिकायतों का केटीआर ने समाधान करने का किया आग्रह



हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव (केटीआर) ने बीज कपास किसानों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और कृषि विभाग के अधिकारियों से बीज कंपनी के प्रतिनिधियों और उत्पादकों के साथ बैठक कर उनकी शिकायतों का समाधान करने का आग्रह किया। उन्होंने सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को बीज कंपनियों के साथ उनके समझौतों के अनुसार बकाया भुगतान किया जाए। जोगुलम्बा गडवाल जिले के किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल, जिन्होंने इस साल कपास के बीजों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बीज कपास की खेती की थी, रामा राव से मिला और उनसे हस्तक्षेप करने की मांग की।

किसानों ने बीज कंपनियों और उनके द्वारा नियुक्त बिचौलियों द्वारा कथित शोषण पर गहरी पीड़ा व्यक्त की, जिन्हें आयोजक कहा जाता है, जिनके बारे में उनका दावा है कि वे बीज माफिया की तरह काम कर रहे हैं, जो निर्दोष किसानों को धोखा दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनियों पिछले साल की तुलना में उनकी उपज के लिए काफी कम दरें दे रही हैं। कई मामलों में, बीज कपास गुणवत्ता परीक्षण पास करने के बावजूद, कंपनियों ने मनमाने ढंग से उपज को अस्वीकार कर दिया, इसे 'बीज उपयोग के लिए अनुपयुक्त' करार दिया। उन्होंने बताया कि जब उसी बीज को 'ग्रो-आउट टेस्ट' के माध्यम से अन्य प्रयोगशालाओं में स्वतंत्र रूप से परीक्षण किया गया, तो सकारात्मक परिणाम मिले।

रामा राव ने प्रधान सचिव (कृषि) रघुनंदन राव और जोगुलम्बा गडवाल जिला कलेक्टर बीएम संतोष से फोन पर बात की और उनसे मामले की जांच करने और अन्याय को दूर करने के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया। किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मंत्री टी हरीश राव से भी मुलाकात की और उन्हें अपनी चिंताओं से अवगत कराया। हरीश राव ने उन्हें पार्टी की ओर से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

## विधायक सैमुअल ने वायरल वीडियो के लिए तीनमार मल्लन्ना को ठहराया जिम्मेदार

### सरकार से की कार्रवाई की मांग

हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। तुंगतुर्थी विधायक एम सैमुअल ने आरोप लगाया है कि एमएलसी तीनमार मल्लन्ना सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित करके उन्हें बदनाम करने की साजिश के पीछे हैं और उन्होंने राज्य सरकार से इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया है। यह वीडियो वायरल होने के बाद आया है, जिसमें विधायक शराब डीलरों से पैसे मांगते हुए सुनाई दे रहे हैं। मंगलवार को सैमुअल ने दावा किया कि वीडियो जानबूझकर उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने और उन्हें पैसे के लिए ब्लैकमेल करने के लिए रिकॉर्ड किया गया था। सैमुअल ने कहा, 'जिस व्यक्ति ने वीडियो शूट किया है, वह टीनमार मल्लन्ना के स्टूडियो में है। मैं सरकार से अपील करता हूं कि वह पूरे मामले में कानून के मुताबिक कार्रवाई करे।'

## याचारम के पास दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। रंगारेड्डी जिले के याचारम में मंगलवार आधी रात को एक निजी बस और कार के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम पांच अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, पीड़ितों की पहचान साईं तेजा, पवन और राघवेंद्र के रूप में हुई है। ये सभी महबूबनगर के रहने वाले हैं और हैदराबाद में रहने वाले अपने दोस्तों के साथ नागार्जुन सागर के विजाग कॉलोनी में पिकनिक मनाकर कार से लौट रहे थे। जब उनकी कार नागार्जुन सागर रोड पर याचारम मॉल के पास पहुंची, तो कथित तौर पर एक लापरवाही से चलायी जा रही निजी बस ने उसे टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर याचारम पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकाला तथा शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। मामले की जांच की जा रही है।

# कमिश्नर टास्क फोर्स ने हैदराबाद में वेश्यावृत्ति रैकेट का भंडाफोड़ किया



हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। विश्वसनीय सूचना के आधार पर, कमिश्नर टास्क फोर्स, वेस्ट टीम जोन के अधिकारियों ने बंजारा हिल्स पुलिस के साथ बंजारा हिल्स पुलिस स्टेशन की सीमा में एक वेश्यालय पर छापा मारा।

इस दौरान एक आयोजक, 2 हाउसकीपिंग स्टाफ, 3 ग्राहकों को पकड़ा और चार महिला कर्मचारियों को बचाया। गिरफ्तार आरोपियों में कुम्मेथा नरेंद्र रेड्डी निवासी बंजारा हिल्स (व्यवस्था करनेवाला), आनंद कुमार और राहुल कुमार निवासी साहू, मुजफ्फरपुर, रामनगर, बिहार (हाउसकीपिंग स्टाफ) शामिल है। पुलिस ने ग्राहकों वी अय्यन कोडीश्वरन निवासी वेलायुथम रोड शिवकाशी विरुधुनगर तमिलनाडु, उशकेलवार श्रीनिवास निवासी मदनूर मंडल मदनूर निज़ामाबाद तेलंगाना, आर नरेंद्र कुमार निवासी रेड्डी कॉलोनी चेम्पापेट को भी पकड़ लिया। पुलिस उपायुक्त, आयुक्त टास्क फोर्स, हैदराबाद, वाईवीएस सुधींद्र ने बताया कि कमिश्नर टास्क फोर्स, वेस्ट ज़ोन टीम के अधिकारियों ने बंजारा हिल्स पुलिस के साथ मिलकर वेश्यालय पर छापा मारा, जो बंजारा हिल्स पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है, और कुमेता नरेंद्र रेड्डी (वेश्यालय के आयोजक) नाम के एक व्यक्ति को पकड़ा। यह चार (04) महिला कर्मचारियों की भागीदारी के साथ वेश्यालय चला रहा था। आयोजक ग्राहकों और यौनकर्मियों दोनों से संपर्क करके उनकी यौन गतिविधियों को सुविधाजनक बनाता था और ग्राहकों से प्रति व्यक्ति लगभग <4,000 से <5,000 लेता था। वह यौनकर्मियों को उनकी सेवाओं के लिए एक निश्चित वेतन देता था।

इसके अलावा, पुलिस ने तीन (03) ग्राहकों को पकड़ा और परिसर से चार (04) महिला कर्मचारियों को बचाया। पुलिस टीम ने 26,500 रुपये नक, 7 सेल फोन बरामद किया है। यह छापेमारी वेस्ट जोन टास्क फोर्स इंस्पेक्टर, सीएच. यादंदर, एसआई, जी. नवीन और कमिश्नर टास्क फोर्स, वेस्ट टीम हैदराबाद के कर्मचारियों के साथ बंजारा हिल्स पुलिस के साथ की गई।

## रचकोंडा शी टीम्स ने 80 नाबालिगों सहित 240 लोगों को पकड़ा

हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। पिछले महीने रचकोंडा शी टीम्स ने कमिश्नरेट में विभिन्न स्थानों पर महिलाओं को परेशान करने के आरोप में 80 नाबालिगों सहित 240 व्यक्तियों को पकड़ा। इस अवधि के दौरान, 18 आपराधिक मामले और 122 छोटे-मोटे मामले दर्ज किए गए, जबकि 110 व्यक्तियों को परामर्श दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि 1 से 31 मई के बीच राचकोंडा में मेट्रो ट्रेनों, स्टेशनों, बस स्टॉप, कार्यस्थलों और कॉलेजों जैसे हॉटस्पॉट्स से सीधे, व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के माध्यम से कई स्रोतों से शिकायतें प्राप्त हुईं। गिरफ्तार किए गए लोगों को एलबी नगर स्थित पुलिस आयुक्त के कैंप कार्यालय में प्रशिक्षित परामर्शदाताओं और पेशेवर मनोवैज्ञानिकों द्वारा आयोजित अनिवार्य परामर्श सत्रों में भाग लेना पड़ा।

शी टीम्स के अधिकारियों के अनुसार, पकड़े गए 240 व्यक्तियों में से 80 नाबालिग थे, जिन्हें वरिष्ठ मनोवैज्ञानिकों से विशेष परामर्श मिला। इसके अतिरिक्त, मेट्रो ट्रेनों सहित विभिन्न स्थानों पर फर्जी अभियान के दौरान 10 व्यक्तियों को पकड़ा गया और उन पर जुर्माना लगाया गया। इस बीच, राचकोंडा पुलिस ने स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से बाल विवाह के नकारात्मक प्रभावों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए, जिसके परिणामस्वरूप दो ऐसे विवाहों को रोका गया। राचकोंडा पुलिस आयुक्त जी सुधीर बाबू ने शी टीम्स के प्रयासों की सराहना की और महिलाओं को संकट के समय राचकोंडा व्हाट्सएप नियंत्रण नंबर (8712662111) या 100 डायल करके मदद मांगने के लिए प्रोत्साहित किया।

## जनगांव विधायक पल्ला राजेश्वर रेड्डी बाथरूम में गिरने से घायल



सिद्दीपेट, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। वरिष्ठ बीआरएस नेता और जनगांव के विधायक पल्ला राजेश्वर रेड्डी सिद्दीपेट जिले के एर्रावल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के आवास के बाथरूम में गीले फर्श पर फिसलने से घायल हो गए। राजेश्वर रेड्डी सहित कई नेता और कार्यकर्ता बुधवार सुबह घर पहुंच गए थे, जबकि राव न्यायमूर्ति घोष आयोग के समक्ष पेश होने के लिए हैदराबाद रवाना होने की तैयारी कर रहे थे। रेड्डी शौच के लिए बाथरूम गए थे, तभी यह घटना घटी। उन्हें तुरंत एंबुलेंस से स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

## गुरु नानक विश्वविद्यालय ने की आईबीएम के साथ साझेदारी

हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। गुरु नानक यूनिवर्सिटी अपने कैंपस में छात्रों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग, डेटा साइंस और साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्रों में विशेष, पाठ्यक्रम-एकीकृत स्नातक कार्यक्रम पेश करने के लिए आईबीएम के साथ सहयोग कर रही है।

तकनीकी दिग्गज के साथ सहयोग के परिणामस्वरूप छात्रों को मांग में रहने वाले प्रौद्योगिकी कौशल हासिल करने में मदद मिलेगी, जिससे उन्हें एक मजबूत करियर बनाने में मदद मिलेगी।

आईबीएम इनोवेशन सेंटर फॉर एजुकेशन (आईसीई) कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, आईबीएम द्वारा तैयार एक नवोन्मेषी पाठ्यक्रम, जिसे लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के साथ एकीकृत किया जाएगा, प्रदान किया जाएगा। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि आईबीएम, जिसे बिग ब्लू के नाम से भी जाना जाता है, इन पाठ्यक्रमों में छात्रों को वेबिनार, सेमिनार और आईबीएम तथा उद्योग के विषय विशेषज्ञों को जोड़ने, आईबीएम पारिस्थितिकी तंत्र भागीदारों के साथ सशुल्क इंटर्नशिप और आईबीएम के मार्गदर्शन में व्यावहारिक परियोजनाओं के माध्यम से व्यवस्थित रूप से सक्षम बनाएगी।

छात्रों को अपने ज्ञान को वास्तविक समय में बढ़ाने के लिए ऑनलाइन पाठ्यक्रम सामग्री, सहयोगी शिक्षण उपकरण और चर्चा मंचों तक भी पहुंच प्राप्त होगी। कार्यक्रम के सफल समापन पर, छात्रों को आईबीएम से एक इलेक्ट्रॉनिक बैज भी प्राप्त होगा। गुरु नानक विश्वविद्यालय के चांसलर सरदार जीएस कोहली ने कहा, 'इस सहयोग के माध्यम से हमारा लक्ष्य छात्रों को सैद्धांतिक शिक्षा, व्यावहारिक अनुप्रयोग और उद्योग जुड़ाव का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करना है।'

# तिरुपति-निजामुद्दीन संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई





हैदराबाद, 11 जून (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश सरकार के परिवहन, युवा और खेल मंत्री, मंडीपल्ली रामप्रसाद रेड्डी ने बुधवार को रजामपेटा रेलवे स्टेशन से ट्रेन संख्या 12707 तिरुपति-एच. निजामुद्दीन ए.पी. संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई, जिसमें रजामपेटा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव का प्रावधान है। इस अवसर पर एमएलसी मायाना जकिया खानम भी मौजूद थीं। गुंटूर डिवीजन की डिवीजनल रेलवे मैनेजर सुदेशना सेन और अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर बोलते हुए, मंडीपल्ली रामप्रसाद रेड्डी ने कहा कि रजामपेटा रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव का प्रावधान क्षेत्र में रेल संपर्क को बढ़ाने की दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि यह रजामपेटा से राष्ट्रीय राजधानी तक सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करने वाली पहली ट्रेन है जो स्थानीय लोगों के लिए बेहद फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि ट्रेन दिन की यात्रा भी प्रदान करती है जो समाज के विभिन्न समूहों की जरूरतों को पूरा करेगी और तिरुपति, काचीगुडा, नागपुर, भोपाल, दिल्ली आदि जैसे महत्वपूर्ण शहरों की ओर सुविधाजनक यात्रा की सुविधा प्रदान करेगी। इससे पहले, गुंटूर डिवीजन की डिवीजनल रेलवे मैनेजर सुदेशना सेन ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि अन्नामय्या जिले में राजमपेटा रेलवे स्टेशन आंध्र प्रदेश का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। उन्होंने कहा कि ट्रेन नंबर 12707/12708 तिरुपति - एच. निजामुद्दीन - तिरुपति एपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के लिए स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव का प्रावधान क्षेत्र और उसके आसपास रेल संपर्क में सुधार करेगा।राजमपेटा रेलवे स्टेशन पर ठहराव: ट्रेन नंबर 12707 तिरुपति - एच. निजामुद्दीन एपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (सोमवार / बुधवार / शुक्रवार) ट्रेन नंबर 12708 हजरत निजामुद्दीन-तिरुपति एपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (रविवार/बुधवार/शुक्रवार) यात्रा 13 जून से शुरू हो रही है।

## श्रद्धालुओं को बिना किसी असुविधा के सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं: आयुक्त



हैदराबाद, 11 जून(स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त आर.वी. कर्णन ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे श्रद्धालुओं को बिना किसी असुविधा के पूरी सुविधाएं प्रदान करें। बोनालू और मुहर्रम त्योहारों के अवसर पर, उन्होंने बुधवार को दबीरपुरा और लाल दरवाजा क्षेत्रों का दौरा किया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर बोलते हुए आयुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं को बिना किसी असुविधा के पूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने जोनल अधिकारियों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने श्रद्धालुओं से स्वच्छता बनाए रखने तथा निर्धारित स्थानों पर ही कचरे का निपटान करने का भी आग्रह किया। आयुक्त के साथ क्षेत्रीय आयुक्त वेंकन्ना डीसीएमएचएचओ और अन्य ने भी भाग लिया।

भारतीय रिज़र्व बैंक
केंद्रीय स्थापना अनुभाग
हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद 500004

भारतीय रिज़र्व बैंक, हैदराबाद के औषधालयों द्वारा जारी क्रेडिट सिस्टम के आधार पर बैंक औषधालयों एवं सेवानिवृत्त/सेवारत कर्मचारियों/पात्र आश्रितों को आवास पर औषधियों की आपूर्ति

भारतीय रिज़र्व बैंक, हैदराबाद के औषधालयों द्वारा जारी क्रेडिट सिस्टम के आधार पर "केमिस्ट्स/केमिस्ट/केमिस्ट्स की दुकान" ... (www.rbi.org.in) ... 10 जुलाई, 2025, पूर्वाह्न 11:00 बजे ...

क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक, हैदराबाद

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.